Page 11

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

Page 09

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित



खेल

**दीप्ति शर्मा ने रचा इतिहास, महिला क्रिकेट की सबसे सफल गेंदबाज बनीं, मूनी को झूलन से...**

देश

**अयोध्या राम मंदिर चंदा विवाद, पिनाराई विजयन ने की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग...**




शुक्ल पक्ष, पूर्वाषाढ़ा, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • मंगलवार • 30 जून 2026 • वर्ष 28 • अंक 208 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी



| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,31,100 | ₹ 2,40,000 |

## आज का इतिहास

**1559 : महान सम्राट अकबर के बेटे और मुगल वंश के शासक जहांगीर का जन्म**

**1895 : लोकसभा के अध्यक्ष रहे भारतीय राजनीतिज्ञ सरदार हुकम सिंह का जन्म।**

## न्यूज बाइट्स

### एक जुलाई से कमर्शियल खरीदारों को रिटेल पंपों से फिर मिलेगा पेट्रोल-डीजल

**नई दिल्ली (ए.)।** केंद्र सरकार ने एक जुलाई 2026 से कमर्शियल, औद्योगिक और संस्थागत उपभोक्ताओं को रिटेल पेट्रोल पंपों से पेट्रोल और डीजल खरीदने की अनुमति देने का फैसला किया है। इसके साथ ही इस महीने की शुरुआत में लागू की गई सभी अस्थायी पाबंदियां समाप्त हो जाएंगी। सोमवार को जारी सरकारी आदेश के अनुसार, आपातकालीन स्थिति को देखते हुए लागू किए गए प्रतिबंध 1 जुलाई से प्रभावहीन हो जाएंगे। इसके बाद कमर्शियल खरीदार पहले की तरह खुदरा पेट्रोल पंपों से ईंधन खरीद सकेंगे। गौरतलब है कि 12 जून को पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने मध्य-पूर्व में जारी संघर्ष के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर पड़ रहे संभावित असर को देखते हुए एहतियाती कदम उठाया था। इसके तहत औद्योगिक, व्यावसायिक और संस्थागत उपभोक्ताओं को रिटेल पेट्रोल पंपों से ईंधन खरीदने पर अस्थायी रोक लगा दी गई थी। सरकार ने उस समय ऐसे उपभोक्ताओं को निर्देश दिया था कि वे अपनी आवश्यकता के अनुसार पेट्रोल और डीजल केवल अधिकृत बल्क सप्लायर्स से ही खरीदें, ताकि आम उपभोक्ताओं के लिए रिटेल आउटलेट्स पर ईंधन की उपलब्धता बनी रहे।

### मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना मेट्रो परियोजना के कार्यों में तेजी लाने का दिया निर्देश

# पटना मेट्रो के विस्तार को मिली हरी झंडी, दो जुलाई को होगा लोकार्पण

- दो जुलाई को खुलेगा पटना मेट्रो का नया सेक्शन, मलाहीपकड़ी तक चलेगी सेवा
- सड़कों पर वाहनों का दबाव और प्रदूषण कम होने की उम्मीद

**निज संवाददाता | पटना**



बिहार की राजधानी पटना में मेट्रो रेल परियोजना की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने घोषणा की है कि 2 जुलाई 2026 से मलाहीपकड़ी तक पटना मेट्रो सेवा का विस्तार शुरू किया जाएगा। सोमवार को मुख्यमंत्री ने पटना मेट्रो रेल परियोजना की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में यह घोषणा करते हुए अधिकारियों को सभी कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक में नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार तथा पटना मेट्रो रेल परियोजना से जुड़े अधिकारियों ने न्यू आईएसबीटी से आकाशवाणी तक प्रस्तावित कॉरिडोर-1 और न्यू आईएसबीटी से मीठापुर (जगनपुरा होते हुए) तक चल रहे निर्माण कार्यों की विस्तृत जानकारी मुख्यमंत्री को दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2 जुलाई को मलाहीपकड़ी तक मेट्रो परियोजना के विस्तारित हिस्से का लोकार्पण किया जाएगा, जिससे राजधानीवासियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी और यात्रा का समय भी कम होगा। उन्होंने कहा कि पटना मेट्रो राजधानी की परिवहन व्यवस्था को आधुनिक, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने वाली महत्वपूर्ण परियोजना है, इसलिए इसके निर्माण में किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि परियोजना के प्रत्येक चरण के लिए स्पष्ट कार्ययोजना और समयसीमा तय कर निर्माण कार्य तेजी से पूरा किया जाए। साथ ही विभिन्न स्थानों पर एक साथ कार्य कर परियोजना को समय पर पूरा करने पर विशेष जोर दिया। मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्य के दौरान आम नागरिकों को कम से कम असुविधा हो, इसके लिए प्रभावी एवं वैज्ञानिक ट्रैफिक प्रबंधन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने पूरे पटना शहर की यातायात व्यवस्था का व्यापक अध्ययन कर जाम की समस्या के स्थायी समाधान के लिए समग्र ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लान तैयार करने तथा सभी निर्माण स्थलों पर सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा।

### वाहनों का दबाव और प्रदूषण कम होने की उम्मीद

सम्राट चौधरी ने कहा कि पटना मेट्रो के पूर्ण संचालन से लोगों को तेज, सुरक्षित और विश्वस्तरीय सार्वजनिक परिवहन सुविधा मिलेगी। इससे सड़कों पर वाहनों का दबाव कम होगा, प्रदूषण में कमी आएगी और आवागमन अधिक सुगम होगा। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने पटना के प्रस्तावित सैटेलाइट टाउनशिप के मास्टर प्लान को भी निर्धारित समयसीमा के भीतर तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजधानी के सुनियोजित विस्तार और भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए सैटेलाइट टाउनशिप का विकास समयबद्ध और व्यवस्थित ढंग से किया जाना आवश्यक है।

### मुख्य सचिव ने छह दिवसीय पायलट प्रशिक्षण सत्र का किया उद्घाटन

# प्रशिक्षण से मजबूत होगी प्रशासनिक व्यवस्था, पूरे बिहार में तैयार होंगे मास्टर ट्रेनर्स : मुख्य सचिव

- 99% अनुशासनिक मामले तकनीकी खामियों से होते हैं प्रभावित : दीपक कुमार सिंह
- आईएसटीएम में छह दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**निज संवाददाता | पटना**



बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने कहा कि प्रशासनिक पदाधिकारियों के प्रशिक्षण के क्षेत्र में कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, नई दिल्ली के सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबंधन संस्थान (आईएसटीएम) की राष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान है। यहां प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मास्टर ट्रेनर्स भविष्य में पूरे बिहार में अनुशासनिक नियमों की सही जानकारी प्रसारित करें और अधिकारियों-कर्मचारियों को अखिल भारतीय सेवा (अनुशासन एवं अपील) नियमावली, 1969 तथा बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के प्रावधानों से भलीभांति अवगत कराएं। मुख्य सचिव सोमवार को बिहार मुख्य जांच आयुक्त निदेशालय की ओर से आईएसटीएम में आयोजित छह दिवसीय प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण (टीओटी) कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बिहार में दक्ष प्रशिक्षकों का समूह तैयार करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पायलट परियोजना है। यहां प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारी राज्य लौटने के बाद अपने अनुभव और ज्ञान का लाभ अन्य प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों तक पहुंचाएं, ताकि शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली और अधिक प्रभावी बन सके। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में महानिदेशक-सह-मुख्य जांच आयुक्त एवं अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने कहा कि मास्टर ट्रेनर्स तैयार करने के उद्देश्य से यह पहला पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया है। इसके सकारात्मक परिणामों को देखते हुए आने वाले समय में अन्य बैचों को भी इसी प्रकार का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि बिहार में अनुशासनिक कार्रवाई से जुड़े अधिकांश मामलों में प्रक्रियागत त्रुटियों के कारण सरकार को न्यायालय में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि लगभग 99 प्रतिशत मामलों में तकनीकी एवं प्रक्रियात्मक खामियों के कारण प्रकरण न्यायालय में निरस्त हो जाते हैं। इससे न केवल सरकार की छवि प्रभावित होती है, बल्कि राज्य को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है।

दीपक कुमार सिंह ने कहा कि इन कमियों को दूर करने के लिए राज्य के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ लिपिकीय संवर्ग के कर्मचारियों को भी बड़े स्तर पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक प्रशिक्षण के क्षेत्र में आईएसटीएम देश का अग्रणी संस्थान है, इसलिए मास्टर ट्रेनर्स के प्रशिक्षण के लिए इसी संस्थान का चयन किया गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस पहल से बिहार में अनुशासनिक मामलों के निष्पादन की गुणवत्ता में सुधार आएगा और न्यायालयों में प्रक्रियागत त्रुटियों के कारण मामलों के निरस्त होने की संख्या में कमी आएगी।

# मोदी कैबिनेट विस्तार की अटकलें तेज नीतीश की दिल्ली वापसी पर नजरें

**एजेंसी | नई दिल्ली**



जुलाई के पहले सप्ताह में संभावित केंद्रीय मंत्रिमंडल विस्तार और फेरबदल को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। हालांकि केंद्र सरकार की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन विभिन्न मीडिया रिपोर्टों और राजनीतिक सूत्रों के हवाले से कई बड़े नेताओं के नाम चर्चा में हैं। बिहार की राजनीति में सबसे अधिक चर्चा पूर्व मुख्यमंत्री एवं जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार को लेकर हो रही है। राजनीतिक हलकों में कयास लगाए जा रहे हैं कि उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कैबिनेट में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। हालांकि इस संबंध में अब तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार नीतीश कुमार के पास केंद्र में रेलवे, कृषि और भूतल परिवहन जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों को संभालने का लंबा प्रशासनिक अनुभव है। ऐसे में उनकी मौजूदगी केंद्र सरकार के नीतिगत निर्णयों को मजबूती दे सकती है। इसके अलावा जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष होने के कारण दिल्ली में उनकी सक्रिय भूमिका भाजपा और जदयू के बीच राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर समन्वय स्थापित करने में सहायक मानी जा रही है। विश्लेषकों का यह भी मानना है कि बिहार के मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद यदि उन्हें केंद्र में कोई महत्वपूर्ण मंत्रालय दिया जाता है तो इससे एनडीए के भीतर राजनीतिक संतुलन और सहयोगी दलों के सम्मान का संदेश जाएगा।

# दो स्कॉर्पियो की आमने-सामने टक्कर से तीन युवकों की हुई मौत, 10 घायल

**निज संवाददाता | बेगूसराय**



ऋषभ, मृतक

सन्नी, मृतक

हिमांशु, मृतक

जिले के सिंघौल थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-31 फोरलेन पर सोमवार तड़के दो स्कॉर्पियो की आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि दोनों वाहनों में सवार 10 अन्य लोग घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

मृतकों की पहचान ऋषभ कुमार (24), सन्नी कुमार (24) और हिमांशु कुमार (22) के रूप में हुई है। घायलों का विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है, जिनमें कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया जाता है कि रविवार रात हिमांशु के एक मित्र का जन्मदिन मनाने के बाद छह युवक स्कॉर्पियो से सिमरिया गंगा स्नान के लिए निकले थे। स्कॉर्पियो सन्नी चला रहा था, जो उत्पाद (एक्साइज) विभाग के थाने में निजी चालक के रूप में कार्यरत था। रात करीब एक बजे सिंघौल थाना क्षेत्र के अंग्रेजी ढाला के समीप उनकी गाड़ी की सामने से आ रही दूसरी स्कॉर्पियो से भीषण टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों वाहनों की रफ्तार 100 किलोमीटर प्रतिघंटा से अधिक थी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों स्कॉर्पियो के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया और पुलिस के साथ मिलकर घायलों को वाहनों से बाहर निकालकर अस्पताल भेजा।

# 10 हजार से अधिक मासिक आय वालों को नहीं मिलेगा मुफ्त राशन

- 57 लाख लोगों के नाम हटाने की तैयारी

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत अपात्र लाभार्थियों को राशन योजना से बाहर करने के लिए बड़े पैमाने पर सत्यापन अभियान चला रही है। इस अभियान के तहत ऐसे लोगों के नाम राशन कार्ड सूची से हटाए जा रहे हैं, जिनकी मासिक आय निर्धारित पात्रता सीमा से अधिक पाई गई है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, जिन लोगों की मासिक आय 10 हजार रुपये से अधिक है, उन्हें मुफ्त राशन योजना का लाभ नहीं मिलेगा। सरकार का लक्ष्य करीब 57 लाख लोगों के नाम राशन कार्ड सूची से हटाना है। अब तक लगभग 30 लाख लोगों के नाम हटाए जा चुके हैं, जबकि शेष मामलों का सत्यापन जारी है। इस अभियान में आय के अलावा मृत्यु, स्थायी पलायन, डुप्लीकेट प्रविष्टियां और अनिवार्य ई-केवाईसी नहीं कराने जैसे कारणों को भी आधार बनाया जा रहा है। मुफ्त राशन योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को प्रति व्यक्ति प्रतिमाह 5 किलोग्राम खाद्यान्न (चावल और गेहूं) उपलब्ध कराया जाता है। सरकार का कहना है कि इस अभियान का उद्देश्य केवल वास्तविक और पात्र परिवारों तक योजना का लाभ पहुंचाना है।

गौरतलब है कि विधानसभा चुनावों से पहले बड़ी संख्या में नए राशन कार्ड भी बनाए गए थे। वर्ष 2025 के विधानसभा चुनाव से पहले लगभग 8.5 लाख नए राशन कार्ड जारी किए गए थे, जबकि 2020 के विधानसभा चुनाव से पहले 23.39 लाख नए राशन कार्ड बनाए गए थे। अब सरकार इन सभी कार्डों का भी सत्यापन कर रही है ताकि अपात्र लोगों को सूची से हटाया जा सके।

# पीएम सम्राट चौधरी दिल्ली में नितिन गडकरी से मिले बिहार में कई हाईवे और एक्सप्रेसवे प्रोजेक्ट पर सहमति

**एजेंसी | नई दिल्ली**

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। इस दौरान बिहार के पथ निर्माण मंत्री शैलेंद्र भी मौजूद रहे। गडकरी के आवास पर सोमवार शाम हाईलेवल बैठक हुई। इस दौरान बिहार में रोड कनेक्टिविटी और नेशनल हाईवे के प्रोजेक्ट की उच्च स्तरीय समीक्षा की गई। बैठक में राज्य के अंदर विभिन्न हाईवे और एक्सप्रेसवे परियोजनाओं को लेकर सहमति बनाई घई। सम्राट सोमवार दोपहर को दिल्ली पहुंचे थे, रात में उनके वापस पटना लौटने का कार्यक्रम है। सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि दिल्ली में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के साथ बिहार की कनेक्टिविटी को नई गति देने पर विस्तार से चर्चा की गई। राज्य में विभिन्न नेशनल हाईवे एवं प्रस्तावित सड़क परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में पथ निर्माण मंत्री इंजीनियर शैलेंद्र और विभाग के आला अधिकारी भी मौजूद रहे।

मंत्री शैलेंद्र ने बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि बिहार में लगभग सभी हाईवे पर केंद्र के साथ सहमति बन गई है। उन्होंने कहा कि बैठक करीब आधा घंटा बैठक चली। इसमें गोरखपुर-सिलीगुड़ी एक्सप्रेसवे, रक्सौल हल्दिया, बक्सर भागलपुर समेत कई हाईवे पर सहमति बनाई गई। एनएचएआई की जो भी परियोजना भूमि अधिग्रहण और अतिक्रमण के चलते अटकी हुई थीं, उनका समाधान किया गया है।

### फोरलेन को सिक्सलेन में बदलने का प्रस्ताव



पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने कहा कि बिहार में जो भी हाईवे प्रोजेक्ट चल रहे हैं, उनमें तेजी लाने पर इस बैठक में विचार विमर्श किया गया। जहां-जहां जमीन अधिग्रहण और वन विभाग के क्लीयरेंस के चलते परियोजना अटकी हुई है, उन पर तेजी से काम किया जा रहा है। बिहार सरकार ने केंद्र से फोरलेन हाईवे को सिक्स लेन में तब्दील करने का भी प्रस्ताव दिया है।

# एक जुलाई से पूरे देश में लागू होगी विकसित भारत–जीरामजी योजना

**एजेंसी | नई दिल्ली**



केंद्र सरकार एक जुलाई 2026 से पूरे देश में 'विकसित भारत–जीरामजी (वीबी–जीरामजी)' योजना लागू करने जा रही है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को दो दिवसीय राष्ट्रीय ग्रामीण विकास सम्मेलन 'ग्रामोदय से राष्ट्रोदय' के समापन अवसर पर इसकी घोषणा की। उन्होंने बताया कि योजना के लिए 95,682 करोड़ रुपये की अंतरिम स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। सम्मेलन के दूसरे दिन सभी राज्यों के ग्रामीण विकास मंत्रियों के साथ विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए केंद्रीय मंत्री ने राज्यों से योजना से संबंधित सभी औपचारिकताएं समय पर पूरी करने की अपील की, ताकि इसका प्रभावी और सुचारु क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि नई योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, आधारभूत संरचना मजबूत होगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर 'लखपति दीदी डैशबोर्ड' का भी शुभारंभ किया गया। साथ ही स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के लिए एक विशेष डिजिटल मंच की शुरुआत की गई।

### मौसम विभाग की चेतावनी : 50 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चलेंगी हवाएं

# बिहार के कई जिलों में मूसलाधार बारिश और वज्रपात के आसार

**निज संवाददाता | पटना**



बिहार में मानसून अब पूरी तरह सक्रिय होने जा रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना ने 30 जून के लिए राज्य के कई जिलों में भारी से अत्यधिक भारी वर्षा, वज्रपात और तेज हवा का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने लोगों से सतर्क रहने तथा खराब मौसम के दौरान अनावश्यक रूप से घरों से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिम चंपारण और गोपालगंज जिलों में एक-दो स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा होने की संभावना है। वहीं दरभंगा, पूर्वी चंपारण, मधुबनी, शिवहर, सीतामढ़ी और वैशाली जिलों में एक-दो स्थानों पर भारी बारिश का पूर्वानुमान जारी किया गया है। इसके अलावा राज्य के उत्तर-पश्चिम, उत्तर-मध्य, दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण-मध्य भाग के कई जिलों में मेघ गर्जन, वज्रपात तथा 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। उत्तर-पूर्व और दक्षिण-पूर्व बिहार के कुछ इलाकों में भी 30 से 40 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चल सकती है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि तेज हवा और आकाशीय बिजली के दौरान किसान खेतों में काम करने से बचें। लोगों को पेड़ों के नीचे खड़े नहीं होने, खुले मैदानों से दूर रहने तथा सुरक्षित भवनों में शरण लेने की सलाह दी गई है। बिजली कड़कने के दौरान मोबाइल फोन का उपयोग खुले स्थान पर नहीं करने और मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनियों पर लगातार नजर रखने को कहा गया है।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, मानसूनी गतिविधियां अगले कुछ दिनों तक बनी रहेंगी, जिससे राज्य के विभिन्न हिस्सों में रुक-रुक कर बारिश, गरज-चमक और तेज हवाओं का दौर जारी रह सकता है।

BAYC Institute स्थापित 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

भारत का पहला कॉलेज

डॉक्टर बनें

एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Therapy, DY Yoga, DAYS Acupressure Yoga, DHMS Herbal Medicine — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th; DEMS Electrohomeopathy Medicine, DNYS Naturopathy Yoga — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE: MBBA Acupressure & Magnet, BTMS Traditional Medicine, BAYS Acupressure Yoga, BAcu. Acupuncture — अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2; BEMS Electrohomeopathy Medicine, MBAS Medicine in ALT Science — अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE: MD (Acu Yoga), MD (TM) — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट; MD (EH) — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE: MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष



डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in

Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

# ककोलत से गेरांडी तक 40 लाख की सड़क 3 माह में ही टूटी, ग्रामीणों में आक्रोश

## कार्यपालक अभियंता बोले- जेई द्वारा जांच जांच के बाद कार्रवाई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत गोविंदपुर प्रखंड के ककोलत से गेरांडी गांव तक बनी सड़क निर्माण के तीन माह बाद ही उखड़ने लगी है। 1.1 किमी लंबी इस सड़क पर 40 लाख रुपये खर्च हुए, लेकिन बारिश से पहले ही जगह-जगह गड्ढे और दरारें पड़ गईं। घटिया निर्माण से नाराज ग्रामीणों ने संवेदक पर गुणवत्ताहीन सामग्री इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है।

**एक माह में ही बिखरने लगी सड़क,ग्रामीणों में रोष :-** गेरांडी निवासी रामजतन सिंह, सुमन सिंह, राजू सिंह, बब्लू सिंह, शिवालक यादव, शिवदानी प्रसाद, सुरेश पंडित समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि एनएस ईएसएम जेभी कंपनी के प्रतिनिधि मनोज कुमार महारथी ने तीन माह पहले ही सड़क का निर्माण पूरा किया था। आरोप है कि निर्माण के दौरान भारी अनियमितता बरती गई। एक माह बाद से ही सड़क टूटकर बिखरने लगी। ग्रामीणों का कहना है कि घटिया मटेरियल के कारण सड़क की हालत बेहद खराब है। उन्हें डर है कि इस साल की बारिश में पूरी सड़क टूटकर बह जाएगी और आवागमन ठप हो जाएगा। गांव के लोगों को फिर से कीचड़ और जलजमाव की समस्या झेलनी पड़ेगी।



टूटी पड़ी नवनिर्मित सड़क

**योजना बोर्ड पर 43.7 लाख का बजट :-** सड़क पर लगे योजना बोर्ड के मुताबिक ककोलत से गेरांडी तक 1.1 किमी सड़क निर्माण के लिए 40 लाख रुपये आवंटित किए गए थे। साथ ही संचालन व प्रबंधन मद में 3.7 लाख रुपये अलग से दिए गए। कार्यकारी एजेंसी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, रजौली अंकित है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मामले की उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषी संवेदक और लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही सड़क का दोबारा गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने की गुहार लगाई है।

**जेई से जांच कराएंगेः कार्यपालक अभियंता :-** इस संबंध में ग्रामीण कार्य विभाग, रजौली के कार्यपालक अभियंता अरविंद कुमार ने कहा, "मामला संज्ञान में आया है। कनीय अभियंता से स्थल जांच कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद संवेदक पर नियमानुसार अग्रतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं होगा।"

# टेंपो और बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौके पर मौत



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**वारिसलीगंज (नवादा)।** वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के नवाजगढ़ गांव के समीप भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा टेंपो और बाइक की आमने-सामने की जोरदार टक्कर के कारण हुआ। दुर्घटना के बाद टेंपो चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही 112 पुलिस टीम एवं एंबुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, वारिसलीगंज लाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मृतकों की पहचान समाचार लिखे जाने तक नहीं हो सकी है। स्थानीय लोगों द्वारा पहचान के लिए दोनों युवकों की तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की जा रही है, ताकि उनके परिजनों तक सूचना पहुंच सके।

वारिसलीगंज थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस ने शवों को अपने कब्जे में लेकर पहचान और आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। टेंपो चालक की तलाश भी की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### जी राम जी योजना को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों को दिया गया प्रशिक्षण

**नारदीगंज (नवादा)।** देश के ग्रामीण विकास और रोजगार क्षेत्र में 1 जुलाई 2026 से एक ऐतिहासिक बदलाव होने जा रहा है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'मनरेगा' का स्थान अब नया जी राम जी' (रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण) कानून लेगा। सोमवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित उजला भवन में पीओ राजीव कुमार की अध्यक्षता में पंचायत प्रतिनिधियों व कर्मियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पीओ ने बताया कि इस नई व्यवस्था के तहत ग्रामीण अकुशल श्रमिकों को अब साल में 100 दिनों के बजाय 125 दिनों के गारंटीशुदा रोजगार का अधिकार मिलेगा। कृषि कार्यों को बढ़ावा देने के लिए फसल बुआई व कटाई के सीजन में राज्य सरकारें योजना पर अधिकतम 60 दिनों की रोक लगा सकेंगी, जिससे किसानों को समय पर मजदूर मिल सकें। श्रमिकों के पुराने जॉब कार्ड मान्य रहेंगे, जिन्हें बाद में स्मार्ट कार्ड में बदला जाएगा। योजना में जल संरक्षण और पर्यावरण सुधार जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। मौके पर मुखिया शशिभूषण कुमार उर्फ वेणु यादव,रोजगार सेवक रामाशीष पासवान, पीटीए अविनाश कुमार,अजय कुमार समेत अन्य रहे।

### मारपीट मामले में प्राथमिकी दर्ज

**पकरीबरावां।** मोहर्रम के जुलूस के दौरान हुए मारपीट की प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। थाना क्षेत्र के पकरी गांव निवासी मो. जमील अंसारी ने चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पकरीबरावां में करंट लगने से युवक की मौत

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां थाना क्षेत्र के छोटी तालाब मोहल्ला निवासी मो. कलीम उद्दीन उर्फ मो. कल्लू का पुत्र मो. अफरोज का सोमवार को करंट लगने से मौत हो गई। बताया गया कि मृतक घर में बिजली का बोर्ड में स्वीच लगा रहा था। इस दौरान करंट लगने से उसकी मौत हो गई। परिवार वाले उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शशिभूषण कुमार ने बताया कि युवक सीएचसी मृत आया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि थोड़ी देर के बाद दर्जनों की संख्या में लोग पुनः उसे लाए और कहे कि उसकी सांसें चल रही है। डॉक्टर ने कहा कि वह मृत है। इस बीच परिवार वालों ने हल्का हंगामा किया। सूचना मिलने के बाद पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचीं और लोगों को समझा- बुझाकर शांत कराया। युवक की मौत के बाद परिवार वालों का रो- रोकर बुरा हाल है।

### ग्रामीणों की सतर्कता से चोरी की वारदात विफल, एक चोर पकड़ाया

**पकरीबरावां।** धमौल थाना क्षेत्र के धमौल बाजार में रविवार-सोमवार की मध्य रात्रि चोरी की कोशिश कर रहे एक युवक को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। जबकि उसके तीन साथी भागने में सफल रहे। जानकारी के अनुसार, चार की संख्या में आए चोर बबलू चौधरी के घर की छत के रास्ते अंदर घुस गए। घर से बर्तन और नकदी चोरी करने के बाद वे दुकान का ताला तोड़ने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान आवाज सुनकर गृहस्वामी की नींद खुल गई। उन्होंने शोर मचाया तो चारों चोर भागने लगे। भागने के दौरान धमौल निवासी मो. अलाउद्दीन का पुत्र मो. असगर मलिक उर्फ दारा गिरकर घायल हो गया। ग्रामीणों ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही धमौल थाना पुलिस पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर थाना ले गई। पुलिस के अनुसार, फरार अन्य तीन आरोपियों की पहचान धमौल बाजार निवासी दिलशान अंसारी (पिता-इनाम अंसारी), रियाज खान (पिता- नेहाल खान) तथा अब्दुल्ला मलिक (पिता- गुड्डू मलिक) के रूप में हुई है। धमौल थानाध्यक्ष हिमांशु कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। फरार तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। वहीं, घटना के बाद क्षेत्र के लोगों ने पुलिस से रात्रि गश्ती और सख्त करने की मांग की है।

### महानंदा चेक पोस्ट पर जांच के क्रम में किया गया गिरफ्तार : मासूम कुमारी



**कटिहार।** जिले के रोशना थाना अंतर्गत महानंदा चेक पोस्ट पर तलाशी के क्रम में एक व्यक्ति के पास 17.10 ग्राम स्मैक पाया गया है। यह व्यक्ति पश्चिम बंगाल से कटिहार जिला की ओर प्रवेश कर रहा था। रोशना थाना अध्यक्ष मासूम कुमारी में बताया कि महानंदा चेक पोस्ट के पास चेकिंग चल रहा था। इसी क्रम में अमित कुमार भगत,पिता सुनील कुमार भगत का चेकिंग किया गया तो उनके पास 17. 10 ग्राम स्मैक मिलते ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। उनके पास से मिले 17. 10 ग्राम स्मेक को जप्त कर कानूनी कार्रवाई की गई है।इस मामले में प्राथमिक की दर्ज किया गया। प्राथमिकी अभियुक्त अमित कुमार भगत को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। रोशना थाना अध्यक्ष मासूम कुमारी ने बताया कि महानंदा चेक पोस्ट पर नियमित रूप से पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल के द्वारा नियमित रूप से सघन रूप से जांच किया जाता है। जांच के क्रम में किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री मिलते ही उस व्यक्ति के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज करते हुए कानूनी कार्रवाई शक्ति से किया जाता है। रोशना थाना अध्यक्ष मासूम कुमारी ने बताया कि इसके पूर्व 600 लीटर विदेशी शराब जांच के क्रम में जप्त किया गया था। बिहार-बंगाल बॉर्डर पर महानंदा चेक पोस्ट पर नियमित रूप से शक्ति से सभी वाहनों की जांच की जाती है। साथ ही रोशना थाना क्षेत्र की विधि व्यवस्था को चुस्त बनाने बनाए रखने के लिए नियमित रूप से पुलिस गस्त होती रहती है। रोशना थाना अध्यक्ष मासूम कुमारी के द्वारा थाना क्षेत्र में चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखती है। अपराधियों के विरुद्ध नकेल कसने के लिए शक्ति से पेश आती है। जिसके कारण इस क्षेत्र के अपराधियों में इनके कार्य कौशल का खौफ बना रहता है। रोशना थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं निवासी निवासी थाना अध्यक्ष मासूम कुमारी की कार्यों की प्रशंसा करते हैं। यहां के लोगों का कहना है कि जब से मासूम कुमारी थाना अध्यक्ष बनकर रोशना आयी है, तब से आम लोग अमन चैन के साथ रहते हैं।

### पुलिस ने जुराबगंज में छापेमारी कर छिनतई की राशि 5,00,000 रुपये किया बरामद



**कटिहार।** बिहार एसटीएफ एवं कटिहार जिला पुलिस ने जुराबगंज में एक संयुक्त ऑपरेशन चलाकर छापेमारी में पुलिस ने छिनतई की राशि 5,00,000 रुपये बरामद कर लिया है। बिहार एसटीएफ एवं कटिहार जिला पुलिस ने एक संयुक्त ऑपरेशन चलाकर इस कांड के वांछित अभियुक्त राम कुमार यादव निवासी- जुराबगंज, थाना-कोढ़ा, जिला-कटिहार के घर पर छापेमारी किया गया। इस सफल छापेमारी में पुलिस ने छिनतई की गई पूरी राशि 5,00,000 रुपये बरामद कर लिया है।मुख्य अभियुक्त राम कुमार यादव घर से फरार है, लेकिन पुलिस की टीमें उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही हैं। मालूम हो कि 25 जून 2026 को सहरसा जिले के पतरघट थाना क्षेत्र ग्राम कपसिया में ग्लैमर बाइक सवार दो अपराधियों ने एक बड़ी घटना को अंजाम दिया था। हरेन्द्र यादव निवासी पस्तपार जब मधेपुरा ऐक्सिस बैंक से 5 लाख रुपये निकालकर घर लौट रहे थे।तब अपराधियों ने पैसों से भरा बैग और कागजात छीन लिए थे। इस संदर्भ में पतरघट (सहरसा) थाना कांड संख्या 123/26 दर्ज किया गया था।

# यदुवंशी जागृति एकता मंच के कार्यकर्ताओं ने मनाया स्थापना दिवस

## संगठन की एकता और सामाजिक कार्य पर दिया जोर



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पकरीबरावां।** प्रखंड कार्यालय के समीप कृष्णा प्रसाद यादव भवन में सोमवार को यदुवंशी जागृति एकता मंच के कार्यकर्ताओं ने स्थापना दिवस मनाया। इसकी अध्यक्षता दिनेश यादव संजय यादव प्रमोद यादव ने संयुक्त रूप से किया। कार्यकर्ताओं ने केक काटकर स्थापना दिवस मनाया। वहीं संगठन की एकता तथा सामाजिक स्तर पर किए जाने वाले कार्य की भी चर्चा की गई है। बताया गया कि सभी कार्यकर्ताओं के सहयोग से संगठन एक वर्ष भली-भांति पूरा किया है। जिसमें लोगों का सहयोग सराहनीय है। समय-समय पर संगठन सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों को भी करते रहा है। जिसका सहयोग लोगों को मिला है।इस दौरान एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त किया गया इस अवसर पर डॉक्टर विश्वनाथ यादव, प्रकाश यादव, डॉक्टर संजय यादव, प्रमोद यादव, कौशल प्रसाद यादव, काजू यादव, जितेंद्र यादव,चंदन यादव, राजीव यादव, जय राम यादव भुट्टु यादव रामस्वरूप यादव दामोदर यादव रामबली यादव अनिल कुमार राय सहित कई अन्य मौजूद थे।

# रजौली में अवैध परिवहन पर बड़ा एक्शन, गिट्टी लदे ओवरलोडेड तीन ट्रक व दो हाइवा पर 51.61 लाख रुपए का जुर्माना

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ सरकार के सख्त रुख के बीच रजौली में खनन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। जिला खनन पदाधिकारी अमन प्रत्यय के निर्देश पर खनन विभाग ने रजौली थाना क्षेत्र के चितरकोली चेकपोस्ट के पास विशेष सघन जांच अभियान चलाया, जिसमें गिट्टी लदे तीन ओवरलोडेड ट्रक एवं दो हाइवा को जब्त किया गया है।

खनन निरीक्षक संतोष कुमार झा के नेतृत्व में बीते रविवार की शाम 4 बजे से लेकर 11 बजे रात्रि तक टीम हर आने-जाने वाले संदिग्ध वाहनों की कड़ाई से जांच कर रही थी। इसी दौरान 7:10 बजे गिट्टी से लदा हाइवा संख्या बीआर01जीएन7914, 7:40 बजे हाइवा संख्या बीआर27जीए9321, 8:15 बजे ट्रक संख्या जेएच12ई9188, 8:30 बजे ट्रक संख्या जेएच12डी4730 एवं 21:45 बजे ट्रक संख्या जेएच12एफ2931 आता दिखाई दिया, जिसे टीम ने तुरंत घेराबंदी कर रोक लिया। मौके पर ही वाहन के कागजात और क्षमता की जांच की गई तो पाया गया कि ट्रक तय मानकों से कहीं अधिक मात्रा में गिट्टी लादकर परिवहन कर रहा था।

**जांच चौकी पर लगाया गया**




जब्त ट्रक के साथ खनन निरीक्षक एवं सुरक्षा बल

नजदीकी धर्मकांटा पर सभी वाहनों का वजन करने के बाद ओवरलोडिंग की पुष्टि होते ही टीम वाहनों को जब्त किया है।

खनन निरीक्षक संतोष कुमार झा ने बताया कि नियमों के घोर उल्लंघन और ओवरलोडिंग के तहत जब्त तीन ट्रकों और दो हाइवा पर कुल 51.607 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। सभी वाहनों को जब्त कर जांच चौकी पर लगाया गया है एवं स्थानीय थाना को इसकी सूचना दी गई है। खनन अधिकारियों ने दोहराया कि रजौली और आस-पास के सीमावर्ती क्षेत्रों में ओवरलोडिंग, अवैध खनन तथा बिना चालान के होने वाले अवैध परिवहन को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विभाग ने कहा कि राजस्व की चोरी रोकने और सड़कों को नुकसान से बचाने के लिए भविष्य में भी इस प्रकार का औचक चेकिंग अभियान पूरी कड़ाई के साथ लगातार जारी रहेगा, ताकि अवैध परिवहन करने वाले माफियाओं पर पूरी तरह लगाम लगाई जा सके।

# कृषि भवन में किसानों को सब्सिडी पर मिल रहा धान समेत खरीफ फसलों का बीज

## जैविक खेती के लिए किसानों को चौपाल लगाकर किया जा रहा जागरूक

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** रजौली प्रखंड के किसानों के लिए राहत भरी खबर है। खरीफ मौसम को देखते हुए प्रखंड कृषि भवन में धान के बीज उपलब्ध करा दिए गए हैं। किसानों को सरकार की योजना के तहत अनुदान (सब्सिडी) का लाभ भी दिया जा रहा है, ताकि वे कम लागत में बेहतर गुणवत्ता वाले बीज प्राप्त कर अधिक उत्पादन कर सकें। प्रखंड कृषि पदाधिकारी रौशन कुमार ने बताया कि रजौली प्रखंड कृषि भवन में धान के अलावा मरुआ, ज्वार, मक्का और अरहर के बीज भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। विभाग द्वारा किसानों को समय पर बीज उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है, जिससे बुआई कार्य में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि बीते 21 जून से खरीफ महाभियान के शुरू होने के बाद से अब तक सैकड़ों किसानों के बीच विभिन्न फसलों के प्रमाणित बीज का वितरण किया जा चुका है। शंकर धान के बीज पर सरकार द्वारा निर्धारित अनुदान का लाभ भी किसानों को दिया जा रहा है।



किसानों के बीच बीज का वितरण करते कर्मी

उन्होंने किसानों से अपील की कि वे कृषि भवन पहुंचकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ बीज प्राप्त करें और सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। प्रमाणित बीज के उपयोग से फसल की गुणवत्ता और उत्पादन में वृद्धि होती है, जिससे किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिलती है। साथ ही बताया कि प्रखंड क्षेत्रों के विभिन्न पंचायतों में किसान चौपाल लगाकर धरती बचाओ अभियान जोर-शोर से चलाया जा रहा है,ताकि लोग रासायनिक उर्वरकों की जगह जैविक खाद के उपयोग को लेकर जागरूक किया जा रहा है। कृषि विभाग का कहना है कि खरीफ फसलों की अच्छी पैदावार सुनिश्चित करने के लिए समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। इसके साथ ही किसानों को उन्नत खेती की तकनीकों और वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों की भी जानकारी दी जा रही है, ताकि वे कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकें।रजौली प्रखंड के किसानों ने भी सरकार की इस पहल का स्वागत किया है। उनका कहना है कि सब्सिडी पर गुणवत्तापूर्ण बीज मिलने से खेती की लागत कम होगी और बेहतर उत्पादन प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। विभाग द्वारा किसानों को पहले आओ,पहले पाओ के तहत बीज का वितरण किया जा रहा है।

# गौदान के साथ आचार्य श्याम दास जी महाराज समेत अतिथियों को दी गई भावभीनी विदाई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कौआकोल।** प्रखंड क्षेत्र के सोखोदेवरा गांव में आयोजित श्री श्री 108 श्री सूर्य नारायण महायज्ञ के समापन अवसर पर रविवार की देर रात्रि श्रद्धा,भक्ति और उत्साह के माहौल में वृंदावन (चित्रकूट धाम) से पधारे आचार्य श्याम दास जी महाराज सहित आगत सभी अतिथियों को यज्ञ समिति के सदस्यों एवं ग्रामीणों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह से पूर्व स्थानीय समाजसेवी पारस सिंह ने सनातन परंपरा के अनुसार श्रद्धा भाव से गौदान किया। वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक विधि-विधान के बीच संपन्न हुए इस पुनीत कार्य में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। गौदान के बाद यज्ञ समिति के सदस्यों ने आचार्य श्याम दास जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस महायज्ञ को सफल बनाने में समिति के सदस्य नवीन यादव,अमित कुमार,विनीत कुमार,सत्यनारायण यादव,अभिमन्यु कुमार,मनोज मेहता,श्रीकांत पांडेय,शैलेन्द्र,तुलसी,बिरेन्द्र,रामचंद्र सहित अन्य सभी ग्रामीणों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजन के दौरान पूरे गांव एवं आसपास के क्षेत्रों में भक्तिमय वातावरण बना रहा तथा श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। गौरतलब है कि महायज्ञ के दौरान आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में आचार्य श्याम दास जी महाराज ने अपने ज्ञानवर्धक प्रवचनों से श्रद्धालुओं को धर्म,भक्ति और संस्कार का संदेश दिया। वहीं श्रीकृष्ण रासलीला कलाकार मंडली द्वारा प्रस्तुत मनमोहक रासलीला की सर्वत्र सराहना हो रही है। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर ग्रामीणों में खुशी का माहौल देखा गया।



# रजौली में VB-G RAM G अधिनियम 2025 के क्रियान्वयन को लेकर मुखिया-पंचायत समिति सदस्यों का एकदिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**♦ अधिनियम लागू होने से ग्राम पंचायतों में पारदर्शिता, जवाबदेही और विकास कार्यों की गुणवत्ता बढ़ेगी**

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के निर्देश के आलोक में सोमवार को रजौली प्रखंड सभागार में VB-G RAM G अधिनियम, 2025 विषय पर एकदिवसीय प्रशिक्षण-सह-उन्मुखीकरण/जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में प्रखंड क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य और मनरेगा से जुड़े कर्मी शामिल हुए। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख सरोज देवी,प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विजय परमार,उपप्रमुख विनोद राजवंशी एवं जेई कमलेश कुमार मौजूद रहे।

**राज्य से लेकर प्रखंड तक प्रशिक्षण की श्रृंखला :-** अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पहले राज्य स्तर पर बिपार्ड,पटना में मास्टर ट्रेनरों का दो दिवसीय कार्यक्रम हुआ। इसके बाद जिला स्तर पर पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। उसी कड़ी में अब प्रखंड स्तर पर मुखिया, पंचायत समिति सदस्य और मनरेगा कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

**दो पालियों में सम्पन्न हुआ प्रशिक्षण :-** कार्यक्रम पदाधिकारी विजय परमार ने बताया कि विभागीय निर्देश के अनुसार प्रखंड सभागार में एक ही दिन दो पालियों में प्रशिक्षण दिया गया,जिसमें पहली पाली में मनरेगा कर्मी और दूसरी पाली में पंचायती राज सदस्यों (मुखिया व पंचायत समिति) शामिल रहे। प्रतिभागियों को अधिनियम के उद्देश्य, प्रावधान और पंचायतों की भूमिका की विस्तृत जानकारी दी। बताया गया कि इस अधिनियम से ग्राम पंचायतों में पारदर्शिता, जवाबदेही और विकास कार्यों की गुणवत्ता बढ़ेगी। योजना चयन, क्रियान्वयन और निगरानी में पंचायती राज सदस्यों (मुखिया व पंचायत समिति) की भागीदारी अहम होगी। प्रखंड प्रमुख सरोज देवी ने कहा कि "नए अधिनियम की जानकारी हर मुखिया और जनप्रतिनिधि को होना जरूरी है, ताकि गांव के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे।" उपप्रमुख विनोद राजवंशी ने भी अधिनियम को ग्रामीण विकास की दिशा में बड़ा कदम बताया। प्रशिक्षण के अंत में सभी प्रतिभागियों ने 01 जुलाई से अधिनियम को जमीनी स्तर पर लागू करने और लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सभी पंचायतों के मुखिया के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, पंचायत सचिव और रोजगार सेवक उपस्थित रहे।



प्रखंड सभागार में प्रशिक्षण के दौरान प्रमुख,पीओ व मुखिया पंचायत-समिति

## संक्षिप्त समाचार

### रेहान ने 4 हिंदू लड़कियों के वीडियो बनाकर वायरल किए, इंटर की छात्रा ने लगाया रेप का आरोप

**गयाजी**। गयाजी में एक मुस्लिम युवक का 4 लड़कियों के साथ अश्लील वीडियो सामने आया है। आरोपी का नाम रेहान अंसारी है। आरोप है कि उसने कई हिंदू लड़कियों के साथ अश्लील वीडियो बनाए और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। अब इस कड़ी में इंटर की एक नाबालिग छात्रा ने रेहान पर रेप का आरोप लगाया है। मामले में नाबालिग के भाई ने सोमवार को आरोपी के खिलाफ बांके बाजार थाने में पॉक्सो और SC/ST एक्ट के तहत FIR दर्ज कराई है। वहीं, पुलिस के हाथ कुछ वीडियो लगे हैं। इसमें से एक वीडियो में आरोपी नाबालिग लड़की के साथ दिख रहा है। पुलिस के मुताबिक, वीडियो किसी पहाड़ पर बनाए गए हैं। FSL की टीम भी जांच में जुटी हैं। फिलहाल आरोपी रेहान अंसारी फरार है। पुलिस के मुताबिक, आशंका है कि वह गिरफ्तारी के डर से दिल्ली-मुंबई भाग गया है। पुलिस की विशेष टीमें उसके संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही हैं। बताया जा रहा है कि नाबालिग पीड़िता इंटर की छात्रा है। वो किराए के मकान में रहकर पढ़ाई करती थी। उसके माता-पिता दिल्ली में काम करते हैं, जबकि उसका भाई गांव में रहता है। पीड़िता शुरुआत में मामला दर्ज कराने से कतरा रही थी। जब दुष्कर्म का वीडियो वायरल होने की जानकारी उसके भाई को मिली, तो उसने बहन को काफी समझाया। इसके बाद पीड़िता केस दर्ज कराने के लिए तैयार हुई। पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो केवल एक लड़की का नहीं, बल्कि कई लड़कियों से जुड़े वीडियो सामने आए हैं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।



**मोमोज और मोबाइल की दुकान चलाता है आरोपी:** बांकेबाजार थानाध्यक्ष पवन कुमार के मुताबिक, आरोपी रेहान मोमोज और मोबाइल की दुकान चलाता है। साथ ही वह खाली समय में सोशल मीडिया के लिए रील भी बनाता था। उसके सोशल मीडिया पर अलग-अलग लड़कियों के साथ कई वीडियो हैं, जिनमें वह अश्लील हरकतें करता दिखाई दे रहा है। पवन कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने की सूचना मिलते ही पुलिस जांच में जुट गई थी। अब पीड़िता के भाई के लिखित आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वायरल वीडियो को भी सबूत के तौर पर पेनड्राइव में रख लिया गया है।

वीडियो वायरल होने और आरोपी के दूसरे समुदाय से होने की चर्चा के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। बड़ी संख्या में लोग थाने पहुंचकर आरोपी की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए इलाके में पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि पूरे घटनाक्रम पर लगातार नजर रखी जा रही है। शेरघाटी DSP-1 संदीप कुमार ने बताया कि पीड़िता नाबालिग है। आरोपी के अलग-अलग लड़कियों के साथ कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं, जिनमें से कुछ वीडियो पुलिस के हाथ लगे हैं। पुलिस नाबालिग से जुड़े मामले की गहन जांच कर रही है। वहीं, FSL की टीम भी घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने की तैयारी में जुटी है।

### गयाजी कॉलेज के गर्ल्स हॉस्टल में मेस सर्विस चालू, छात्राओं के धरने के बाद झुका प्रशासन

**गयाजी**। गयाजी कॉलेज के गर्ल्स हॉस्टल में पिछले कई दिनों से मेस बंद होने के कारण छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। हॉस्टल में रहने वाली लड़कियां या तो भूखे रहने को मजबूर थीं या फिर उन्हें बाहर से महंगा खाना खरीदकर खाना पड़ रहा था। इससे पढ़ाई के साथ-साथ उन पर आर्थिक बोझ भी बढ़ रहा था। इस पूरे मामले में कॉलेज प्रशासन की बड़ी लापरवाही सामने आई है। गयाजी कॉलेज के गर्ल्स हॉस्टल में पिछले कई दिनों से मेस बंद होने के कारण छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। रविवार को छात्राएं हॉस्टल के गेट पर धरने पर बैठ गईं। काफी समझाने के बाद मामला शांत हुआ। आरोप है कि बिना किसी नोटिस के मेस बंद कर दिया गया, जिससे उन्हें बहुत परेशानी हुई। इस मामले में कॉलेज प्रशासन की बड़ी लापरवाही सामने आई है। छात्राओं का कहना था कि मेस में खाना के नाम पर 1800 रुपए लिए जाते हैं, लेकिन अब 600 रुपए की वृद्धि की बात कही जा रही है। किसी भी परिस्थिति में छात्राएं इसे स्वीकार नहीं करेंगी। इसके अलावा हॉस्टल की साफ सफाई के मसले को लेकर काफी उग्र थे। आरोप था कि हॉस्टल में नियमित साफ सफाई नहीं होती है। न वॉशरूम न ही पानी की व्यवस्था दुरुस्त है। आंदोलन की भनक मिलते ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की महिला पदाधिकारी और कार्यकर्ता तुरंत गर्ल्स हॉस्टल पहुंच गईं। वहां उन्होंने पीड़ित छात्राओं से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। इसके बाद परिषद कार्यकर्ताओं ने हॉस्टल की वार्डन से मिलकर मेस को तुरंत चालू करने की मांग की। विद्यार्थी परिषद के कड़े रुख और दबाव के आगे प्रशासन को झुकना पड़ा। बंद पड़ी मेस को दोबारा शुरू कराया गया, जिससे छात्राओं ने राहत की सांस ली। धरने को लीड कर रही ट्विंकल रश्मि ने बताया कि मेस की सुविधा शुरू की गई है। मेस में कामकाज देर शाम शुरू किया गया है। इसके अलावा साफ-सफाई के मसले पर भी ठोस कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। पंखा और बिजली की व्यवस्था दुरुस्त कराने का भरोसा दिया गया है। वहीं, प्रांत छात्रा प्रमुख प्रिया सिंह ने कहा कि यह बेहद शर्मनाक है कि एक सरकारी कॉलेज के गर्ल्स हॉस्टल में छात्राओं को खाने जैसी बुनियादी सुविधा के लिए भी परेशान होना पड़ रहा है। अगर एबीवीपी समय पर दखल नहीं देती, तो न जाने लड़कियों को और कितने दिनों तक भूखा रहना पड़ता। विभाग छात्रा प्रमुख कौशिकी कुमारी ने कॉलेज प्रशासन पर संवेदनहीनता का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि छात्राओं की शिकायतों पर कार्रवाई करने के बजाय प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा रहा। आगे से ऐसी लापरवाही दोबारा हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। धरना समाप्ति के मौके पर मुख्य रूप से जिला संयोजक विनायक कुमार, नीरज कुमार, पूजा कुमारी, अन्नू कुमारी और नंदनी कुमारी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### नालंदा और नवादा में खेल आयोजनों की सफलता पर चर्चा, क्रीड़ा भारती का लक्ष्य

**नालंदा**। खेल और खिलाड़ियों के उत्थान के लिए समर्पित संस्था 'क्रीड़ा भारती' की ओर से राजगीर स्थित सर्किट हाउस में एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में संस्थान के वरीय पदाधिकारियों से लेकर जिला अध्यक्ष, खेल प्रेमी, प्रशिक्षक और बड़ी संख्या में खिलाड़ी शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य पिछले दिनों आयोजित खेल प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन करना और भविष्य की कार्ययोजना तैयार करना था। क्रीड़ा भारती के वरीय पदाधिकारी ललन कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम मुख्य रूप से पिछले दिनों आयोजित विभिन्न खेल गतिविधियों की समीक्षा के लिए रखा गया था। हाल ही में नालंदा और नवादा जिले में साइकिलिंग, कबड्डी और योग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। इन सभी कार्यक्रमों में खिलाड़ियों और आमजन की भागीदारी उत्साहजनक रही और बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इन आयोजनों की सफलता और उनसे मिले अनुभवों के आधार पर आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जा रही है ताकि खेल प्रतिभाओं को बेहतर मंच मिल सके। इस महत्वपूर्ण बैठक में क्रीड़ा भारती के जिलाध्यक्ष मनीष कुमार और विभाग संयोजक कार्य आनंद शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में खेल के प्रति जुनून और अनुशासन को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई। इस अवसर पर 'सी फिजिकल ट्रेनिंग सेंटर' से जुड़े एक्स आर्मी जवान संजीव और रिंटू के साथ ही डॉ. विपिन एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने खेल के माध्यम से युवाओं को अनुशासित और स्वस्थ बनाने की दिशा में अपने विचार रखे। बैठक के दौरान उपस्थित खिलाड़ियों ने अपने अनुभव साझा किए और आगामी प्रतियोगिताओं के लिए सुझाव दिए। क्रीड़ा भारती का लक्ष्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में छिपी हुई खेल प्रतिभाओं को खोजकर उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना है। बैठक के समापन पर आयोजकों ने सभी खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों का उत्साहवर्धन किया और भविष्य में जिले में और भी बड़े स्तर पर खेल आयोजनों के माध्यम से स्वास्थ्य और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

# गयाजी में सैटेलाइट टाउनशिप और लैंड पुलिंग नीति का विरोध

## किसानों ने समाहरणालय तक निकाला मार्च, पुश्तैनी जमीन बचाने की मांग; आंदोलन की चेतावनी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी**। गयाजी में अखिल भारतीय किसान महासभा के बैनर तले किसानों ने सैटेलाइट टाउनशिप परियोजना और लैंड पुलिंग नीति के विरोध में प्रतिवाद मार्च निकाला। गांधी मैदान के गेट नंबर-3 से शुरू होकर यह मार्च शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए समाहरणालय पहुंचा। जहां किसानों ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा। मार्च में बड़ी संख्या में किसान, खेत मजदूर, महिलाएं और युवा कार्यकर्ता शामिल थे। हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि सरकार की ये नीतियां उनकी जमीन और आजीविका के लिए गंभीर खतरा हैं।




**'लैंड पुलिंग नीति किसानों के हित में नहीं'**: किसानों ने कहा कि विकास के नाम पर उनकी उपजाऊ कृषि भूमि को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे वे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उनकी सहमति के बिना भूमि संबंधी कोई भी योजना लागू करना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। किसान नेताओं ने प्रतिवाद मार्च के दौरान कहा कि लैंड पुलिंग नीति छोटे और सीमांत किसानों के हित में नहीं है। उनका मानना था कि इस नीति से किसानों के सामने अपनी पुश्तैनी जमीन बचाने का संकट खड़ा हो सकता है। संगठन ने सरकार से इस नीति को तत्काल वापस लेने और सैटेलाइट टाउनशिप परियोजना पर पुनर्विचार करने की मांग की।

**उग्र आंदोलन की चेतावनी:** अखिल भारतीय किसान महासभा जिला सचिव बालेश्वर प्रसाद यादव ने कहा कि यह आंदोलन किसानों के अस्तित्व, आजीविका और अधिकारों की रक्षा के लिए आयोजित किया गया है। अगर उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। किसानों ने अपने अधिकारों और जमीन की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। किसान एकजुट हैं और अपनी मांगों को लेकर पीछे हटने वाले नहीं हैं।

**सुरक्षा के कड़े इंतजाम:** प्रतिवाद मार्च को लेकर शहर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। पूरे कार्यक्रम के दौरान पुलिस और प्रशासन के अधिकारी स्थिति पर नजर बनाए रहे। शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए इस मार्च ने जिले में सैटेलाइट टाउनशिप परियोजना और लैंड पुलिंग नीति को लेकर किसानों की नाराजगी को एक बार फिर मुखर कर दिया।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एएनएम प्रशिक्षुओं की इंटर्नशिप शुरू, मरीजों की सेवा के साथ सीख रहीं स्वास्थ्य प्रबंधन



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**वज़ीरगंज**। प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में एसकेएम नर्सिंग स्कूल, बैरिया की एएनएम प्रशिक्षुओं का छह माह का इंटर्नशिप कार्यक्रम 13 जून से शुरू हो गया है। इंटर्नशिप के दौरान प्रशिक्षु छात्राएं अनुभवी चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ के मार्गदर्शन में मरीजों की सेवा करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। प्रशिक्षण के दौरान छात्राएं अस्पताल में आने वाले मरीजों की देखभाल, टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच, प्रसव पूर्व एवं प्रसवोत्तर देखभाल तथा नवजात शिशुओं की देखरेख जैसी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का प्रशिक्षण ले रही हैं। इससे उन्हें स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था की कार्यप्रणाली को नजदीक से समझने और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिल रहा है। इंटर्नशिप में साक्षी, आकांक्षी, निकिता, शिम्पी, चांदनी, सोनफी, ममता, नूरी, रानी, जूही माला, पूजा, निशा सहित अन्य प्रशिक्षु छात्राएं भाग ले रही हैं। सभी छात्राएं पूरे उत्साह और समर्पण के साथ अस्पताल की विभिन्न गतिविधियों में अपनी सहभागिता निभा रही हैं। स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार का व्यावहारिक प्रशिक्षण एएनएम छात्राओं के कौशल विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

◆ एसकेएम नर्सिंग स्कूल की छात्राएं छह माह तक लेंगी व्यावहारिक प्रशिक्षण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष फोकस

# आज़ादी के दशकों बाद भी प्यासा गोविंदपुर महादलित टोला

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**वज़ीरगंज**। प्रखंड की घुरियावां ग्राम पंचायत स्थित गोविंदपुर महादलित टोला में पेयजल संकट गहराने से ग्रामीणों का जनजीवन प्रभावित हो गया है। सरकार की महत्वाकांक्षी हर घर नल-जल योजना यहां पूरी तरह ठप पड़ी है, जिसके कारण करीब 100 महादलित परिवारों को भीषण गर्मी में बूंद-बूंद पानी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार टोला में मुसहर समुदाय के लगभग 100 गरीब परिवार निवास करते हैं। नल-जल योजना बंद रहने से महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को दूर-दराज के जलस्रोतों से पानी लाना पड़ता है। भीषण गर्मी के बीच रोजाना कई घंटे पानी जुटाने में बीत जाते हैं, जिससे लोगों के दैनिक कार्य और रोजगार भी प्रभावित हो रहे हैं।ग्रामीणों का आरोप है कि इस समस्या को लेकर कई बार मुखिया, वार्ड सदस्य तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को शिकायत दी गई, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। उनका कहना है कि पीएचईडी की लापरवाही के कारण नल-जल योजना लंबे समय से बंद पड़ी है और इसकी मरम्मत या संचालन की दिशा में कोई प्रभावी पहल नहीं की गई।



◆ नल-जल योजना बनी शोपीस
◆ भीषण गर्मी में बूंद-बूंद पानी के लिए भटक रहे 100 परिवार

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से अविलंब नल-जल योजना को चालू कराने, पेयजल की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर सिंह ने बताया कि प्रभावित टोला में फिलहाल वैकल्पिक पेयजल व्यवस्था कराई गई है। साथ ही, खराब पड़े नल-जल योजना के मोटर की तत्काल मरम्मत कराने के लिए पीएचईडी विभाग को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

# चोरी के 68 मोबाइल रिकवर, 20 लाख से ज्यादा स्मार्ट्स फोन की कीमत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी**। गयाजी में पुलिस ने अलग-अलग क्षेत्रों से 68 स्मार्ट फोन बरामद किया है। जिन्हें मालिकों को सौंप दिया गया है। एसएसपी सुशील कुमार ने बताया कि रिकवर 68 स्मार्टफोन की कुल अनुमानित कीमत लगभग 20 लाख 50 हजार रुपए है। एसएसपी ने कहा कि यह कोई पहला मौका नहीं है जब गयाजी पुलिस ने ऐसी कार्रवाई की है। इससे पहले भी पुलिस विभाग की ओर से बड़ी संख्या में मोबाइल फोन बरामद कर जनता को लौटाया जा चुका है। पुलिस लगातार इस अभियान पर काम कर रही है और जो भी मोबाइल फोन खो जाते हैं या चोरी हो जाते हैं, उन्हें तकनीकी सर्विलांस की मदद से रिकवर कर असली मालिकों को सौंपने का सिलसिला जारी है। ऑपरेशन मुस्कान तहत कार्रवाई हो रही है।



एसएसपी सुशील कुमार ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी व्यक्ति का मोबाइल फोन गुम हो जाता है या चोरी हो जाता है तो वे घबराएं नहीं। सबसे पहले अपने नजदीकी थाने में जाकर इस संबंध में एक सनहा जरूर दर्ज करवाएं। सनहा दर्ज कराना इस पूरी प्रक्रिया का सबसे पहला और महत्वपूर्ण कदम है। CEIR पोर्टल का उपयोग करने की सलाह मोबाइल धारकों को भारत सरकार के सीईआईआर पोर्टल का उपयोग करना चाहिए। एसएसपी ने प्रक्रिया समझाते हुए बताया कि मूल मोबाइल धारक को इस पोर्टल पर जाकर खुद को रजिस्टर करना होगा। रजिस्ट्रेशन के दौरान उन्हें अपने मोबाइल से जुड़ी तमाम जानकारियां जैसे... मोबाइल का आईएमईआई नंबर, मोबाइल का मॉडल नंबर, कंपनी का नाम और थाने में दर्ज कराए गए सनहा की एक कॉपी अपलोड करनी होगी।

**अपराधियों को पकड़ने में मिलेगी मदद:** एसएसपी ने इसके फायदे बताते हुए कहा कि सीईआईआर पोर्टल पर डेटा अपलोड होने के बाद, यदि कोई भी अन्य व्यक्ति उस गुम या चोरी हुए मोबाइल का उपयोग करने की कोशिश करेगा तो असली मालिक को तुरंत ऑटोमैटिक नोटिफिकेशन मिल जाएगा। इसके साथ ही स्थानीय पुलिस को भी इसकी सूचना तुरंत मिल जाएगी। चूंकि हर स्थानीय थाने के पास अब CEIR का एक्सेस मौजूद है। इसलिए पुलिस के लिए मोबाइल को लोकेट करना और उसे रिकवर करना बेहद आसान हो जाएगा।

इस तकनीक की मदद से मोबाइल चोरी की घटनाओं में संलिप्त अपराधियों को पकड़ने और उन पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने में पुलिस को मदद मिलेगी।

# सब्जी कारोबारी से लूटे 1.25 लाख रुपए, बाइक सवार को रोककर वारदात को दिया अंजाम

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालन्दा**। नालंदा के दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत तकियापर स्थित मंदिर के समीप सुनसान इलाके में अपराधियों ने लूटपाट की एक बड़ी घटना को अंजाम दिया है। बाइक सवार सब्जी व्यवसायी को रोककर बदमाशों ने न केवल उनके साथ बेरहमी से मारपीट की, बल्कि उनसे करीब सवा लाख रुपये, मोबाइल और सोने की चेन लूट ली। घायल व्यवसायी की पहचान लहेरी थाना क्षेत्र के कमरुद्दीन गंज निवासी रामप्रीत प्रसाद के पुत्र संजय कुमार के रूप में हुई है।



पीड़ित संजय कुमार बिहार शरीफ बाजार समिति में सब्जी की आड़त चलाते हैं। घटना के संबंध में उन्होंने बताया कि वे तगादा कर वापस लौट रहे थे। तभी तकियापर के पास चार की संख्या में मौजूद बदमाशों ने उन्हें रुकने का इशारा किया। उन्होंने जैसे ही गाड़ी की गति धीमी की, बदमाशों ने बांस से उनके हेलमेट पर जोरदार प्रहार किया, जिससे उनका हेलमेट टूट गया और वे बाइक से नीचे गिर गए। सड़क पर गिरने के बाद भी अपराधियों ने उनके सिर पर वार किया, जिससे वे अचेत हो गए। बेहोशी की हालत में बदमाशों ने उनके पास रखे तगादा के लगभग सवा लाख रुपए, मोबाइल और गले से चेन लूट ली। काफी देर बाद होश में आने पर उन्होंने किसी अन्य व्यक्ति के फोन से मदद मांगी और सूचना मिलने पर उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया।

**घायल ने पुरानी रंजिश में वारदात की आशंका जताई:** संजय कुमार ने इस घटना के पीछे एक गंभीर साजिश की ओर इशारा किया है। उन्होंने बताया कि उन्होंने कुछ समय पहले शराब मामले में गलत तरीके से फंसाई गई एक महिला की मदद की थी, जो उनके आड़त से सब्जी खरीदती है। व्यवसायी का संदेह है कि जिस शराब कारोबारी ने महिला को फंसाया था, उसी के इशारे पर बदमाशों ने यह पूरी घटना रची है। घटना की सूचना मिलते ही दीपनगर थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। थाना अध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि फिलहाल व्यवसायी का फर्द बयान दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। आरोपियों की शिनाख्त के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है और स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने कहा कि जल्द ही सभी अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

# पप्पू यादव बोले- नालंदा को अपराधियों के हवाले कर दिया



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालन्दा**। नालंदा के जहांगीरपुर गांव में चिंटू यादव हत्या मामले को लेकर पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने प्रतिक्रिया दी है। घटना के 8 दिन बाद भी हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। सांसद ने इसे सरकार की विफलता और प्रशासनिक मिलीभगत का प्रमाण बताया। पप्पू यादव ने कहा कि नालंदा में अब हत्या, बलात्कार और सामाजिक संघर्ष रोजमर्रा की बात हो गई है। नालंदा को मानो प्रशासन ने पूरी तरह अपराधियों के हवाले कर दिया है। पप्पू यादव ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि बिहार में जिस तरह से जातीय उन्माद को हवा दी जा रही है, वह प्रदेश को गृहयुद्ध की स्थिति में धकेल सकता है।

अपराधियों की कोई जाति नहीं होती, लेकिन वर्तमान में जिस तरह से कमजोर तबके, ईबीसी और यादवों को टारगेट किया जा रहा है, वह कानून के राज पर बड़ा प्रश्नचिह्न है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार जाति देखकर कानून का पालन करेगी, तो यह लोकतंत्र के लिए घातक होगा।

**दरिंदगी के मुद्दों को दबाने के लिए सत्ता-विपक्ष आपस में खेल खेल रहे हैं:** पप्पू यादव ने सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को ही 'कॉम्प्रोमाइज्ड' करार दिया है। उनका कहना है कि आज के दौर में रिशु सिन्हा श्रीवास्तव घोटाला, नीट पेपर लीक जैसे बड़े भ्रष्टाचार और बच्चियों के साथ हो रही दरिंदगी के मुद्दों को दबाने के लिए सत्ता और विपक्ष आपस में खेल खेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि आवास के मुद्दे और व्यक्तिगत टिप्पणियों को तूल देकर आम आदमी के असली दर्द भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और असुरक्षा को दरकिनार किया जा रहा है। पप्पू यादव ने मांग की कि चिंटू यादव हत्याकांड में 302 का मुकदमा दर्ज कर स्पीडी ट्रायल के जरिए हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए और पीड़ित परिवार को मुआवजा मिले।

सरकार को चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह में दोषियों की गिरफ्तारी नहीं हुई, तो न्याय की लड़ाई को और तेज होगी।

**21 जून को चिंटू के साथ मारपीट हुई थी:** दरअसल, 21 जून को चिंटू यादव के साथ मारपीट की गई थी। 22 जून को गंभीर रूप से घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान 23 जून की सुबह 9 बजे चिंटू ने दम तोड़ दिया था।

# गयाजी पहुंचे सद्गुरु,महाबोधि मंदिर में पूजा-अर्चना

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी**। आषाढ़ पूर्णिमा के अवसर पर ईशा फाउंडेशन के संस्थापक एवं प्रख्यात आध्यात्मिक गुरु सद्गुरु जग्गी वासुदेव जी महाबोधि मंदिर पहुंचे। उन्होंने भगवान बुद्ध के चरणों में पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धा व्यक्त की। पवित्र बोधिवृक्ष के नीचे बौद्ध भिक्षुओं, लामाओं, भिक्षुणियों और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों के साथ आध्यात्मिक संवाद में भाग लिया।

महाबोधि मंदिर पहुंचने पर सद्गुरु का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। मंदिर के मुख्य भिक्षु वें. भिक्षु चालिंदा, भंते डॉ. मनोज, बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति (बीटीएमसी) की सचिव डॉ. महाश्वेता महारथी और समिति के सदस्य डॉ. अरविंद सिंह ने उनका अभिनंदन किया। इसके बाद सद्गुरु को मुख्य गर्भगृह ले जाया गया, जहां उन्होंने भगवान बुद्ध के चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने दीप और अगरबत्ती प्रज्वलित कर अपनी आस्था प्रकट की।

**सद्गुरु के कार्यों की सराहना:** दर्शन-पूजन के बाद सद्गुरु पवित्र बोधिवृक्ष के नीचे आयोजित विशेष संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। बीटीएमसी सदस्य किरण लामा ने स्वागत संबोधन में कहा कि भगवान बुद्ध की ज्ञानस्थली पर सद्गुरु का आगमन बौद्ध समुदाय के लिए महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर भारत सहित विभिन्न देशों से आए बौद्ध भिक्षु, लामा, भिक्षुणियां और जापानी बौद्ध प्रतिनिधि उपस्थित थे। संवाद के दौरान शांति, करुणा, सह-अस्तित्व, ध्यान, पर्यावरण संरक्षण और मानव कल्याण जैसे विषयों पर गहन चर्चा हुई। सद्गुरु ने आंतरिक जागरूकता, आत्मपरिवर्तन और प्रकृति के साथ संतुलित जीवन की आवश्यकता पर बल दिया। बौद्ध भिक्षु समुदाय ने विश्वभर में पर्यावरण संरक्षण, मानवीय मूल्यों और आध्यात्मिक चेतना के प्रसार में सद्गुरु के कार्यों की सराहना की

**जिलाधिकारी ने किया सम्मानित:** महाबोधि मंदिर की आगंतुक पुस्तिका में सद्गुरु ने अपने हस्ताक्षर के साथ लिखा, 'बुद्ध प्रकाश हैं। प्रकाश पूजा के लिए नहीं, बल्कि उसे अपने भीतर आत्मसात करने के लिए है। भगवान बुद्ध का यह प्रकाश आपके जीवन को आलोकित करे। प्रेम एवं शुभकामनाएं।' कार्यक्रम के समापन पर गयाजी के जिलाधिकारी सह बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शशांक शुभंकर ने महाबोधि मंदिर की प्रतिकृति और समिति का महत्वपूर्ण प्रकाशन भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान सभी अतिथियों ने बोधगया को विश्व शांति, आध्यात्मिक चेतना और मानवता का केंद्र बताते हुए भगवान बुद्ध के करुणा और अहिंसा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया।

## संक्षिप्त समाचार

### युवक को पुलिस ने संदेह स्थिति में पकड़ा

**कोचस (रोहतास)।** परसथुआ पुलिस ने बाजार चौक से रविवार रात्रि मे एक युवक को संदेहात्मक स्थिति में गिरफ्तार किया है, इसकी जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष रामचंद्र चौपाल ने बताया कि पुलिस रात्रि गश्त पर थी तभी एक युवक को संदिग्ध अवस्था में देखा गया जहां पूछताछ के दौरान युवक के द्वारा असंतोष जनक बात बताने पर उसे हिरासत में ले पुलिस पूछताछ कर गिरफ्तार युवक गौतम कुमार उम्र 23 वर्ष पिता जितेन्द्र राम ग्राम डरवा थाना मोहनिया जिला कैमूर को शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से विधिवत गिरफ्तार कर बंधपत्र भरने हेतु अनुमंडल दंडाधिकारी सासाराम के यहां भेजा गया है।

### अज्ञात वाहन के टक्कर से बाइक सवार युवक हुआ घायल, रेफर

**कोचस (रोहतास)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर हरनाथपुर बस स्टैंड के निकट अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक मे टक्कर मार दी जिसमे एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि घटना को अनजाम दे चालक वाहन ले भागने मे सफल रहा। घायल की पहचान बक्सर जिले के इटाढ़ी थाना क्षेत्र के फतेहपुरवा गांव निवासी संजय कुमार के रूप में हुई है। घटना के बारे मे बताया जाता है कि युवक बाइक से अपने रिश्तेदारी कोचस थाना क्षेत्र के एक गांव मे आया था, किसी निजी कार्य से बाइक लेकर जा रहा था, तभी राष्ट्रीय राजमार्ग के हरनाथपुर स्टैंड के समीप अज्ञात वाहन ने पीछे से जोरदार ठोकर मार दी जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गया, स्थानीय लोगों की पहल से घायल अवस्था में युवक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सकों ने घंटो हुई देरी बाद युवक का उपचार कर स्थिति चिंताजनक बताते हुए बेहतर उपचार के लिए बनारस ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है।

### मां की शिकायत पर पुलिस का एक्शन, लापता पुत्र एवं पुत्रियों को किया सकुशल बरामद

**अकोढी गोला(रोहतास)।** जिले के अकोढी गोला थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों से लड़का एवं लड़कियों की लापता होने का मामला प्रकाश में आया है।अकोढी गोला थाना क्षेत्र के अलगू बिगहा की रहने वाली एक मां ने 25 अप्रैल 2026 को अपनी 18 वर्षीय पुत्री की लापता होने की प्राथमिकी थाने में दर्ज करवाई थी। लिखित आवेदन में उन्होंने बताया कि 24 तारीख को वे खेतों में काम करने गई थी जब घर आए तो उनकी पुत्री घर में नहीं थी। एक अन्य लापता के मामले में अकोढी गोला थाना क्षेत्र के बाघाखोह की रहने वाली एक मां ने 21 जून 2026 को स्थानीय थाने में अपनी 19 वर्षीय पुत्री की लापता होने की प्राथमिक की दर्ज कराई थी लिखित आवेदन में बताया कि 20जून 2026 को किसी काम से डेहरी ऑन सोन गई थी वापस आने पर घर में मेरी पुत्री नहीं थी। दिनांक 28 जून 2026 को अकोढी गोला थाना क्षेत्र के अंसार मोहल्ला की रहने वाली साजदा खातून ने अपने 10 वर्षीय पुत्र शाहनवाज अंसारी की लापता होने की प्राथमिकी थाने में दर्ज करवाई । लिखित आवेदन में उन्होंने बताया कि मेरा पुत्र 28 जून की सुबह 10:00 बजे घर के बाहर खेल रहा था लेकिन वापस नहीं लौटा। इन सभी मामलों का उद्भेदन करते हुए अकोढी गोला थाना अध्यक्ष राकेश गोसाई ने बताया कि आवेदन प्राप्त होते ही तीनों मामलों में कांड संख्या 158/26, 239/26,245/26 दर्ज की गई थी। दोनों कांडों में लापता लड़कियों को सकुशल अकोढी गोला थाना के समीप से बरामद किया गया है वही 10 वर्षीय लापता लड़के को अकोढी गोला बाजार के समीप से बरामद किया है। तीनो लापता लड़का एवं लड़कियों को सकुशल बरामद करते हुए अग्रिम कार्रवाई की जा रही हैं

### शराब के नशे में पत्नी व पुत्री से मारपीट कर रहे व्यक्ति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**काराकाट / रोहतास :** काराकाट थाना क्षेत्र के धवनी गांव में शराब के नशे में पत्नी और पुत्री के साथ मारपीट कर रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया । गिरफ्तार आरोपी की पहचान धवनी निवासी धनंजय पांडेय के रूप में हुई है । थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया । जांच के दौरान उसके शराब के नशे में होने की पुष्टि होने पर उसके विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई । थानाध्यक्ष ने बताया कि आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है । उन्होंने कहा कि घरेलू हिंसा एवं शराब से जुड़े मामलों में पुलिस पूरी गंभीरता से कार्रवाई कर रही है तथा कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध सख्त कदम उठाए जाएंगे ।

### कांग्रेस नेता के दादा के निधन पर बिधायक ने की दुःख व्यक्त



**कोचस (रोहतास)।** कोचस नगर पंचायत स्थित पूर्व जिला परिषद सदस्य एवं समाजसेवी डॉ. मुन्ना कुमार पासवान के पूज्य दादाजी जगन्नाथ पासवान के निधन पर उनके पैतृक आवास पहुँच कर करगहर विधायक वशिष्ठ सिंह ने शोक संवेदना व्यक्त की।विधायक वशिष्ठ सिंह ने स्वर्गीय जगन्नाथ पासवान जी को एक सरल, मिलनसार एवं समाजहित के प्रति समर्पित व्यक्तित्व बताया। उन्होंने कहा कि उनके निधन से समाज ने एक सम्मानित अभिभावक एवं प्रेरणास्रोत को खो दिया है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।इस अवसर पर विधायक श्री वशिष्ठ सिंह जी ने शोक संतप्त परिवार से मिलकर अपनी गहरी संवेदना प्रकट की तथा परिवार के प्रति हरसंभव सहयोग का भरोसा भी दिलाया।इस दौरान क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएँ व्यक्त की।

### काराकाट प्रखंड के 13 शिक्षकों पर गिरी गाज




**काराकाट /रोहतास।** काराकाट प्रखंड के 13 शिक्षकों पर गिरी गाज, जिला शिक्षा पदाधिकारी रोहतास, मदन राय नें प्रखंड विकास पदाधिकारी सह नियोजन ईकाई के सचिव सहित बीईओ, प्रधानाध्यापक, को भेजा अमान्य डिग्री पर कार्यरत शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से हटाने का निदेश, सचिव सह बीडीओ काराकाट राहुल कुमार नें बताया किजिला शिक्षा पदाधिकारी के निदेश का होगा हर हाल में पालन, नामित सभी शिक्षकों से होंगी मानदेय की वसूली व प्राथमिकी,बीडीओ नें बताया कि 13 शिक्षकों में 1.सुनील कुमार- मध्य विद्यालय अमरथा,2.सुभाष रंजन- मध्य विद्यालय बराडीह,3. विनय कुमार- प्रा० वि० किसुआडी,4.जय प्रकाश राम - प्रा०वि० जहनपूरा, 5.शशि भूषण सिंह - म० वि० बाद, 6.अशोक कुमार - म० वि० बाद,.7. इंदु कुमारी -अमौरा, 8.विजय कुमार- म० वि० चांदी, 9.कन्हैया जी - म ० वि० जगदीशपुर, 10.मुस्तकीम अंसारी - म० वि० पांडे डिहरी, 11.संतोष कुमार - प्रा० वि० जई टोला, 12.उदय शंकर कुमार राय - म० वि० चिकसील, 13.विश्वनाथ शर्मा - म० वि० कुरुर, के विरुद्ध है शामिल, इस मामले में दिनेश कुमार वरीय पत्रकार सह अध्यक्ष बिहार प्रदेश भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति बिहार पटना नें वर्ष 2021 में किया था परिवाद !

# प्राथमिक उपचार एवं आवश्यक दवाइयों का निःशुल्क वितरण

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** 29 जून 2026 सासाराम नगर मे मुहर्रम ताजिया पहलाम जुलूस के अवसर पर लोक संघर्ष मोर्चा, सासाराम द्वारा महाराजा गार्डन के समीप बस्ती मोड़, सासाराम में ठंडा पेयजल एवं वेल केयर हॉस्पिटल के तरफ़ से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जुलूस में शामिल हजारों श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों को ठंडा पेयजल उपलब्ध कराया गया तथा स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से प्राथमिक उपचार एवं आवश्यक दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न ताजिया कमेटियों के खलीफाओं को फूल-माला पहनाकर एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शांति, प्रेम, भाईचारा एवं सामाजिक सौहार्द का संदेश देते हुए मुहर्रम पर्व को आपसी सहयोग एवं सद्भाव के साथ संपन्न कराने की अपील की गई।

लोक संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने कहा कि समाज सेवा, मानवीय सहयोग तथा सामाजिक एकता को मजबूत करना संस्था का प्रमुख उद्देश्य है। मुहर्रम जैसे अवसरों पर सेवा कार्यों के माध्यम से समाज में भाईचारे और सद्भावना को बढ़ावा मिलता है।

कार्यक्रम में मोर्चा के अध्यक्ष पप्पू सोनी ने उपस्थित सभी डॉक्टर्स तथा गणमान्य जिला प्रशासन, सूरक्षा कर्मी नगर निगम प्रशासन मीडियाकर्मी और सफाई कर्मियों का भी स्वागत किया तथा कार्यक्रम के समापन पर सभी सहयोगियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर संस्था के संस्थापक सुनील कुमार वर्मा, महासचिव संजय वैश्य समाजवादी, प्रवक्ता उमाशंकर सोनी, सुनील गुप्ता सचिव, रोबिन केशरी उप सचिव, राजेश मेहता मीडिया सेल दिनेश चौधरी सूचना मंत्री, कोषाध्यक्ष विजय साहू, सक्रिय सदस्य धर्मवीर गुप्ता,मो शहाबुद्दीन राईन सलाहकार, संरक्षक मुज्तबा अहमद, हसन नेजामी, श्रीराम चौधरी, जे एम अंसारी , पार्षद प्रतिनिधि सरोज गुप्ता, आनंद जायसवाल, सक्रिय सदस्य ,राकेश कु मिंटू अशफाक नेजामी, बसंत कुमार, अनूप कु कसेरा ,महेश कसेरा, नरेन्द्र श्रीवास्तव, मनोज केशरी ,रामाशंकर गुप्ता, दिपु कुशवाहा, जीतेंद्र साह, पुरषोत्तम गुप्ता, गोरख गुप्ता ,मिनहाज़ आलम, कासिफ़ खान , दीपक वर्मा,सक्रिय सदस्य अमर मोर्या सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता, एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## पंचायत विकास दिवस पर विकसित भारत-समृद्ध बिहार का संकल्प







सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**तिलौथू (रोहतास)।** ग्राम पंचायत सरैया के दुर्गा मंदिर मैदान में पंचायत विकास दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के मन की बात का सामूहिक श्रवण किया गया तथा महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास, सुरक्षा और पंचायत विकास पर चर्चा हुई।

मुखिया संजय चौधरी ने पंचायत विकास में महिलाओं की भागीदारी पर जोर दिया। एसटीएफ के डीएसपी गुलाम सरवर ने साइबर फ्रॉड से बचाव के उपाय बताए, जबकि समाजसेवी हंसराज कुमार ने जल संरक्षण, वृक्षारोपण और सिंगल यूज प्लास्टिक के बहिष्कार का संदेश दिया। कार्यक्रम में डॉ. निर्मल कुमार सिंह, पैरवी संस्था के अध्यक्ष संतोष उपाध्याय सहित जनप्रतिनिधि, आंगनबाड़ी सेविकाएं, आशा कार्यकर्ता, जीविका दीदियां एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## भ्रष्टाचार को ले कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री का पुतला किया दहन



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कोचस (रोहतास)।** कोचस नगर पंचायत स्थित महात्मा गांधी चौक पर भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार कों प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद नशरुदिन राइन के अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने झंडा वैनर लेकर नारे लगाते हुए चौक पर पहुंचे। प्रखंड अध्यक्ष समेत अन्य वक्ताओं ने कहा कि देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, पेपरलिक,राम मंदिर चंदा चोरी के खिलाफ जनता के बीच बहुत आक्रोश है।ऐसी गंभीर मसले पर प्रधानमंत्री चुपी साधे हुए हैं जो देश को गर्त में धकेला जा रहा है। इसलिए हम सभी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के लोग प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया किया जा रहा है ।पुतला दहन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अखिलेश त्रिपाठी, डॉ बी पी सिंह, उमाशंकर गुप्ता, बिमलेश तिवारी, राजेंद्र प्रभाकर, संतोष पाण्डेय, सतीश पाण्डेय, डब्लू अंसारी, इबरार अंसारी, तौफीक अहमद, रामआशीष राम समेत अन्य शामिल थे।

# काराकाट में एल्यूमिनियम उद्योग का निर्माण कार्य शुरू, रोजगार की नई उम्मीद जगी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता





**काराकाट / रोहतास :** काराकाट नगर पंचायत गोड़ारी अंतर्गत ग्राम चिल्हा क्षेत्र में प्रस्तावित केएनएसजी एल्यूमिनियम प्राइवेट लिमिटेड के एल्यूमिनियम उद्योग का निर्माण कार्य अब जोर- शोर से शुरू हो गया है । करीब एक माह पूर्व बिहार सरकार के उद्योग विभाग से राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड (एसआईपीबी ) की स्वीकृति मिलने के बाद अब परियोजना धरातल पर उतरती दिख रही है । साइट पर निर्माण कार्य प्रारंभ होने से क्षेत्र के लोगों में रोजगार और औद्योगिक विकास को लेकर नई उम्मीद जगी है । परियोजना से जुड़े पिंटू सिंह उर्फ बीके सिंह ने बताया कि फैक्ट्री स्थल पर कार्य तेजी से चल रहा है और आने वाले दिनों में निर्माण कार्य और गति पकड़ेगा । उन्होंने कहा कि इस उद्योग के शुरू होने से स्थानीय युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे तथा क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी । उन्होंने बिहार के लोगों से अपील करते हुए कहा कि जो लोग आर्थिक रूप से सक्षम हैं,वे अपने मूल निवास स्थान बिहार में उद्योग-धंधे स्थापित करने का प्रयास करें । इससे राज्य के युवाओं को अपने घर के पास ही रोजगार मिलेगा और रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में होने वाला पलायन भी कम होगा । ज्ञात हो कि इस परियोजना को बिहार सरकार से स्वीकृति मिलने के बाद अनुमान लगाया गया था कि उद्योग के संचालन से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से 500 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा । स्थानीय लोगों का मानना है कि लंबे समय के बाद काराकाट क्षेत्र में किसी बड़े औद्योगिक निवेश धरातल पर उतरने से व्यापार,परिवहन,छोटे उद्योगों और सेवा क्षेत्र को भी बढ़ावा मिलेगा ।

## मुख्य कार्यालय अधीक्षक यांत्रिक लल्लू पासवान की पुत्री सुष्मिता प्रकाश ने बीपीएससी की परीक्षा में सफल होकर बनी राजस्व अधिकारी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

कटिहार। डीआरएम बिल्डिंग में मुख्य कार्यालय अधीक्षक यांत्रिक लल्लू पासवान की पुत्री सुष्मिता प्रकाश ने बीपीएससी की परीक्षा में सफल होकर राजस्व अधिकारी बन गयी है। सुष्मिता प्रकाश के राजस्व अधिकारी बनने अधिसूचना की खबर मिलते ही उनके परिवार में खुशी का माहौल देखा गया। माता माया पासवान, पिता लल्लू पासवान, बहन भूमि, भाई उत्कर्ष, दादी गंगा जली देवी, नाना शोभनाथ पासवान,नानी कलावती देवी, मामा जितेंद्र पासवान, गोपाल पासवान, दीपक, राजू,चाचा कमल किशोर, संजय पासवान,मौसी आशा कुमारी,मौसा दीपक पासवान, मामी अमिता,प्रियंका,चाचा शशिकांत आर्य ने मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। वहीं डीआरएम किरेन्द्र नराह,एडीआरएम मनोज कुमारसिंह, डीएमई प्रियम अग्रवाल, सीनियर डीएमई (आईसी) आशीष कुमार, टीटीआई लगन देव कुमार, रेलवे गार्ड सत्येंद्र कुमार गिरी,राजेश कुमार,मनोज प्रभाकर,पूर्व विधायक पूनम पासवान,पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रेम राय, प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रिंकू पासवान, सीनियर अधिवक्ता सह समाजसेवी प्रवीण कुमार झा सहित कई रेल कर्मचारियों ने सुष्मिता प्रकाश को मिठाई खिलाकर बधाई दी है।

माता माया पासवान, पिता लल्लू पासवान ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हम सभी काफी खुश हैं।हम सभी को विश्वास था कि मेरी पुत्री सुष्मिता प्रकाश बीपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल कर हम सभी को गौरवान्वित करेगी। सुष्मिता प्रकाश बचपन से पठन-पाठन में काफी मेधावी रही है।पढ़न पाठन के साथ-साथ खेलकूद एवं अन्य विधाओं में भी प्रतिभावान रही है। सुष्मिता प्रकाश की माता माया पासवान गृहिणी है। पिता लल्लू पासवान रेलवे विभाग में मुख्य कार्यालय अधीक्षक (यांत्रिक) पद पर कार्यरत है। भाई उत्कर्ष सिविल इंजीनियर है। बड़ी बहन भूमि इतिहास विषय से स्नाकोत्तर की डिग्री प्राप्त कर प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रही हैं। सुष्मिता रोहतास (सासाराम) जिले के चेनारी थाना अंतर्गत पोस्ट-पाड़री, ग्राम सबराबाद के निवासी हैं। वर्तमान में ओटीपाड़ा,कटिहार रेलवे क्वार्टर में रहती है। माता माया पासवान,पिता लल्लू पासवान ने बताया कि सुष्मिता प्रकाश का जन्म 31 दिसंबर 2000 को हुई है। इनके प्रारंभिक शिक्षा दीक्षा नर्सरी से वर्ग 2 तक सेंट स्टीफेंस स्कूल कटिहार, वर्ग 3 से मैट्रिक तक ओक ग्रोव स्कूल मंसूरी, उत्तराखंड से पठन पाठन की है।इन्होंने 2017 में ओक ग्रोव स्कूल मंसूरी मैट्रिक में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण की है। मैट्रिक में इन्हें 95% अंक प्राप्त की है। 2019 में दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो स्टील सिटी से आई.एस.सी की डिग्री प्राप्त की है।आई. एस.सी में इन्हें 80.4% अंक प्राप्त की है। 2019 से 2022 कालीन्दी कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक 'अर्थशास्त्र' विषय में प्रतिष्ठा की डिग्री प्राप्त की है। 2023 से 25 में इग्नू से स्नाकोत्तर की डिग्री समाजशास्त्र विषय से की है। स्नाकोत्तर में 64% अंक प्राप्त हुई है।

विद्यालय में अध्ययन के क्रम में कई प्रतियोगिता में भाग ली है। प्रतियोगिता में अव्वल स्थान पर रही है। प्रतियोगिता आयोजन समिति के द्वारा इन्हें प्रशस्ति पत्र, मेडल, कप, ट्रॉफी,शील्ड देकर सम्मानित किया गया है। सुष्मिता प्रकाश जब वर्ग 3 में (2009) मैसूर में विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में लंबी कूद, शॉट पुट, दौड़ प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर रही है।

**GOVT. OF BIHAR**

**BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD**
**I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.**

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

**UNDER GRADUATE ENGINEERING ADMISSION COUNSELLING (UGEAC)-2026 for 5-Year full-time Bachelor of Architecture Course**

**Adv. No.- BCECEB(UGEAC)-2026/06 Dated 29.06.2026**

**Important Notice**

Online Applications are invited from candidates who have appeard in Joint Entrance Examination [JEE (MAIN)]-2026 (Paper-II), conducted by the National Testing Agency (NTA) or NATA qualified and got valid score for appearing in the Under Graduate Engineering Admission Counselling (UGEAC)-2026 for admission to the First Year of 5-year full-time Bachelor of Architecture Course in Gaya College of Engg., Gaya, Bihar.

2. The online Registration and submission of Application Form will start from **01.07.2026** and close on **15.07.2026 (10.00 p.m.)**.

3. Detailed Programme/ eligibility criteria for counselling / admission/ Fee payment precedure, instructions and other details are available in the prospectus of UGEAC-2026 and the **related Advertisement No.-BCECEB(UGEAC)-2026/05 dated 29.06.2026 which can be seen / downloaded from the Board's website: bceceboard.bihar.gov.in.**

**Controller of Examination**

**बिहार सरकार**

**कार्यालय नगर पंचायत, नवीनगर (औरंगाबाद)**
**अति अल्पकालीन अभिरूचि का अभिव्यक्ति आमंत्रण**
**EOI सूचना संख्या – 08/2026–27**

माननीय NGT द्वारा O.A. No.- 606/2018 में दिनांक–14.12.2020 को पारित आदेश के अनुपालन में तथा मुख्य सचिव बिहार सरकार के आदेश ज्ञापांक– 03/न्या०–14–18/2018/1018, पटना दिनांक–11.04.2019 के आलोक में विभागीय पत्रांक– 3967, दिनांक– 17.12.2024, पत्रांक–1387, दिनांक–11.04.2025 एवं–3144 दिनांक– 26.08.2025, द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली 2016 के क्रियान्वयन के तहत STP cum FSTP Project हेतु बिहार नगरपालिका अधिनियम 2007 की धारा 99 के द्वारा नगर निकायों को भूमि क्रय करने की प्राप्त शक्ति के अधीन एवं विभागीय संकल्प ज्ञापांक– 5808 दिनांक–26.11.2015 नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार पटना के पत्रांक– 2070 दिनांक– 03.06.2026 तथा विभागीय ज्ञापांक – 2018, दिनांक – 15.03.2024 द्वारा केन्द्रीय भूमि–अर्जन पुनर्वासन और पुन व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा– 104 के अधीन प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिहार राज्य सरकार एतद् द्वारा आवश्यकतानुसार लोक उद्देश्य के कार्यो तथा अधारभूत संरचना एवं लोक प्रयोजन के परियोजनाओं हेतु रेयतो से भूमि क्रय कर प्राप्त करने के लिए नयी बिहार रैयती भूमि क्रय नीति , 2026 बाजार मूल्य अथवा सर्किल दर (MVR) जो भी अधिक हो , दो गुणे के समतुल्य होगा । न्यूनतम मूल्य पंजी पर रैयती भूमि क्रय करने की स्वीकृति के तहत नगर पंचायत, नवीनगर द्वारा इच्छूक भू स्वमियों से अधिसीमा में जिला निबंधन कार्यालय द्वारा निर्धारित दर एवं बिहार रैयती भूमि क्रय नीति 2026 के अनुसार क्रय पर लेने हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है ।

| क्र० सं० | विवरणी | जमीन की आवश्यकता | शहर से भूमि की मान्य दूरी | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | UWM अंतर्गत STP cum FSTP Project हेतु भूमि | 04 एकड़ से 05 एकड़ | 05 किलोमीटर (जनसंख्या रहित) | |

**नियम व शर्ते :–**

1. भूमि के उपर से हाई टेंशन विद्युत तार नहीं गुजरा हो।
2. भूमि पर पहुंच पथ कम से कम 10 से 12 फीट का होना चाहिए।
3. भूमि सभी प्रकार के विवाद से मुक्त होना चाहिए एवं भूमि का स्वमित्व स्पष्ट होना चाहिए।
4. भू–स्वामी से प्राप्त दस्तावेज एवं भूमि के भौतिक सत्यापन के पश्चात भूमि क्रय/लीज करने का निर्णय लिया जाएगा।
5. भूमिका क्रय एवं लीज हेतु निर्णय नगर विकास एवं आवास विभाग के पत्रांक – 13/SBM-14/2025-3505 में वर्णित जिला स्तरीय द्वारा किया जायेगा ।
6. भू–स्वामी को भूमि की कीमत का भुगतान आर०टी०जी०एस०/एकाउन्ट पेयी चेक (Account Payee Cheque) PFMS/CFMS के माध्यम से किया जाएगा।
7. भूमि की स्थिति गंगा एवं उसकी शाखा नदी से 500 मीटर, अन्य नदी से 100 मीटर तालाब से 200 मीटर तथा राजमार्ग, आवास स्थलों, सार्वजनिक उद्यानों और जल आपूर्ति कुओं से 200 मीटर की दूरी पर होना चाहिए ।
8. भूमि जल जमाव से ग्रसित नहीं होना चाहिए ।
9. गैर कृषि भूमि एवं न्यूनतम बाजार दर पर उपलब्ध भू–खण्ड को प्राथमिकता दी जाएगी।

उक्त शर्तो के आलोक में नगर पंचायत, नवीनगर द्वारा इच्छुक भू–स्वामी दिनांक–11.07.2026 को 03:00 बजे अपराहन तक बंद लिफाफे में परिशिष्ट–1 में दिये गये प्रारूप में मांगी गयी सूचना और आवश्यक कागजातों के साथ आवेदन/प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है । बन्द लिफाफे पर पता के रूप में नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, नवीनगर अभिव्यक्ति आमंत्रण सूचना संख्या – 08/2026-27 तथा लिफाफे के ऊपर आवेदन का विषय अवश्य उल्लिखित होना चाहिए । निर्धारित तिथि को किसी कारणवश अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्य दिवस को पूर्व निर्धारित समय पर आवेदन/प्रस्तावों को खोला जाएगा । विस्तृत जानकारी एवं विहित प्रपत्र हेतु इच्छूक भू–स्वामी/संस्था किसी भी कार्य दिवस तथा कार्यवधि में नगर पंचायत, नवीनगर में स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से सम्पर्क कर सकते है ।

**परिशिष्ट– 1 आवश्यक दस्तावेज**

1. (क) भू–स्वामी का नाम एवं पूरा पता (ख) भू–स्वामी का मोबाईल न० (ग) भू–स्वामी का आधार कार्ड संख्या ।
2. भूमि निबंधन प्रमाण–पत्र/खतियान की कॉपी ।
3. भू–स्वामित्व प्रमाण–पत्र (एल०पी०सी०) की प्रति ।
4. भू–स्वामी द्वारा शपथ पत्र जिसमें यह स्पश्ट रूप से उल्लेख हो कि भूमि सभी प्रकार से विवाद मुक्त है ।
5. आवश्यकतानुसार दाखिल खारिज दस्तावेज यदि दाखिल खारिज नहीं हो तो अंचलाधिकारी से निर्गत परिवारिक सूची/वंशावली एवं वर्तमान वंशज की सहमति पत्र ।
6. संबंधित भूमि भू–हदबंदी पर्चा, भू–दान पर्चा सैरात एवं कैसरे हिन्द से मुक्त होना का शपथ–पत्र ।
7. संबंधित भूमि किसी बैंक/वित्तीय संस्था मोमार्टगेज नहीं किये जाने का शपथ – पत्र ।
8. चयनित भूमि के स्वामी को क्रय हेतु निबंधित डीड सम्पादित करना होगा ।
9. भूमि का इंडेक्स मैप/नजरी नक्शा जिसमें लैण्ड मार्क व पहुंच पथ दर्शाया गया हो ।
10. सभी दस्तावेज स्वअभिप्रमाणित होना चाहिए।

**नोट :–** उल्लिखित दस्तावेजों में से किसी एक के भी अनुपलब्ध होने की स्थिति में भू–स्वामी का आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा । प्रकाशित सूचना में परिवर्तन करने या रद्द का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा ।

**कार्यपालक पदाधिकारी,**
नगर पंचायत, नवीनगर

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

**PR. No. 006610 (B&C) 2026-27**

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### सेवा कार्यों के लिए कई सदस्यों को किया सम्मानित

**भागलपुर**। सामाजिक संस्था वी केयर का 8वां स्थापना दिवस रविवार को एक होटल में मनाया गया। संस्था के आठ वर्षों के सेवा कार्यों की विस्तृत जानकारी साझा की गई। संस्था के नितेश चौबे ने बताया कि संस्था से जुड़े समर्पित सदस्यों, ब्लॉगर्स, अभिभावकों और सहयोगियों को उनके निस्वार्थ योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वालों में अभिषेक, अर्जित, विनीत, गोल्डन, सिम्मी झा, अंशु, प्रियंका, बिपुल, ऋषि, सुधीर चौधरी, देव पांडेय, सृष्टि, राजा, शिवम, आदित्य, दीपाशा, गौरव, अलका प्रियदर्शनी, सुमित और आकांक्षा सहित कई नाम शामिल रहे।

### सिर्फ अभिनय नहीं, रंगमंच व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम : चैतन्य

**भागलपुर**। कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार, भागलपुर संग्रहालय और सांस्कृतिक नाट्य संस्था 'आलय' के संयुक्त तत्वावधान में रविवार से 15 दिवसीय नाट्य प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। अंग संस्कृति भवन स्थित भागलपुर संग्रहालय के परीक्षागृह में शुरू हुई इस कार्यशाला में पहले ही दिन 50 से अधिक प्रतिभागी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। इनमें विद्यालय और महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ विभिन्न आयु वर्ग के रंगकर्मी एवं कला प्रेमी शामिल रहे। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी सह सहायक संग्रहालयाध्यक्ष अंकित रंजन ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य जिले में नई नाट्य प्रतिभाओं को पहचानना। उन्हें प्रशिक्षित करना और भविष्य के सांस्कृतिक आयोजनों के लिए तैयार करना है। प्रशिक्षण के दौरान अभिनय, संवाद-अदायगी, मंच संचालन, चरित्र निर्माण, शारीरिक अभिव्यक्ति, स्वर साधना और रंगमंच की अन्य विधाओं का व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा। मुख्य प्रशिक्षक एवं निर्देशक डॉ. कुमार चैतन्य प्रकाश ने कहा कि रंगमंच केवल अभिनय तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, आत्मविश्वास, व्यक्तित्व विकास और सामाजिक चेतना का प्रभावी माध्यम भी है। उन्होंने अभिनय और नाट्य कला में रुचि रखने वाले युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में प्रशिक्षण से जुड़ने की अपील की।

### ट्रैक्टर का किश्त लेने आए फाइनेंस कर्मी से मारपीट

**संग्रामपुर**। थाना क्षेत्र के इजरा गांव में ट्रैक्टर का किश्त मांगने आए फाइनेंस कर्मी के साथ मारपीट की गई। जिसको लेकर उसने थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। दिए आवेदन में पीड़ित मलाही थाना क्षेत्र के नीतेश कुमार ने बताया है कि वह कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड में कार्यरत है। 26 जून को वह इजरा में फिरोज खान के यहां फोन पर बात कर किश्त की राशि लेने पहुंचा था। लेकिन उनके घर पर जब पहुंचा तो वहां यूसुफ खान ने मारपीट शुरू कर दिया। इस दौरान वहां फाइनेंस कर्मी के साथ चार पांच लोगों ने मारपीट किया। उसने नकद 20800 रुपये और सोने की चेन यूसुफ और उसके सहयोगियों के द्वारा निकालने का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष ने मामले की जांच करने की बात कही।

### 108 कलशों से महास्नान के बाद आज से होगा रथयात्रा का अनुष्ठान

**भागलपुर**। ज्येष्ठ पूर्णिमा के पावन अवसर पर सोमवार को भगवान जगन्नाथ का पारंपरिक महास्नान कराया जाएगा। इसके साथ ही विश्वप्रसिद्ध रथयात्रा महोत्सव के अनुष्ठानों की शुरुआत होगी। शहर के सखीचंद घाट (नया बाजार), गिरधारी साह हाट और बाटा गली स्थित जगन्नाथ मंदिरों में भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के महास्नान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सखीचंद घाट स्थित मंदिर में 108 कलशों के औषधीय जल से भगवान का अभिषेक होगा। सेवायत पंडित समीर कुमार मिश्र, सौरभ कुमार मिश्र समेत 11 पंडित वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अनुष्ठान संपन्न कराएंगे। महास्नान के लिए बूढ़ानाथ गंगा तट, सरयू नदी, हरिद्वार की गंगा और पुरी (ओड़िशा) के समुद्र का जल मंगाया गया है। इन पवित्र जलों में हल्दी, सुगंधित इत्र और विशेष जड़ी-बूटियां मिलाकर भगवान का अभिषेक किया जाएगा। धार्मिक मान्यता के अनुसार ज्येष्ठ पूर्णिमा पर भगवान जगन्नाथ 33 कोटि देवी-देवताओं के साथ अदृश्य रूप से स्नान करते हैं। स्कंद पुराण में वर्णित इस तिथि को भगवान का प्राकट्य दिवस भी माना जाता है। श्रद्धालुओं के बीच इस महास्नान को लेकर विशेष उत्साह है। ज्येष्ठ पूर्णिमा पर महास्नान के बाद भगवान जगन्नाथ 17 दिनों तक एकांतवास में रहेंगे। धार्मिक मान्यता है कि 108 कलशों के जल से स्नान के बाद भगवान अस्वस्थ हो जाते हैं। इसके बाद उन्हें मुख्य गर्भगृह से हटाकर मंदिर के एक विशेष कक्ष में रखा जाता है, जहां उनका उपचार किया जाता है।

### आई सेफ्टी अवेयरनेस वीक शुरू बच्चों में बढ़ रहा चश्मे का नंबर

**भागलपुर**। जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय व अस्पताल मायागंज में आई सेफ्टी अवेयरनेस वीक रविवार से शुरू हो गया। साल 2025 की वार्षिक रिपोर्ट पर गौर करें तो नेत्र रोग विभाग की ओपीडी में कुल 31,658 मरीज आंखों की जांच कराने पहुंचे। इनमें से संक्रमण व अन्य गंभीर जटिलताओं के कारण 1,507 मरीजों को भर्ती कर इलाज करना पड़ा। डॉक्टरों के अनुसार वर्तमान में बच्चों की आंखों का पावर लगातार बढ़ रहा है और कम उम्र में ही उन्हें मोटे चश्मे लग रहे हैं। (जैसे पहले -0.5 था, तो कुछ ही महीनों में -1.5 या -2.0 हो जाना)। छह माह में भी कई बच्चों के नंबर बढ़ गए, उनका पावर माइनस में ही आ रहा। जेएलएनएमसीएच के पूर्व नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पुनीत राम परशरामपुरिया के अनुसार, बच्चों में आंखों की गंभीर परेशानी कोरोना में हुए लॉकडाउन के बाद तेजी से बढ़ी है। ऑनलाइन क्लास और मोबाइल की आदत अब गैजेट्स की लत में बदल चुकी है।

**क्या करें** : हर 20 मिनट के स्क्रीन टाइम के बाद 20 सेकंड के लिए 20 फीट दूर रखी किसी वस्तु को देखें। ▪ बच्चों की डाइट में विटामिन-ए से भरपूर चीजें जैसे गाजर, हरी पत्तेदार सब्जियां व मौसमी फल शामिल करें। ▪ बच्चों को मोबाइल देने के बजाय उन्हें मैदान में आउटडोर गेम्स खेलने के लिए प्रेरित करें।

**क्या न करें** : रात के समय कमरे की लाइट बंद कर मोबाइल या टैब का इस्तेमाल बिल्कुल न करने दें। ▪ पढ़ते या स्क्रीन देखते समय गैजेट्स को आंखों के बिल्कुल करीब (1 फीट से कम दूरी) न लाएं। ▪ आंख लाल होने या खुजली होने पर बिना डॉक्टरी सलाह के मेडिकल स्टोर से खरीदकर कोई भी ड्रॉप न डालें।

### देहदान-नेत्रदान से मानवता को जिंदगी देने का लें संकल्प

**भागलपुर**। गोशाला सभागार में रविवार को दधीचि देहदान समिति, भागलपुर शाखा की स्थापना सभा सह विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में नेत्रदान (कॉर्निया दान), अंगदान और देहदान के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना था। अध्यक्षता करते हुए डॉ. प्रमोद सिंघानिया ने कहा कि नेत्रदान, अंगदान और देहदान मानवता की सर्वोच्च सेवा हैं। क्षेत्रीय संगठन मंत्री निर्मल कुमार जैन ने कहा कि समिति पूरे बिहार में जन-जागरूकता अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ेगी।

### मुहर्रम जुलूस में उपद्रव करनेवालों पर केस

**पीरपैंती**| मुहर्रम जुलूस के दौरान लाइसेंस की शर्तों के उल्लंघन के आरोप में राजस्व अधिकारी मनोहर कुमार ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी के अनुसार, जुलूस के दौरान कुछ लोगों ने प्रशासन के ड्रोन कैमरा पर हमला करने का प्रयास किया। ड्रोन से वीडियोग्राफी कर रहे युवक पर भीड़ ने हमला कर उसे घायल भी कर दिया तथा ड्रोन कैमरा क्षतिग्रस्त कर दिया था। साथ ही कुछ दुकानों में भी तोड़फोड़ की गई। मामले में लाइसेंसधारियों सहित 500 अज्ञात पर केस दर्ज किया गया है।

### पीरपैंती : पोखर में डूबने से युवक की मौत

**पीरपैंती**| पोखर में नहाने के दौरान डूबने से एक युवक की मौत हो गई। घटना बिहार-झारखंड की सीमा पर मिर्जाचौकी के पास रविवार दोपहर की है। मृतक शुभम कुमार (18) मिर्जाचौकी का रहने वाला था। युवक के पोखर में डूबने की सूचना पर परिजन और स्थानीय लोग पहुंचे। गोताखोरों ने मशक्कत के बाद उसे पानी से बाहर निकाला। इसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए पीरपैंती रेफरल अस्पताल ले गए। लेकिन, डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

# बाईपास पर खड़ी ट्रक में टक्कर हादसे में एक ड्राइवर की मौत




**15 मिनट तक मदद की गुहार लगाता रहा**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भागलपुर**। भागलपुर में बाईपास पर खड़ी ट्रक में पीछे से आ रही ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में एक ड्राइवर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान अभी नहीं हो सकी है। घटना सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के गंगटी के पास की है।

**15 मिनट तक केबिन में फंसा रहाः** टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। ड्राइवर क्षतिग्रस्त ट्रक में फंसा गया। करीब 15 मिनट तक लोगों से मदद की गुहार लगाता रहा, लेकिन किसी ने उसकी मदद नहीं की। सूचना मिलते ही सबसे पहले डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त ट्रक से ड्राइवर को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

**छानबीन में जुटी पुलिसः** पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त ट्रकों को जब्त कर लिया है। सुल्तानगंज थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि खड़ी ट्रक में पीछे से आ रही ट्रक ने टक्कर मारी है। इस हादसे में एक ड्राइवर की मौत हुई है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## 2 बाइकों की आपस में टक्कर हादसे में एक युवक की मौत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**भागलपुर**। भागलपुर में 2 बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में भोज खाने जा रहे एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान मोहम्मद अलाउद्दीन के पुत्र इरफान(28) के रूप में हुई है। डेढ़ साल पहले शादी हुई थी। 2 माह का एक बच्चा है। घटना हबीबपुर थाना क्षेत्र के करौड़ी बाजार स्थित नवाब कॉलोनी की है।

**ममेरा भाई के साथ जा रहा थाः** परिजन के अनुसार इरफान अपने ममेरे भाई के साथ बाइक से ससुराल में दावत खाने जा रहे थे। इसी दौरान रात करीब 11:30 बजे कब्रिस्तान के पास सामने से बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि इरफान सड़क पर गिर पड़े। उनके सिर में गंभीर चोट लगी और एक हाथ भी टूट गया। ममेरे भाई को भी चोटें आईं। सूचना मिलने पर डायल-112 की पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों घायलों को सदर अस्पताल ले गई। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए इरफान को मायागंज रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं, दूसरे बाइक सवार के सदर अस्पताल से फरार होने की बात कही जा रही है। हादसे में घायल ममेरे भाई को मामूली चोट आने पर इलाज के बाद घर भेज दिया गया। मृतक के मामा मोहम्मद इस्लामउद्दीन ने बताया कि इरफान को ससुराल से दावत के लिए बुलाया गया था। रास्ते में हादसे का शिकार हो गया। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द पोस्टमार्टम कराकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने की मांग की है। वहीं, हबीबपुर थानेदार सफदर अली ने बताया कि दोनों बाइक को जब्त कर लिया गया है। हादसे में एक युवक की मौत हुई है। पुलिस छानबीन कर रही है।

## झमाझम बारिश से गर्मी से राहत, मूंग फसल की तुड़ाई रुकी, धान की खेती को फायदा हुआ



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मुंगेर**। टेटिया बंबर प्रखंड में सोमवार सुबह झमाझम बारिश से दिन की शुरुआत हुई। इससे पिछले कई दिनों से पड़ रही उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली और वातावरण सुहावना हो गया। तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। सुबह अपने दैनिक कार्यों के लिए निकले लोगों को छाता और रेनकोट का सहारा लेना पड़ा। कई स्थानों पर सड़कें बारिश के पानी से भीग गईं, जिससे बाजारों में सामान्य दिनों की तुलना में आवाजाही कम रही। बारिश का सबसे अधिक असर कृषि कार्यों पर देखने को मिला। मूंग की फसल की तुड़ाई के लिए खेतों में जाने की तैयारी कर रहे किसानों को बारिश के कारण घर पर ही रुकना पड़ा, जिससे तुड़ाई का कार्य प्रभावित हुआ।

किसान शिव शंकर ने बताया कि सुबह खेत जाने की पूरी तैयारी थी, लेकिन बारिश के कारण काम रोकना पड़ा। राजेश कुमार ने आशंका जताई कि लगातार बारिश होने पर मूंग की फसल को नुकसान पहुंच सकता है। संतोष कुमार के अनुसार, खेतों में नमी बढ़ने से अभी तुड़ाई करना संभव नहीं है।

वहीं, मुकेश कुमार ने कहा कि बारिश से धान की खेती को फायदा मिलेगा, लेकिन मूंग की तैयार फसल के लिए यह चिंता का विषय है। किसानों को उम्मीद है कि मौसम जल्द साफ होगा, ताकि मूंग की तुड़ाई का कार्य फिर से शुरू किया जा सके। धान की रोपाई की तैयारी कर रहे किसानों के लिए यह बारिश लाभदायक मानी जा रही है।

# पोलियो से बचाव के लिए दवा की दो बूंद जरूरी, घर-घर जाकर टीम बच्चों को देगी दवा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भागलपुर**। भागलपुर सदर अस्पताल से रविवार को पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी अलंकृता पांडे ने 5 साल से कम उम्र के बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाकर इस अभियान की शुरुआत की। यह विशेष अभियान 29 जून से 2 जुलाई तक चलेगा।

इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीमें जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगी। अभियान का मुख्य उद्देश्य कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। जिलाधिकारी ने जिलेवासियों से अपील की कि वे 5 वर्ष से कम आयु के हर बच्चे को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं। उन्होंने जोर दिया कि पोलियो से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय समय पर टीकाकरण ही है।




**टीम घर न पहुंचे तो सूचना देः** डीएम ने बताया कि यदि किसी कारणवश स्वास्थ्य विभाग की टीम किसी परिवार तक नहीं पहुंच पाती है, तो संबंधित परिवार कंट्रोल रूम में सूचना दे सकता है। सूचना मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम तत्काल घर पहुंचकर बच्चे को पोलियो की दवा पिलाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि कंट्रोल रूम का नंबर स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी किया जाएगा और इसे प्रेस ब्रीफ के माध्यम से सार्वजनिक किया जाएगा, ताकि लोगों को कोई असुविधा न हो।

**पोलियो की दो बूंद पूरी तरह से सुरक्षित हैः** जिलाधिकारी ने लोगों से किसी भी तरह की अफवाह या भ्रामक जानकारी पर ध्यान नहीं देने की अपील करते हुए कहा कि पोलियो की दो बूंद पूरी तरह सुरक्षित और प्रभावी है। एक भी बच्चा यदि पोलियो की खुराक से वंचित रह जाता है तो बीमारी का खतरा बना रह सकता है।

♦ **2 जुलाई तक चलेगा अभियान**

इसलिए हर अभिभावक की जिम्मेदारी है कि वह अपने पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं। पल्स पोलियो अभियान के दौरान कंट्रोल रूम 24 घंटे सक्रिय रहेगा, जहां आम नागरिक अपनी शिकायत या सूचना दर्ज करा सकेंगे। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, चिकित्सक, एएनएम, आशा कार्यकर्ता एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

# दुकान लगाने के विवाद में मारपीट, धक्का-मुक्की में जमीन पर गिरे बुजुर्ग, मौके पर मौत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भागलपुर**। भागलपुर में रविवार शाम दुकान लगाने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। इस दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे बुजुर्ग सुरेश पोद्दार(70) की धक्का-मुक्की के दौरान मौके पर ही मौत हो गई। घटना सजौर बाजार की है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सजौर बाजार की सरकारी हटिया जमीन पर कई लोगों ने वर्षों से स्थायी दुकानें बनाकर अतिक्रमण कर रखा है। इसी हटिया में दुकान लगाने को लेकर महेंद्र पोद्दार के पुत्र रविशंकर पोद्दार और गोपी साह के पुत्र सुनील कुमार, छोटू कुमार के बीच कहासुनी हुई। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई।



**घटनास्थल पर ही तोड़ा दमः** विवाद बढ़ता देख रविशंकर पोद्दार के चाचा सुरेश पोद्दार दोनों पक्षों को शांत कराने पहुंचे। परिजन का आरोप है कि हंगामे के दौरान सुनील कुमार, छोटू कुमार और कैलाश साह के पुत्र सोनू कुमार ने मिलकर उनके साथ धक्का-मुक्की की। आरोपियों ने पास खड़ी साइकिल भी उनपर फेंक दी, जिसके बाद बुजुर्ग जमीन पर गिर पड़े और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के परिजन ने आरोप लगाया है कि सुरेश पोद्दार केवल झगड़ा छुड़ाने गए थे, लेकिन धक्का-मुक्की के कारण उनकी जान चली गई। दुकान लगाने को लेकर दोनों पक्षों में पहले से विवाद चल रहा था।

♦ **पुलिस ने 3 लोगों को हिरासत में लिया**

**छानबीन में जुटी पुलिसः** सूचना मिलते ही सजौर थाना प्रभारी आलोक कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए सुनील कुमार, छोटू कुमार और सोनू कुमार को हिरासत में लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल (मायागंज) भेज दिया है। दोनों पक्षों के बयान पर छानबीन की जा रही है।

# घटिया सड़क निर्माण का विरोध में मारपीट

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मुंगेर**। असरगंज नगर पंचायत के वार्ड संख्या-5 की वार्ड पार्षद पुष्पा देवी के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। यह घटना घटिया सड़क निर्माण का विरोध करने पर हुई। इस संबंध में पार्षद के आवेदन पर असरगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, यह घटना 25 जुलाई को वार्ड के कुम्हार टोला में पीसीसी सड़क निर्माण कार्य के दौरान हुई। आरोप है कि संवेदक द्वारा निर्माण कार्य में घटिया बालू और सीमेंट का उपयोग किया जा रहा था। वार्ड पार्षद पुष्पा देवी ने जब निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाया और इसका विरोध किया।

इसके बाद मुख्य पार्षद के पति राकेश कुमार ने उनके साथ गाली-गलौज की, हाथापाई की और जान से मारने की धमकी दी। बीच-बचाव करने पहुंचे सूरज कुमार के साथ भी विक्रमपुर गांव के गौतम साह द्वारा मारपीट किए जाने का आरोप है। थानाध्यक्ष विपुल कुमार ने बताया कि वार्ड पार्षद के आवेदन पर पुलिस पदाधिकारी को जांच के लिए भेजा गया था। जांच के दौरान भी मुख्य पार्षद के प्रतिनिधि द्वारा पीड़िता को जान से मारने की धमकी दिए जाने की शिकायत मिली है। पुलिस ने मामले में कांड दर्ज कर लिया है और सभी आरोपों की जांच करते हुए आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश गर्मी और उमस से लोगों को राहत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मुंगेर**। मुंगेर जिले के जमालपुर में सोमवार दोपहर मानसूनी गतिविधियों के कारण तेज बारिश हुई। इससे कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से लोगों को बड़ी राहत मिली। दोपहर करीब 2 बजे अचानक मौसम में बदलाव आया। आसमान में घने काले बादल छा गए और दिन में ही अंधेरा छा गया। इसके बाद तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश शुरू होते ही सड़कों पर चल रहे लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भागे। कई दुकानदारों ने अपने सामान को बारिश से बचाने के लिए तुरंत व्यवस्था की। बारिश के चलते बाजारों और प्रमुख सड़कों पर कुछ समय के लिए आवाजाही भी प्रभावित हुई।

पिछले कई दिनों से लगातार बढ़ते तापमान और उमस भरी गर्मी से लोग परेशान थे। दोपहर के समय घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया था। इस अचानक हुई बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। हालांकि, तेज बारिश के कारण शहर के कुछ निचले इलाकों में जलजमाव की स्थिति भी देखने को मिली, जिससे राहगीरों को थोड़ी परेशानी हुई। इस मौसमी बदलाव से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। उनका कहना है कि समय पर हो रही यह बारिश धान की खेती और अन्य खरीफ फसलों के लिए लाभदायक साबित होगी। स्थानीय लोगों का मानना है कि लंबे समय बाद हुई इस बारिश ने भीषण गर्मी से राहत देकर मौसम को सुहावना बना दिया है। यदि आने वाले दिनों में इसी तरह नियमित वर्षा होती रही, तो आमजन के साथ-साथ किसानों को भी इसका भरपूर लाभ मिलेगा।




**पूर्व रेलवे**

**सं.: ओ-एसी-टी-91 से 95-26-27 (खुली), दिनांक 26.06.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएं (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, केस सं. ओ-एसी-टी-91-26-27, कार्य का नाम:** डीईएन/4/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में उखरा, पान्डवेश्वर, दुबराजपुर, कुनुरी और दूसरे यार्ड में यार्ड के सुधार के संबंध में यार्ड ड्रेनेज के प्रावधान के साथ-साथ दूसरे सहायक कार्यों के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 13,22,99,183.51, **बयाना राशि:** रु. 26,46,000/- **कार्य की समापन अवधि:** 18 माह। **क्रम सं. 2, केस सं. ओ-एसी-टी-92-26-27, कार्य का नाम:** मंडल अभियंता/4/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में अण्डाल-तापसी के बीच ब्रिज नं. 35, 43 और 44 (टीबी कॉर्ड लाइन) एवं ब्रिज नं.13, 18, 19 और 20 की क्षतिग्रस्त विंग वॉल आदि की मरम्मत और पुनर्निर्माण के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 2,68,18,955.21, **बयाना राशि :** रु. 5,36,400/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **क्रम सं. 3, केस सं. ओ-एसी-टी-93-26-27, कार्य का नाम:** डीईएन/4/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में एईएन/2/अण्डाल के खंड में लेवल क्रॉसिंग गेट लॉज की मरम्मत, नवीनीकरण और लेवल क्रॉसिंग गेटों पर अन्य विविध बुनियादी ढांचे की सुविधाओं के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 79,71,762.40, **बयाना राशि:** रु. 1,59,400/-, **कार्य की समापन अवधि:** 9 माह। **क्रम सं. 4, केस सं. ओ-एसी-टी-94-26-27, कार्य का नाम:** डीईएन/4/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में सिउड़ी में टॉयलेट, डाइनिंग, किचन/मेस आदि सहित प्रशासनिक भवन के साथ 20 बेड वाले नए आरपीएफ बैरक के निर्माण के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 1,23,04,860.94, **बयाना राशि:** रु. 2,46,100/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **क्रम सं. 5, केस सं. ओ-एसी-टी-95-26-27, कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/I/आसनसोल के अधीन एईएन/II/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में कालूबथान स्टेशन यार्ड में अप और डाउन लूप लाइनों के विस्तार के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 4,19,03,415.19, **बयाना राशि:** रु. 8,38,100/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 22.07.2026 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-155/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### इटाढ़ी में अतिक्रमण से लग रहा जाम

**बक्सर**। इटाढ़ी मुख्य सड़क पर लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण के कारण स्थानीय लोगों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क के दोनों ओर दुकानदारों द्वारा दुकान आगे बढ़ाने और अवैध वाहन पार्किंग की वजह से रास्ता संकरा हो गया है। इसके चलते इस मार्ग पर सुबह से शाम तक रुक-रुक कर भीषण जाम लग रहा है। जाम की स्थिति ऐसी है कि गाड़ियां सड़कों पर रेंगती हैं।

### करनपुरा ने बक्सर को 1-0 से दी शिकस्त

**बक्सर**। चौसा प्रखंड अंतर्गत सोनपा पंचायत में मां कामाख्या स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ पूर्व जिला पार्षद सह अधिवक्ता डॉ मनोज कुमार यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर तथा फुटबॉल को किक मारकर किया। प्रतियोगिता की अध्यक्षता बक्सर होमगार्ड एसोसिएशन के सचिव आनंद पहलवान ने की। उद्घाटन मैच बक्सर फुटबॉल एसोसिएशन एवं रॉयल फुटबॉल क्लब, खरपुरा के बीच खेला गया। बेहद रोमांचक और संघर्षपूर्ण मुकाबले में रॉयल फुटबॉल क्लब, खरपुरा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 1-0 से जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया। डॉ मनोज कुमार यादव ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त आधार है। कार्यक्रम में विजय राम, मुकेश यादव, अखिलेश यादव, पिंटू यादव, अप्पू, धर्मेंद्र, फैयाज, सुनिल यादव, उज्जवल कुमार, शशि मोहन कुमार, शमीम साईं आदि मौजूद थे।

### छूटे लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा देंगे सीएचओ

**आरा**। फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से राज्य स्वास्थ्य समिति ने एमडीए (मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) संचालित भोजपुर जिले के सिविल सर्जन-सह-सदस्य सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति को महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी (हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर) डॉ. मनोज कुमार की ओर से जारी निर्देश में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) की भूमिका को अधिक सक्रिय बनाने पर विशेष जोर दिया गया है। निर्देश के अनुसार, राज्य में 10 फरवरी को 34 जिलों में सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान चलाया गया था। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन किया। विभिन्न कारणों से कुछ लोग दवा खाने से वंचित रह गए। अब ऐसे सभी लाभार्थियों की पहचान की जाएगी। संबंधित क्षेत्र के सीएचओ अपने समक्ष उन्हें फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराएंगे। इससे अभियान की प्रभावशीलता बढ़ेगी। फाइलेरिया उन्मूलन के लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी। राज्य स्वास्थ्य समिति ने स्पष्ट किया है कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में कार्यरत सीएचओ को एमडीए तथा एमएमडीपी (मॉर्बिडिटी मैनेजमेंट एंड डिसएबिलिटी प्रिवेंशन) का प्रशिक्षण पहले ही दिया जा चुका है। ऐसे में वे केवल दवा सेवन ही नहीं कराएंगे। वे फाइलेरिया मरीजों को बीमारी के प्रबंधन, स्वच्छता और बचाव संबंधी आवश्यक परामर्श भी देंगे। उपलब्धता के अनुसार मरीजों को एमएमडीपी किट भी उपलब्ध कराई जाएगी। इससे रोग से होने वाली जटिलताओं को कम करने में मदद मिलेगी। मरीजों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा। राज्य स्वास्थ्य समिति ने जिला कार्यक्रम समन्वयकों (डीपीसी) की जिम्मेदारी भी तय की है। निर्देश में कहा गया है कि डीपीसी अपने अधीन संचालित सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में इन गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा, वे सीएचओ के पास फाइलेरिया रोधी दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखेंगे। वे एमएमडीपी किट के समय पर वितरण की निगरानी करेंगे।

### 2.60 लाख बच्चों को दवा देने का लक्ष्य

**बक्सर**। जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान का उद्घाटन बक्सर सदर प्रखंड की चुरामनपुर पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ऊर्जा विभाग के सचिव सह बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक एवं बक्सर के प्रभारी सचिव अजय यादव ने नवजात शिशु को पोलियो की दो बूंद खुराक पिलाकर किया। इसके साथ ही जिले में 5 दिवसीय विशेष अभियान की शुरुआत हो गई, जो 28 जून से 2 जुलाई तक चलेगा। अभियान की सफलता को लेकर पंचायत स्तर तक टीम बनाई गई है। इसको लेकर पंचायत जनप्रतिनिधियों से अपील की गई है। ताकि लोग जागरूक हो सके। इसके साथ हीं सार्वजनिक स्थान रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड पर भी टीम रहेगी। जहां शुन्य से पांच वर्ष तक के शिशु को प्लस पोलियो दवा पिलाई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इस अभियान के दौरान जिले में जन्म से लेकर पांच वर्ष तक की आयु के लगभग 2.60 लाख बच्चों को पोलियो की दो बूंद जीवनरक्षक खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए जिलेभर में बूथ बनाए गए हैं तथा घर-घर जाकर भी बच्चों को दवा पिलाने की व्यवस्था की गई है। राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से आशा कार्यकर्ताओं, एएनएम, आंगनबाड़ी सेविकाओं तथा स्वयंसेवकों की तैनाती की गई है।

### ग्रामीणों ने मांगा आवास और राशन



**गड़हनी**। पंचायत विकास दिवस पर बराप, बड़ौरा, बलिगांव व कुरकुरी पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी पंचायतों से अलग-अलग पदाधिकारी जिला से शामिल हुए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा 135वीं मन की बात' ग्रामीण जनता ने सुनी। प्रधानमंत्री ने पंचायत में कौन-कौन सी योजनाएं चल रही हैं, पंचायत कैसे नई तकनीक से जुड़ रहा है, पंचायत के ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ कैसे मिलेगा, इस पर 'मन की बात' में चर्चा की। उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त रजनीश कुमार, वरीय उप समाहर्ता मो. मोइज़ जिया, अंचलाधिकारी दीपा कुमारी, डीआरडीए निदेशक लोक प्रकाश ने उपस्थित ग्रामीण जनता से चल रही योजनाओं के बारे में पूछा। कार्यक्रम में कई ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास योजना की गड़बड़ी, नल-जल, राशन, पेंशन सहित कई शिकायतें उपस्थित पदाधिकारियों से कीं। बड़ौरा पंचायत के सामाजिक कार्यकर्ता रामनाथ सिंह व जनता ने कहा कि आवास योजना जिनको मिलनी चाहिए, उन्हें नहीं मिल रही। जो इसके लायक नहीं हैं, उन्हें यह लाभ दिया जा रहा है। नल-जल योजना बिल्कुल ठप है। शिकायत करने पर पीएचडी विभाग के जेई व कर्मी सुनते नहीं। कुरकुरी, बलिगांव, बराप में भी जनता ने योजनाओं को धरातल पर उतारने की बात कही। मौके पर मुखिया सुनील कुमार, चंद्रशेखर सिंह, संजय चौधरी, महेंद्र सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

### नशा समाज को कमजोर करता है

**आरा**। सामाजिक संस्था नई आशा की ओर से उदवंतनगर प्रखंड के चोराई माता शबरी सभागार में, नशा मुक्त भारत अभियान जागरूकता कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि सहायक आयुक्त, मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग रजनीश कुमार ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों को कमजोर करता है। उन्होंने कहा कि बच्चों का सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने के लिए नशे से दूरी बनाना जरूरी है। सरकार का उद्देश्य केवल कानून लागू करना नहीं, बल्कि जनजागरण के माध्यम से नशामुक्त समाज का निर्माण करना है। संस्था के संस्थापक डॉ. भीम सिंह भवेश ने कहा कि शिक्षा, आत्मविश्वास और नशामुक्त जीवन ही समाज के उत्थान का आधार है। उन्होंने लोगों से अपील की कि नशे पर खर्च होने वाली राशि बच्चों की शिक्षा पर लगाएं, ताकि आने वाली पीढ़ी बेहतर भविष्य बना सके। कार्यक्रम में नई आशा के सेतु केंद्र से जुड़े बच्चों के अभिभावकों को प्रोत्साहन स्वरूप बाल्टी व मग वितरित किए गए। वहीं बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए बैट, बॉल, कैरम बोर्ड, शतरंज और लूडो भी प्रदान किए गए। विभिन्न विश्वविद्यालयों के इंटर्न विद्यार्थियों ने रैली और घर-घर संपर्क अभियान चलाकर लोगों को नशा छोड़ने तथा बच्चों को नियमित रूप से सेतु केंद्र भेजने के लिए प्रेरित किया। अंत में मनीष वत्स ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# भरत तिवारी की तेरहवीं- खेतों में टेंट-पलंग लगे, शैय्या दान के वक्त रो पड़ी मां

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

## यूपी के ब्राह्मण संगठनों का भोजपुर पहुंचने का ऐलान



**आरा**। भोजपुर के बिलौटी गांव में पुलिस एनकाउंटर में मारे गए भरत तिवारी की कल यानी 30 जून को तेरहवीं है। घर में अभी श्रद्धाकर्म चल रहा है। बड़े भाई बसंत तिवारी ने श्रद्धाकर्म के दौरान गौ दान किया। वहीं, शैय्या दान के दौरान भरत की मां बेटे को याद कर रो पड़ीं। मां ने कहा, 'अरे तू कहां चला गया, लौट आ।' उधर, तेरहवीं को लेकर गांव में तैयारियां चल रही हैं। आज घर पहुंचे लोगों के लिए खाना बन रहा है। आयोजन करने वालों ने बताया कि कल यहां अखंड पूजा के साथ करीब 15 हजार लोगों के खाने-पीने का इंतजाम किया गया है। गांव के आसपास खेतों में टेंट लगाए गए हैं। कुर्सियां मगवाई गई हैं। लोगों के आराम करने के लिए खेतों में पलंग लगे हैं। घर के सामने विशाल शामियाना लगाया गया है, जहां श्रद्धांजलि सभा में आने वाले लोग बैठेंगे और खाना खाएंगे। मौसम को देखते हुए कूलर और पंखे भी लगाए गए हैं।

**तेरहवीं से पहले दोषी पुलिसकर्मियों की गिरफ्तारी की मांग**: भरत की तेरहवीं से पहले दोषी बताए जा रहे पुलिसकर्मियों की गिरफ्तारी की मांग दोहराते हुए चेतावनी दी गई है कि कार्रवाई नहीं होने पर विधानसभा का घेराव किया जाएगा। दावा है कि श्राद्धकर्म और श्रद्धांजलि सभा में बिहार के विभिन्न जिलों के अलावा उत्तर प्रदेश, ग्वालियर, दिल्ली, हरियाणा सहित अन्य राज्यों से भी हजारों लोगों के शामिल होने की संभावना है। इसे देखते हुए सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर भी तैयारी की जा रही है।

**हजारों लोग बिलौटी पहुंच रहे हैं**: कार्यक्रम के संयोजक पंकज त्रिपाठी ने कहा कि हम लोगों ने गांव को छोड़कर किसी को निमंत्रण नहीं दिया। भरत सिर्फ बिलौटी का नहीं, पूरे देश का हो गया है। हजारों की संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। हमारी यही कोशिश है कि जो भी भरत के नाम पर गांव आ रहे हैं, उनका हम ज्यादा से ज्यादा सेवा कर सकें। महापंचायत के जरिए शासन-प्रशासन को 30 जून तक का समय दिया था। मंगलवार को समय सीमा खत्म हो रहा है। कल सारे पदाधिकारी पहुंचे रहे हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस करके आगे की रणनीति के बारे में जानकारी देंगे। सभी लोगों से आग्रह है कि अपने फोन में भरत की डीपी लगाएं। बाहर से लोग आ रहे हैं, सबके लिए व्यवस्था कर रहे हैं।

**भरत तिवारी एनकाउंटर पर ब्राह्मण समाज लामबंद**: एनकाउंटर को लेकर ब्राह्मण संगठनों की सक्रियता लगातार बढ़ती जा रही है। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में 29 जून को कैंडल मार्च निकालने और 1 जुलाई को भोजपुर पहुंचकर महापंचायत में शामिल होने का ऐलान किया है। संगठन ने मामले में न्याय और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग दोहराई है। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित राजेंद्र नाथ त्रिपाठी ने कहा कि बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग भोजपुर पहुंचेंगे। महापंचायत में आगे की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। भरत भूषण तिवारी सामाजिक मुद्दों और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाते थे। परशुराम सेना एवं अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के अध्यक्ष कृपा निधान तिवारी ने कहा कि सवर्ण समाज से जुड़े मुद्दों पर सरकार को गंभीरता से विचार करना चाहिए। वहीं, राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के अध्यक्ष अलंकार अग्निहोत्री ने भी सवर्ण समाज के हितों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने की बात कही।

# मुंशी पर जानलेवा हमला रास्ते में घेरकर मारा चाकू



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। भोजपुर में बालू घाट के मुंशी पर जानलेवा हमला हुआ है। मामूली विवाद में चाकू से मारकर घायल कर दिया। इलाज के लिए सदर अस्पताल में एडमिट कराया गया है। घटना सहार थाना क्षेत्र के पेउर गांव स्थित बालू घाट नंबर-5 की है।

घायल की पहचान मो. अलाउद्दीन(50) के तौर पर हुई है। उन्होंने बताया कि बालू घाट पर काम कर रहे थे। उसी घाट पर उनके गांव का ही एक युवक मजदूरी करता है। वो बिना बताए दूसरे घाट पर काम करने चला गया था। जब वो वापस लौटा तो मैंने पूछा कि तुम कहां गए थे, तो उसने कहा कि मैं दूसरे घाट पर गया था। इसी बात को लेकर विवाद हुआ था। तब घाट पर मौजूद जावेद ने मामले को शांत दिया गया था।

**छानबीन में जुटी पुलिस**: पीड़ित ने आगे बताया कि जब खाना खाकर वापस लौटा तो युवक ने चाकू से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मामूली विवाद में वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

# शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग पर भूख हड़ताल, पेपर लीक के विरोध में प्रदर्शन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

♦ अनियमितताओं की जांच की मांग




**आरा**। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को भंग करने, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक और शिक्षा व्यवस्था में भ्रष्टाचार के विरोध में आंदोलन चल रहा है। दिल्ली के जंतर-मंतर पर आंदोलनरत छात्र-युवा संगठनों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर भूख हड़ताल शुरू की। वहीं, इस आंदोलन के समर्थन में आरा सहित बिहार और देश के विभिन्न हिस्सों में छात्र संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने एक दिवसीय सामूहिक उपवास और भूख हड़ताल आयोजित की।

पूर्व विधायक शिव प्रकाश रंजन ने कहा कि नीट सहित विभिन्न परीक्षाओं में पेपर लीक और परीक्षा व्यवस्था में लगातार अनियमितताओं ने लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि 20 से अधिक छात्रों की आत्महत्या की घटनाओं की नैतिक जिम्मेदारी सरकार और शिक्षा मंत्रालय को लेनी चाहिए। उनका कहना था कि दिल्ली के जंतर-मंतर पर पिछले कई दिनों से आमरण अनशन चल रहा है, जिसके समर्थन में देशभर में छात्र और युवा संगठन सड़कों पर उतरकर सामूहिक उपवास कर रहे हैं।

**दोबारा परीक्षा आयोजित करना समाधान नहीं**: उन्होंने कहा कि केवल दोबारा परीक्षा आयोजित कर देना समाधान नहीं है। जिन छात्रों ने कथित अव्यवस्थाओं के कारण मानसिक तनाव झेला या आत्महत्या जैसा कदम उठाया, उन्हें न्याय कौन देगा। उन्होंने आरोप लगाया कि परीक्षा प्रणाली की सुरक्षा और पारदर्शिता को लेकर आज भी छात्रों के मन में संशय बना हुआ है। इसी कारण शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग की जा रही है। उन्होंने कहा कि बिहार में आईसा और इंकलाबी नौजवान सभा छात्रों के सवालों और पेपर लीक के मुद्दे पर लगातार आंदोलन कर रहे हैं और आगे भी यह संघर्ष जारी रहेगा।

**आंदोलन शिक्षा व्यवस्था में कुव्यवस्था के खिलाफ है**: छात्र नेत्री वर्षा कुमारी ने कहा कि यह आंदोलन केवल नीट परीक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरी शिक्षा व्यवस्था में कुव्यवस्था के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही का अभाव है और छात्रों को लगातार मानसिक दबाव का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना था कि परीक्षा केंद्रों की दूरी, बार-बार बदलती परिस्थितियां और परीक्षा प्रक्रिया में खामियों के कारण छात्रों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने यह भी दावा किया कि कई छात्र मानसिक अवसाद से जूझ रहे हैं। आंदोलनकारियों ने कहा कि जब तक परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी, सुरक्षित और जवाबदेह नहीं बनाया जाता और छात्रों के हितों की रक्षा नहीं होती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने सरकार से शिक्षा व्यवस्था में सुधार, पेपर लीक मामलों की जांच और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की।

# चंदन कुमार हत्याकांड में एफआईआर दर्ज दो हजार रुपए को लेकर विवाद हुआ था

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा**। भोजपुर पुलिस ने चंदन कुमार हत्याकांड में प्राथमिकी दर्ज कर जांच तेज कर दी है। मृतक के पिता विजय यादव के बयान पर करनामेपुर थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव निवासी धीरज कुमार उर्फ राकेश मिश्रा समेत तीन अज्ञात लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पैसों के लेन-देन और प्रेम-प्रसंग दोनों पहलुओं को आधार मानकर जांच की जा रही है। घटना टाउन थाना क्षेत्र स्थित धरहरा अनुसूचित जाति टोला के पास की है।

प्राथमिकी के अनुसार, नवादा थाना क्षेत्र के श्रीटोला निवासी विजय यादव ने बताया कि गुरुवार की रात वह अपने पुत्र चंदन कुमार और बहू सुगामुनी देवी के साथ धरहरा स्थित दूसरे मकान पर मौजूद थे। इसी दौरान करमन टोला में रहने वाला धीरज कुमार उर्फ राकेश मिश्रा तीन अन्य लोगों के साथ वहां पहुंचा। उसने चंदन से खर्च के नाम पर दो हजार रुपए की मांग की। रुपए देने के बाद उसे अपने साथ चलने के लिए दबाव बनाने लगा।

जब चंदन ने साथ जाने से इनकार किया तो आरोपी उसे जबरन खींचकर ले जाने लगे। शोर सुनकर चंदन की पत्नी सुगामुनी देवी मौके पर पहुंची और विरोध किया। आरोप है कि इसी दौरान धीरज कुमार उर्फ राकेश मिश्रा ने अपनी कमर से हथियार निकालकर चंदन को गोली मार दी। गोली लगते ही जमीन पर गिर पड़ा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद सभी आरोपी फरार हो गए।

**मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी**: हत्या की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया। टाउन थाना इंस्पेक्टर देवराज राय ने बताया कि मृतक के परिजन के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मुख्य आरोपी समेत अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। अब तक की जांच में पैसों के विवाद और प्रेम-प्रसंग दोनों बिंदु सामने आए हैं। मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के बाद घटना के वास्तविक कारणों का खुलासा होने की संभावना है।

# 12 को होगा चंद्रशेखर जन्म शताब्दी समारोह

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर**। पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के जन्म शताब्दी समारोह को ऐतिहासिक और भव्य बनाने के उद्देश्य से रविवार को आयोजन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक समारोह की संरक्षक सह कोषाध्यक्ष बबन सिंह के आवास पर संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता कुंवर कमलेश सिंह ने की। बैठक में 12 जुलाई 2026 को प्रस्तावित समारोह की तैयारियों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान समिति के सदस्यों ने कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। आयोजन की समुचित व्यवस्था, अतिथियों के स्वागत, मंच संचालन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर ठोस रणनीति तैयार की गई। सदस्यों ने कहा कि यह समारोह सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि चंद्रशेखर के विचारों और उनके योगदान को जन-जन तक पहुंचाने का एक सार्थक प्रयास होगा। इस अवसर पर सच्चिदानंद भगत, प्रियव्रत सिंह, राणा प्रताप सिंह, सत्येंद्र सिंह, विनोद सिंह, अवधेश राय, डॉ शशांक शेखर, राघवेंद्र उज्जैन, तारकेश्वर राय, आदित्य चौधरी, हरिशंकर गुप्ता, शिवाकांत मिश्रा, अशोक पासवान, मनु सिंह, आजाद सिंह राठौड़, अनु उपाध्यक्ष, मुकेश कुमार सिंह, राहुल कुमार, अभय कुमार, रावत सिंह, रामजी सिंह, उत्तम सिंह सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

# चार तक दोपहर 12:30 बजे के बाद 8वीं तक के स्कूलों पर लगी रोक

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। जिले में लगातार पड़ रही अत्यधिक उमस भरी गर्मी और दोपहर के समय आसमान छूते तापमान को देखते हुए जिला प्रशासन ने बच्चों की सुरक्षा के लिए बड़ा कदम उठाया है। भीषण गर्मी और लू के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव की आशंका को देखते हुए जिलाधिकारी (डीएम) ने जिले के स्कूलों के समय में बदलाव का आदेश जारी किया है।

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के तहत जारी इस आदेश के अनुसार, बक्सर जिले के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों, प्री-स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों और कोचिंग संस्थानों में कक्षा 1 से 8वीं तक की शैक्षणिक गतिविधियों पर दोपहर 12:30 बजे के बाद पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है।यह आदेश 30 जून 2026 से लागू होगा और 4 जुलाई 2026 तक प्रभावी रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया है कि जिले के सभी सरकारी, निजी स्कूल, प्री-स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र और कोचिंग संस्थान में दोपहर 12:30 बजे के बाद कक्षा 8वीं तक की कोई भी शैक्षणिक गतिविधि नहीं होगी।सभी विद्यालय प्रबंधनों को निर्देश दिया गया है कि वे इस आदेश के अनुरूप अपनी कक्षाओं और समय सारणी (टाइम टेबल) को पुनर्निर्धारित करें।

# जेसीबी ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, मौत पत्नी-बेटी गंभीर घायल, गंगा स्नान कर लौट रहे थे घर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर**। बक्सर जिले के कोरानसराय थाना क्षेत्र में डुमरांव-बिक्रमगंज मुख्य मार्ग पर रविवार को एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। इस दुर्घटना में उसकी पत्नी और तीन वर्षीय बेटी गंभीर रूप से घायल हो गईं। नावानगर निवासी विकास कुमार (35 वर्ष), पुत्र गणेश ठाकुर, अपनी पत्नी प्रियांशु कुमारी और अन्य परिजनों के साथ बक्सर में गंगा स्नान कर बाइक से घर लौट रहे थे। सुघर डेरा के पास एक सीमेंट मिक्सिंग फैक्ट्री से निकल रही जेसीबी ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद पूरा परिवार सड़क पर गिरकर घायल हो गया। हादसे में विकास कुमार को सीने में गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों और परिजनों ने उन्हें डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी पत्नी प्रियांशु कुमारी, बहन और तीन वर्षीय बेटी नंदनी कुमारी का इलाज अस्पताल में जारी है।

विकास कुमार दिल्ली में एक निजी फैक्ट्री में कार्यरत थे। अपनी मां की तबीयत खराब होने की जानकारी मिलने पर वह लगभग एक सप्ताह पहले ही गांव लौटे थे। उनके परिवार में पांच वर्षीय बेटा विवेक कुमार और तीन वर्षीय बेटी नंदनी कुमारी हैं। मृतक की पत्नी प्रियांशु कुमारी ने आरोप लगाया है कि फैक्ट्री से निकल रही जेसीबी को लापरवाही से चलाया जा रहा था, जिसके कारण यह टक्कर हुई। पुलिस अधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि पुलिस घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### नेशनल हाईवे पर बस-ट्रैक्टर टक्कर में 4 मजदूर घायल ओवरटेक करने की कोशिश में एक्सीडेंट, 2 रेफर

**हाजीपुर**। वैशाली में हाजीपुर-मुजफ्फरपुर मुख्य मार्ग NH 22 पर हरसेर गांव के पास एक यात्री बस और सीमेंट लदे ट्रैक्टर के बीच टक्कर हो गई। इस हादसे में ट्रैक्टर सवार चार मजदूर घायल हो गए। गरौल पुलिस ने सभी घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार, दोनों वाहन हाजीपुर की ओर से मुजफ्फरपुर जा रहे थे। यात्री बस ने तेज रफ्तार में आगे चल रहे ट्रैक्टर को ओवरटेक करने की कोशिश की, जिससे यह टक्कर हुई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सड़क पर ट्रैक्टर से लदे सीमेंट के पैकेट बिखर गए। हादसे की सूचना मिलते ही गरौल पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने यात्री बस और ट्रैक्टर दोनों को जब्त कर लिया। दुर्घटना के कारण बाधित हुए NH 22 को खाली कराया गया, जिसके बाद आवागमन सामान्य हो सका। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गरौल के डॉ. संजय कुमार ने बताया कि सड़क हादसे में चार लोग घायल हुए थे। प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों को हड्डी फ्रैक्चर की आशंका के चलते बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर रेफर किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी घायल खतरे से बाहर हैं और दो अन्य घायलों का इलाज गरौल में ही चल रहा है। घायलों की पहचान राहुल, विजय, प्रमोद और अभिषेक के रूप में हुई है।

### ट्रेन में पर्स चोरी का खुलासा, 4 गिरफ्तार, हाजीपुर पुलिस ने मोबाइल और सोना बरामद किया



**हाजीपुर**। हाजीपुर रेल पुलिस ने ट्रेन में हुई पर्स चोरी की घटना का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी का मोबाइल फोन और 7.2 ग्राम सोना भी बरामद किया है। यह कार्रवाई रेल थाना कांड संख्या 77/26 के तहत की गई। बीते 23 अप्रैल को यात्री किरण सिंह का ट्रेन संख्या 04168 की S5 बोगी से पर्स चोरी हो गया था। पर्स में ओप्पो कंपनी का मोबाइल, मंगलसूत्र, कान का कुंडल, चांदी का बिछिया और 10,000 रुपये नकद शामिल थे। अनुसंधान के दौरान, तकनीकी साक्ष्य के आधार पर चोरी हुए मोबाइल का एसडीआर (सब्सक्राइबर डिटेल रिकॉर्ड) गरीबन पासवान (38 वर्ष, पिता- स्व. शिव वचन पासवान, निवासी हिलालपुर, वार्ड-03, थाना औद्योगिक, जिला वैशाली) के नाम पर आया। पुलिस ने छापेमारी कर गरीबन को नोटिस दिया, जिसके बाद उसने थाने में आकर मोबाइल प्रस्तुत किया। पूछताछ में गरीबन ने बताया कि उसने यह मोबाइल चंदन दास (40 वर्ष, पिता- लालदेव दास, निवासी हिलालपुर, वार्ड-03, थाना औद्योगिक, जिला वैशाली) से 2500 रुपये में खरीदा था। चंदन दास से पूछताछ करने पर पता चला कि उसे यह मोबाइल अनमोल दास (32 वर्ष, पिता- उमा शंकर दास, निवासी चक बिजगानी, दिग्गी कला, थाना सदर, जिला वैशाली) ने दिया था। अनमोल मोबाइल बेचने के बदले चंदन को 200 रुपये नकद देता था। अनमोल दास के ठिकाने पर छापेमारी की गई, जहां उसने चोरी की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की। उसने बताया कि चोरी का सोना उसने सोनार अमरमित कुमार (पिता- त्रिभुवन साह, निवासी रतनपुरा, वार्ड-10, थाना भगवानपुर, जिला वैशाली) को 75,000 रुपये में बेचा था, जबकि मोबाइल चंदन दास के माध्यम से बिकवाया था। सोनार अमरमित कुमार के यहां छापेमारी करने पर उसने भी अनमोल दास से सोना खरीदने और उसके बदले 75,000 रुपये नकद देने की बात कबूल की। सोनार ने 7.2 ग्राम सोना पुलिस को सौंप दिया। इसके बाद विधिवत जब्ती सूची बनाकर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। जीआरपी ने इस मामले में चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस छापेमारी टीम में रेल थाना हाजीपुर के थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, सब इंस्पेक्टर आरिफ अली, एसआई अमृता कुमारी, सिपाही कृष्ण कुमार, राम प्रवेश कुमार, अर्जुन कुमार, जय प्रकाश कुमार और चालक सिपाही राजीव कुमार रंजन शामिल थे।

### कार की टक्कर से दो साइकिल सवार गंभीर घायल, रोड क्रॉस करते समय एक्सीडेंट

**हाजीपुर**। हाजीपुर-मुजफ्फरपुर मुख्य मार्ग पर रविवार को एकारा के समीप एक सड़क हादसे में दो साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। तेज रफ्तार बोलेरो ने सड़क पार कर रहे इन दोनों व्यक्तियों को टक्कर मार दी। घायलों की पहचान काजीपुर थाना क्षेत्र के अब्दुलपुर धोबघट्टी निवासी बेचू राय (पिता भगेरु राय) और पंछी राय के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, दोनों अपनी साइकिल के साथ पैदल सड़क पार कर रहे थे, तभी मुजफ्फरपुर की ओर से आ रही एक अनियंत्रित बोलेरो ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें इलाज के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दोनों की नाजुक स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पटना के पीएमसीएच रेफर कर दिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### पत्नी से अवैध संबंध के शक में भाई का मर्डर, पत्थर से सिर कूचकर उतारा मौत के घाट, आरोपी छोटा भाई अरेस्ट

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर के मुशहरी थाना क्षेत्र के नवादा गांव में रविवार की सुबह पारिवारिक, भूमि विवाद और अवैध संबंध के शक ने एक परिवार को तबाह कर दिया। छोटे भाई ने अपनी पत्नी और बड़े भाई के बीच अवैध संबंध होने के शक में मंझली भाभी के साथ मिलकर संतोष महतो (48) की आटा पीसने वाले जाता (पत्थर) से सिर कूचकर हत्या कर दी। घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी छोटे भाई अशोक महतो और मंझले भाई की पत्नी बिंदु देवी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस दोनों से पूछताछ कर हत्या के पीछे की वास्तविक वजह की जांच कर रही है। पुलिस की प्रारंभिक जांच के अनुसार शनिवार रात भूमि विवाद और आपसी कहासुनी को लेकर दोनों भाइयों के बीच जमकर विवाद हुआ था। विवाद के बाद संतोष महतो घर के बाहर लगी बेंच पर सो गए। आरोप है कि रात में ही हत्या की साजिश रची गई। रविवार सुबह तड़के अशोक महतो और बिंदु देवी ने मिलकर दरवाजे पर रखे आटा पीसने वाले भारी जाता से संतोष के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। गंभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर एसडीपीओ सकरा-2 मनोज कुमार सिंह, मुशहरी थानाध्यक्ष सुबोध कुमार मेहता मौके पर पहुंचे। एफएसएल टीम ने घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए। हत्या में इस्तेमाल जाता समेत अन्य साक्ष्यों को जब्त कर लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया गया। मृतक की पत्नी के बयान पर अशोक महतो और बिंदु देवी के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि अशोक महतो को अपनी पत्नी और बड़े भाई संतोष महतो के बीच अवैध संबंध होने का शक था। इसी बात को लेकर दोनों भाइयों के बीच अक्सर विवाद होता था। वहीं, गांव में यह चर्चा भी है कि करीब दो वर्ष पहले मंझले भाई विनोद महतो की मौत के बाद उसकी पत्नी बिंदु देवी और अशोक महतो के बीच भी नजदीकियां बढ़ गई थीं, जिसका संतोष महतो विरोध करता था। पुलिस इन सभी पहलुओं की गहन जांच कर रही है। परिजनों के अनुसार संतोष महतो हलवाई का काम करते थे। पत्नी से किसी बात को लेकर नाराजगी के बाद वह पिछले करीब डेढ़ महीने से गांव में रह रहे थे, जबकि उनकी पत्नी शहर के अखाड़ाघाट स्थित कर्पूरी नगर में रहती हैं। परिवार में चार बेटियां और एक बेटा है। तीन बेटियों की शादी हो चुकी है। घटना के बाद पूरे परिवार में मातम पसरा हुआ है। एसडीपीओ सकरा-2 मनोज कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला पारिवारिक विवाद, भूमि विवाद और आपसी रंजिश से जुड़ा प्रतीत होता है। हत्या के आरोप में छोटे भाई अशोक महतो और बिंदु देवी को गिरफ्तार कर लिया गया है। एफएसएल की मदद से साक्ष्य जुटाए गए हैं। पूछताछ के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस हत्या के पीछे की वास्तविक वजह और पूरे घटनाक्रम की हर पहलू से जांच कर रही है।

# राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस पर पटना में समारोह आयोजित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता





- प्रशासनिक आंकड़ों की उपयोगिता पर हुआ मंथन
- 'एडमिनिस्ट्रेटिव डेटा की क्षमता को अनलॉक करना' थीम पर विशेषज्ञों ने सुशासन और नीति-निर्माण में विश्वसनीय आंकड़ों की भूमिका बताई

**पटना**। भारत सरकार के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (क्षेत्रीय संचालन प्रभाग), क्षेत्रीय कार्यालय, पटना द्वारा सोमवार को प्रख्यात सांख्यिकीविद् प्रोफेसर पी.सी. महालनोबिस की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस समारोह का आयोजन किया गया।

इस वर्ष समारोह की थीम "एडमिनिस्ट्रेटिव डेटा की क्षमता को अनलॉक करना" रखी गई, जिसका उद्देश्य आधिकारिक सांख्यिकी तंत्र को मजबूत बनाने तथा जनहित में विश्वसनीय आंकड़ों के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं प्रो. पी.सी. महालनोबिस की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। उद्घाटन राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के उपमहानिदेशक एवं क्षेत्रीय प्रमुख रोशन लाल साहू ने किया।

अपने संबोधन में रोशन लाल साहू ने प्रो. महालनोबिस के योगदान को याद करते हुए कहा कि सांख्यिकी केवल शोध का विषय नहीं, बल्कि सुशासन और प्रभावी नीति-निर्माण की मजबूत आधारशिला है। उन्होंने युवाओं से सांख्यिकी के महत्व को समझने तथा इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए आगे आने का आह्वान किया। उपनिदेशक परिमल ने प्रशासनिक आंकड़ों के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जनगणना, जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण, स्वास्थ्य, विवाह और अन्य प्रशासनिक आंकड़े देश की योजनाओं के निर्माण, नीति-निर्धारण और उनके प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

समारोह में बिहार सरकार के आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय (DES) के उपनिदेशक वीरेन्द्र कुमार, पटना विश्वविद्यालय के विशिष्ट प्रोफेसर डॉ. प्रमित कुमार, डॉ. डॉली भारती तथा डॉ. सुरभि सुमन ने भी अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने सांख्यिकी के शैक्षणिक और व्यावहारिक महत्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि विश्वसनीय आंकड़े किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में बेहतर निर्णय और विकास योजनाओं का आधार होते हैं।

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी सुशील कुमार सिंह द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए सांख्यिकी विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह में पटना के विभिन्न कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों के सांख्यिकी विषय के छात्र-छात्राओं के अलावा राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## 'स्वर्णिम 12 साल बेमिसाल' अभियान के तहत भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ ने किया पौधरोपण



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे 'स्वर्णिम 12 साल बेमिसाल' अभियान के तहत सोमवार को भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ द्वारा राजेंद्र नगर स्थित तिनकोनिया पार्क में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और हरित विकास के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना था। इस अवसर पर भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सतीश राजू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास के अनेक नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और प्रत्येक नागरिक को अधिक से अधिक पौधे लगाकर प्रकृति के संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए।

उन्होंने युवाओं से पर्यावरण को स्वच्छ, सुरक्षित और हरा-भरा बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि पौधरोपण केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के बेहतर भविष्य के लिए सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजक राजेश यादव एवं सह-संयोजिका कंचन कुमारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ के कोषाध्यक्ष विकास सिंह, प्रवक्ता निलेश दत्त तिवारी, आईटी सेल के संयोजक मोहित श्रीवास्तव सहित संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पौधरोपण अभियान के दौरान विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए तथा उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

## श्रीनगर के ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कर डॉ. प्रेम कुमार ने सराहा जम्मू-कश्मीर का पर्यटन वैभव

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अपने जम्मू एवं कश्मीर प्रवास के दौरान सपरिवार श्रीनगर के प्रमुख ऐतिहासिक एवं पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने श्रीनगर के ऐतिहासिक लाल चौक का दौरा कर उसके सामाजिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व की जानकारी प्राप्त की। प्रवास के दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने विश्वप्रसिद्ध डल झील में पारंपरिक शिकारा की सवारी का आनंद लिया। उन्होंने कहा कि डल झील की प्राकृतिक सुंदरता, शांत वातावरण और कश्मीर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित करती है। उन्होंने जम्मू एवं कश्मीर में पर्यटन क्षेत्र के विकास तथा आधारभूत सुविधाओं में हुए सकारात्मक बदलाव की भी सराहना की।



अपने दौरे के क्रम में विधानसभा अध्यक्ष ने विश्वविख्यात पर्यटन स्थल गुलमर्ग का भी भ्रमण किया। गुलमर्ग क्लब में उन्होंने गोल्फ खेला और वहां की मनमोहक वादियों तथा प्राकृतिक सौंदर्य का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि हरियाली से आच्छादित गुलमर्ग, विश्वस्तरीय पर्यटन सुविधाओं और प्राकृतिक छटा के कारण देश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि जम्मू एवं कश्मीर की प्राकृतिक संपदा, सांस्कृतिक विविधता और वहां के लोगों का आत्मीय व्यवहार देश की 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को और अधिक सशक्त बनाता है।

# 70वीं बीपीएससी के सफल अभ्यर्थियों का हुआ सम्मान युवाओं को समाज निर्माण में योगदान देने का आह्वान

## पटना में आयोजित छात्र सम्मान समारोह में मेधावियों को किया गया सम्मानित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**पटना**। राजधानी पटना के बोरिंग रोड स्थित सिविल्स फोड़ो के प्रांगण में आज 70वीं बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के सम्मान में छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विभिन्न रैंक हासिल करने वाले सफल अभ्यर्थियों को प्रशस्ति-पत्र एवं सम्मान देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।

सम्मानित होने वाले अभ्यर्थियों में शाहीन आफरीन (रैंक-49), अविनाश कुमार (78), शिवेंदु आनंद (87), धनंजय कुमार (368), सेजल कुमार (475), श्वेता भारती (505), अमरजीत कुमार (736), प्रांजलि राज (1172), प्रकृति कुमारी (1847), मयंक कुमार (3412) तथा किरण कुमारी (4049) शामिल रहे। कार्यक्रम में सभी सफल अभ्यर्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें प्रशासनिक सेवा के माध्यम से समाज और राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

समारोह के आयोजक एवं प्रबंध निदेशक दीपक प्रकाश (एम.ए. इन इंटरनेशनल रिलेशंस, यूनिवर्सिटी ऑफ इंडियानापोलिस, यूएसए) ने कहा कि बीपीएससी जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी निभाने का अवसर भी है। उन्होंने कहा कि आज के युवा अपनी मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच के बल पर नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहे हैं, जो अन्य अभ्यर्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत हैं।

दीपक प्रकाश ने सभी सफल अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रशासनिक सेवा में ईमानदारी, पारदर्शिता और जनसेवा की भावना के साथ कार्य करना ही उनकी सबसे बड़ी पहचान होगी। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं से निरंतर मेहनत, धैर्य और आत्मविश्वास बनाए रखने का आह्वान किया तथा कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, बल्कि निरंतर प्रयास ही मंजिल तक पहुंचाता है।

# कच्ची-दरगाह गंगा घाट पर तीन महिलाएं डूबीं, नहाने के दौरान तेज धार में बहीं

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



- नाविकों ने एक को बचाया एसडीआरएफ का रेस्क्यू जारी

**पटना**। पटना जिले और वैशाली जिले के सीमावर्ती क्षेत्र स्थित कच्ची दरगाह गंगा घाट पर सोमवार की सुबह स्नान के दौरान तीन महिलाएं गहरे पानी में डूबने लगीं। घाट पर मौजूद स्थानीय लोगों ने फौरन एक महिला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन दो अन्य महिलाएं तेज बहाव में लापता हो गईं। घटनास्थल वैशाली जिले के रुस्तमपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है, लेकिन पटना के नदी थाना क्षेत्र से सीमा सटीक होने के कारण दोनों थानों की पुलिस संयुक्त रूप से रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी है। SDRF और स्थानीय गोताखोरों की मदद से लापता महिलाओं की तलाश की जा रही है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक शवों की बरामदगी नहीं हो सकी थी। वहीं, बचाई गई महिला का इलाज कच्ची दरगाह के एक निजी अस्पताल में चल रहा है।

**दो लापता महिलाओं की तलाश जारी, एक सुरक्षितः** परिवार के मुताबिक, कच्ची दरगाह निवासी विनय कुमार के घर रविवार को विवाह समारोह था। इस मांगलिक कार्य में शामिल होने के लिए कई रिश्तेदार आए हुए थे। सोमवार की सुबह करीब 6 बजे रिश्तेदारों में शामिल तीन महिलाएं घाट पर गंगा स्नान के लिए गई थीं। इसी दौरान ढलान पर पैर फिसलने से तीनों महिलाएं एक-दूसरे को बचाने के चक्कर में गहरे पानी में डूबने लगीं। इनमें रायबाग निवासी मीना देवी (60 वर्ष), कालादीयर महाजी निवासी सरस्वती देवी (65 वर्ष) और उनकी बहू रंजीता देवी (32 वर्ष) शामिल थीं।

**स्थानीय लोगों ने एक महिला को बचाया, दो बही गईंः** महिलाओं को डूबता देख घाट पर मौजूद नाविकों और स्थानीय युवकों ने तुरंत नदी में छलांग लगा दी। काफी मशक्कत के बाद लोगों ने बहू रंजीता देवी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन मीना देवी और सरस्वती देवी देखते ही देखते तेज धार में ओझल हो गईं। अधिक पानी पीने के कारण रंजीता की स्थिति गंभीर बनी हुई थी, जिन्हें आनन-फानन में कच्ची दरगाह के ही एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घटनास्थल वैशाली के रुस्तमपुर थाना क्षेत्र में होने के कारण रुस्तमपुर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। वहीं, पटना सीमा से सटे होने की वजह से नदी थाने की पुलिस ने भी सहयोग कर रही है।

## रिशुश्री टेंडर मामला, आरजेडी सांसद सुधाकर सिंह के गंभीर आरोप

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना**। राष्ट्रीय जनता दल (RJD) के सांसद सुधाकर सिंह ने सोमवार को पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रिशु श्री टेंडर मामले को लेकर बिहार सरकार और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी आनंद किशोर समेत 9 आईएएस अधिकारियों को निशाने पर लेते हुए पूरे मामले की अदालत की निगरानी में जांच कराने की मांग की। सुधाकर सिंह ने आरोप लगाया कि बिहार में शिक्षा विभाग में घोटालों की शुरुआत आनंद किशोर के कार्यकाल में हुई। उनका दावा है कि पिछले 10 वर्षों में आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार अनियमितताएं हुई हैं। उन्होंने कहा, 'बिहार में पहले टॉपर घोटाला हुआ था और इस बार भी उसी तरह की गड़बड़ियां सामने आई हैं।' प्रेस कॉन्फ्रेंस में बक्सर सांसद ने आनंद किशोर पर बेहद गंभीर आरोप लगाए और उन्हें "सबसे बड़ा माफिया" बताया। उन्होंने दावा किया कि कथित रिशु श्री को सबसे पहला टेंडर आनंद किशोर ने ही दिया था। सुधाकर सिंह ने मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव सचिव दीपक कुमार पर भी आरोप लगाया कि उनके संरक्षण में आनंद किशोर कथित घोटालों को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आनंद किशोर समेत 9 आईएएस अधिकारी इस पूरे मामले के लिए जिम्मेदार हैं।

## राबड़ी ने फिर मांगी बंगले के सामान की लिस्ट, कहा- चीजों का मिलान जरूरी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। तेजस्वी यादव ने सोमवार को 10 सर्कुलर रोड स्थित राबड़ी आवास खाली कर दिया है। अब वे 1 पोलो रोड स्थित अपने आवास में शिफ्ट हो गए हैं। बंगला खाली करने के नोटिस का आज आखिरी दिन है। इस बीच राबड़ी देवी के आप्त सचिव ने भवन निर्माण विभाग को लेटर लिखकर 5 जुलाई तक आवास खाली करने का वक्त मांगा है। 5 जुलाई को ही राजद का स्थापना दिवस भी है।



पूर्व सीएम राबड़ी देवी की ओर से जो भवन निर्माण विभाग को चिट्ठी लिखी गई है, उसमें कहा गया है कि विभाग की तरफ से चार्ज रजिस्टर उपलब्ध नहीं करवाया जा सका है। इस रजिस्टर में उन सभी सामानों की लिस्ट दर्ज है, जिन्हें इस बंगले में शिफ्ट होते वक्त राबड़ी देवी को उपलब्ध करवाया गया था। ये चार्ज रजिस्टर राबड़ी देवी को साल 2006 में उपलब्ध करवाया गया था। राबड़ी देवी ने इस लेटर के जरिए चार्ज रजिस्टर दोबारा से उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि सामानों के मिलान में किसी तरह का कन्फ्यूजन न हो। इधर, तेज प्रताप यादव राबड़ी आवास पहुंचे। जब मीडिया उनके पास पहुंची, तो उन्होंने खुद वीडियो बनाना शुरू कर दिया।

# मोहल्ला क्लीनिक के तर्ज पर पटना में अर्बन हेल्थ सेंटर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना**। पटना में दिल्ली मॉडल के मोहल्ला क्लीनिक के तर्ज पर आज नए अर्बन हेल्थ सेंटर की सौगात मिलेगी। पटना का सबसे बड़ा और आधुनिक शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आज चालू होगा। स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार और नगर विकास मंत्री नीतीश मिश्रा इसका उद्घाटन करेंगे। अर्बन हेल्थ सेंटर के सामान्य ओपीडी में मौसमी और सामान्य बीमारियों का फ्री इलाज किया जाएगा। साथ ही गर्भवती महिलाओं की जांच, टीकाकरण और सुरक्षित प्रसव संबंधी सलाह, बच्चों का टीकाकरण और नवजात शिशुओं की देखभाल आदि की सविधा भी मिलेगी। वार्ड 38 के दरियापुर भट्टी में बने इस केंद्र का लाभ उस इलाके के डेढ़ लाख लोगों को मिलेगा। यह केंद्र बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र में आता है, जहां उपचुनाव होना है।

**80 प्रकार की दवाई फ्री में उपलब्ध कराई जाएगीः** वार्ड संख्या- 38 के पार्षद डॉ. आशीष सिन्हा ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग ने यह डिसाइड किया है कि यह राज्य का पहला मॉडल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र होगा। यहां मरीजों का फ्री में इलाज होगा, 2 रुपये में रजिस्ट्रेशन होगा। हमारे यहां दो डॉक्टर बीमारी के इलाज के लिए उपलब्ध होंगे। जनरल फिजिशियन सहित ऑर्थोपेडिक्स, गाइनेकोलॉजिस्ट के भी डॉक्टर रहेंगे। आंख की बीमारी का भी फ्री में इलाज होगा और फ्री में ऑपरेशन की भी व्यवस्था होगी। जिनका यहां इलाज होगा उनका ASG आई हॉस्पिटल में निःशुल्क ऑपरेशन की व्यवस्था होगी। 80 प्रकार की दवाई फ्री में उपलब्ध कराई जाएगी। सभी प्रकार के जांच भी निःशुल्क होंगे। OPD की सेवा सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक मिलेगी।

वार्ड संख्या- 38 के दरियापुर भट्टी रोड में दशकों से अतिक्रमित चार कट्ठा जमीन को मुक्त कराकर इस अस्पताल का निर्माण कराया गया है। पटना नगर निगम द्वारा NOC देने के बाद बिहार राज्य स्वास्थ्य समिति के अंतर्गत BMSICL की ओर से 1.16 करोड़ रुपये की लागत से भवन को तैयार किया गया है। इस नए अर्बन हेल्थ सेंटर भवन में 12 कमरे, 6 शौचालय, एक बड़ा हॉल और आपातकालीन स्थिति के लिए 6 बेड की व्यवस्था की गई है। यहां जल्द ही पॉली क्लिनिक और हाइटेक अल्ट्रासाउंड की सुविधा बहाल होगी। इसके अलावा नेत्र जांच के लिए आधुनिक मशीनें और एंबुलेंस की व्यवस्था भी होगी। फिजियोथेरेपी विंग भी शुरू करने की योजना है। राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के तहत इस केंद्र के संचालन के लिए दो डॉक्टरों डॉ. केएम अंशिका और डॉ. निवेश कुमार के साथ नर्स और अन्य स्टाफ की नियुक्ति हो गई है। वार्ड 37, 39, 40 और 42 के लोग भी यहां इलाज करवा सकेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्रेन मलेरिया से चार दिनों में दो बेटियों को खोने से टूट गया परिवार

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले में ब्रेन मलेरिया का प्रकोप लगातार गंभीर होता जा रहा है। विशेष रूप से पोटका प्रखंड के ग्रामीण इलाकों में संक्रमण तेजी से फैल रहा है, जिससे स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन की चिंता बढ़ गई है। सोमवार सुबह पोटका प्रखंड की हरिणा पंचायत स्थित कंदर गांव की एक वर्षीय खुशबू सरदार की एमजीएम अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। वह पिछले चार दिनों से जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रही थी। इससे पहले उसकी आठ वर्षीय बड़ी बहन सुबोला सरदार की भी ब्रेन मलेरिया के कारण मौत हो चुकी थी। चार दिनों के भीतर एक ही परिवार की दो मासूम बेटियों की मौत ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया है और परिवार पर दुखों का ऐसा पहाड़ टूट पड़ा है, जिससे उबर पाना आसान नहीं होगा। मृत बच्चियों के पिता महावीर सरदार आर्थिक रूप से बेहद कमजोर हैं। लगातार दो बेटियों को खोने के बाद उनकी तीसरी बेटी भी तेज बुखार से पीड़ित है, जिससे परिवार की चिंता और बढ़ गई है। महावीर सरदार का कहना है कि उनके सामने सबसे बड़ी समस्या यह है कि वे एक बेटी का अंतिम संस्कार करें या दूसरी बीमार बेटी का इलाज कराएं। उन्होंने बताया कि परिवार की आर्थिक स्थिति इतनी खराब है कि अस्पताल आने-जाने और दवाइयों का खर्च उठाना भी मुश्किल हो गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी डॉ. रजनी महाकुंड ने बताया कि कंदर गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में लगातार स्वास्थ्य जांच अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीमें नियमित रूप से गांवों का दौरा कर रही हैं और लोगों को मलेरिया से बचाव के उपायों की जानकारी भी दी जा रही है। उनके अनुसार स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और किसी भी मरीज को इलाज में लापरवाही नहीं होने दी जाएगी।

### नक्सल प्रभावित रेलखंड में आरपीएफ की ड्रोन से निगरानी

**पश्चिमी सिंहभूम।** नक्सल संगठनों की ओर से मनाए जा रहे "दमन विरोधी सप्ताह" के मद्देनजर दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल में रेलवे सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ कर दिया गया है। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने ऑपरेशन ट्रैक हॉक के तहत 25 जून 2026 से चक्रधरपुर और मनोहरपुर रेलवे स्टेशनों के बीच नक्सल प्रभावित रेलखंड में ड्रोन के माध्यम से विशेष निगरानी एवं क्षेत्र प्रभुत्व अभियान शुरू किया है। इस अभियान के दौरान अत्याधुनिक ड्रोन तकनीक की सहायता से पूरे रेलखंड की लगातार हवाई निगरानी की जा रही है। इसके साथ ही आरपीएफ की टीमें संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार गश्त कर रही हैं, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत नजर रखी जा सके और रेलवे परिचालन को प्रभावित करने की किसी भी कोशिश को समय रहते विफल किया जा सके। सोमवार को जारी बयान में रेलवे प्रशासन ने बताया है कि विशेष सुरक्षा अभियान का उद्देश्य रेलवे की संपत्तियों, यात्रियों की सुरक्षा तथा महत्वपूर्ण रेल अवसंरचना की हर स्तर पर रक्षा सुनिश्चित करना है। संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ा दी गई है और निगरानी व्यवस्था को तकनीकी रूप से और मजबूत बनाया गया है। यह अभियान नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

### शिलान्यास के बाद भी ठप पड़ीं 60 विकास योजनाएं : सरयू

**पूर्वी सिंहभूम।** विधायक सरयू राय ने नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव को पत्र लिखकर नगर विकास विभाग की उन योजनाओं पर चिंता जताई है, जिनका शिलान्यास कई महीने पहले हो चुका है, लेकिन अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि 16 करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं का लंबे समय तक लंबित रहना जनहित के साथ गंभीर लापरवाही है। सोमवार को अपने पत्र में सरयू राय ने उल्लेख किया है कि जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (अक्षेस) के अंतर्गत जिला योजना समिति से स्वीकृत 21 विकास योजनाओं की निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद 14 मार्च 2026 को उनका शिलान्यास किया गया था। इन योजनाओं की कुल लागत 03 करोड़ 24 लाख 78 हजार 599 रुपये है, लेकिन शिलान्यास के महीनों बाद भी किसी भी योजना पर कार्य प्रारंभ नहीं हुआ। उन्होंने यह भी बताया कि मानगो नगर निगम क्षेत्र की 39 विकास योजनाओं का शिलान्यास 29 दिसंबर 2025 को किया गया था। लगभग 12 करोड़ 99 लाख 19 हजार 117 रुपये की लागत वाली इन परियोजनाओं का भी अब तक धरातल पर काम शुरू नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि दोनों शिलान्यास कार्यक्रमों में वे स्वयं उपस्थित थे।

## झारखंड शराब घोटाला: ईडी के समन पर पेश नहीं हुए रोहित उरांव, तीन सप्ताह का समय मांगा

**एजेंसी। रांची**




झारखंड के शराब घोटाले की जांच में सोमवार को नया घटनाक्रम सामने आया। राज्य के पूर्व वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव के बेटे रोहित उरांव प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन के बावजूद रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ के लिए उपस्थित नहीं हुए। उन्होंने और उनके पिता रामेश्वर उरांव ने जांच में शामिल होने के लिए तीन सप्ताह का अतिरिक्त समय मांगा है। फिलहाल इस अनुरोध पर ईडी ने कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया है और मामला एजेंसी के वरिष्ठ स्तर पर विचाराधीन है। ईडी ने शराब घोटाले से जुड़े धनशोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) मामले में रोहित उरांव को 29 जून को पूछताछ के लिए तलब किया था। वहीं, पूर्व वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव को 30 जून को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। यह मामला झारखंड की नई उत्पाद नीति-2022 के क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं से जुड़ा है। इससे पहले राज्य की भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने आबकारी नीति में गड़बड़ी के आरोपों को लेकर एफआईआर (कांड संख्या 09/2025) दर्ज की थी। इसी एफआईआर को आधार बनाकर ईडी ने धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत ईसीआईआर संख्या 10/2025 दर्ज कर जांच शुरू की। जांच एजेंसी का कहना है कि वह अवैध वित्तीय लेनदेन (मनी ट्रेल) की कड़ियों को जोड़ने के लिए दस्तावेजों, बैंक लेनदेन और डिजिटल साक्ष्यों का मिलान कर रही है। गौरतलब है कि 23 अगस्त 2023 को ईडी ने रांची, धनबाद, गिरिडीह, देवघर, दुमका, गोड्डा, जामताड़ा और कोलकाता समेत 32 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान रोहित उरांव के रांची स्थित आवास से 30 लाख रुपये नकद बरामद होने का दावा किया गया था। ईडी को संदेह है कि झारखंड में नई उत्पाद नीति लागू होने के दौरान छत्तीसगढ़ की कुछ कंपनियों को शराब आपूर्ति और मैनपावर सप्लाई का काम दिलाने में प्रभावशाली लोगों की भूमिका रही। जांच एजेंसी विशेष रूप से छत्तीसगढ़ की श्री ओम साई बेवरेजेज प्रा. लि. को झारखंड में ठेका दिलाने में रोहित उरांव की संभावित भूमिका की जांच कर रही है। जांच के दौरान यह भी आरोप सामने आए हैं कि नई उत्पाद नीति कथित रूप से छत्तीसगढ़ मॉडल के आधार पर तैयार की गई, टेंडर की शर्तों में बदलाव कर कुछ कंपनियों को लाभ पहुंचाया गया तथा नकली होलोग्राम के जरिए अवैध शराब की बिक्री कर भारी कमीशन वसूला गया। हालांकि, इन आरोपों की जांच अभी जारी है और ईडी वित्तीय लेनदेन से जुड़े सभी तथ्यों की पड़ताल कर रही है। मामले में अब जांच एजेंसी के अगले कदम और रोहित उरांव तथा रामेश्वर उरांव की पूछताछ की नई तारीख पर सभी की नजर बनी हुई है।

## कुएं में डूबने से सगे भाइयों की मौत, गांव में मातम

**एजेंसी। रांची**



रांची जिले के अनगड़ा थाना क्षेत्र के चंद्राटोली गांव में सोमवार सुबह दर्दनाक हादसे में दो सगे भाइयों की कुएं में डूबने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान सुखराम मुंडा (42) और विनोद मुंडा (35) के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों के अनुसार, विनोद मुंडा सुबह खेत जाने के दौरान सिंचाई कूप से पानी निकालने पहुंचा था। इसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और वह कुएं में गिर गया। भाई को डूबता देख सुखराम मुंडा उसे बचाने के लिए बिना देर किए कुएं में कूद पड़ा। हालांकि, बचाव का प्रयास दोनों के लिए जानलेवा साबित हुआ और दोनों की डूबने से मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार, विनोद मुंडा मिर्गी की बीमारी से पीड़ित था और अविवाहित था। ग्रामीणों ने बताया कि जिस सिंचाई कूप में हादसा हुआ, वह करीब 30 फीट गहरा है और उसमें लगभग 22 से 23 फीट तक पानी भरा हुआ है। यह कुआं मनरेगा योजना के तहत करीब दो वर्ष पहले बनाया गया था, लेकिन अब तक उसकी सुरक्षा के लिए मुंडेर का निर्माण नहीं कराया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि सुरक्षा इंतजामों में लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ। घटना की सूचना मिलते ही अनगड़ा थाना प्रभारी गौतम रजवार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से दोनों शवों को कुएं से बाहर निकाला गया और पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इधर, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए राज्य सरकार से उचित मुआवजा तथा आश्रितों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

## झारखंड हाई कोर्ट ने भूमि सर्वे मामले में विभागीय सचिव से 15 जुलाई तक मांगा शपथ पत्र




**एजेंसी। रांची**

झारखंड में चल रहे भूमि सर्वेक्षण को लेकर दायर जनहित याचिका पर सोमवार को झारखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए पूछा कि जब पिछली सुनवाई में विभाग के सचिव को व्यक्तिगत रूप से जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया गया था, तो उनकी जगह विभागीय अवर सचिव ने शपथ पत्र क्यों दाखिल किया। मुख्य न्यायाधीश एम.एस. सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए विभाग के सचिव को निर्देश दिया कि वे स्वयं 15 जुलाई तक शपथ पत्र दाखिल करें। अदालत ने यह भी कहा कि यदि पिछली सुनवाई के बाद इस मामले में कोई नई प्रगति हुई है, तो उसकी विस्तृत जानकारी भी शपथ पत्र में उपलब्ध कराई जाए। खंडपीठ ने राज्य सरकार से यह स्पष्ट करने को भी कहा कि झारखंड के सभी जिलों में भूमि सर्वेक्षण का कार्य कब तक पूरा हो जाएगा। अदालत ने इस संबंध में विस्तृत समय-सीमा प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 21 जुलाई को निर्धारित की गई है। इससे पहले जनहित याचिका दायर करने वाले गोकुल चंद की ओर से आज अदालत को बताया गया कि राज्य में अंतिम व्यापक भूमि सर्वे वर्ष 1932 में हुआ था। इसके बाद वर्ष 1980 से दोबारा सर्वेक्षण की प्रक्रिया शुरू की गई, लेकिन कई दशक बीत जाने के बावजूद यह कार्य अब तक पूरा नहीं हो सका है। याचिका में कहा गया है कि अधूरे सर्वे के कारण भूमि विवादों और प्रशासनिक समस्याओं में लगातार वृद्धि हो रही है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि झारखंड में भूमि सर्वेक्षण का कार्य जारी है। सरकार ने कहा कि लातेहार और लोहरदगा जिलों में सर्वे का काम पूरा हो चुका है, जबकि अन्य जिलों में प्रक्रिया विभिन्न चरणों में चल रही है। हालांकि, अदालत ने सर्वे कार्य की प्रगति और निर्धारित समय-सीमा को लेकर स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराने पर जोर देते हुए विभागीय सचिव से विस्तृत शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है।

## गुदड़ी थाना के एएसआई मनोज कुमार बोदरा का निधन, पुलिस महकमे में शोक

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के गुदड़ी थाना में पदस्थापित सहायक अवर निरीक्षक (एएसआई) मनोज कुमार बोदरा का सोमवार सुबह अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद निधन हो गया। उनकी तबीयत खराब होने पर तत्काल अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। इस अप्रत्याशित घटना से पूरे पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई। गुदड़ी थाना पुलिस के अनुसार, सोमवार तड़के एएसआई मनोज कुमार बोदरा की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उन्होंने इसकी सूचना गुदड़ी थाना प्रभारी सुदर्शन मिंज को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी उन्हें सरकारी वाहन से सोनुवा स्थित उप-प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर रवाना हुए, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में उनका निधन हो गया। स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। दिवंगत एएसआई मनोज कुमार बोदरा सोनुवा थाना क्षेत्र के मदंगजाहिर गांव के निवासी थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही उनकी पत्नी मंजू बोदरा, पुत्र, पुत्री तथा जिला पुलिस लाइन में कार्यरत उनके छोटे भाई संग्राम सिंह बोदरा अस्पताल पहुंचे। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पश्चिमी सिंहभूम के पुलिस अधीक्षक अमित रेनू ने एएसआई मनोज कुमार बोदरा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस विभाग ने एक कर्तव्यनिष्ठ और समर्पित अधिकारी को खो दिया है। उन्होंने बताया कि मृत्यु के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Rural Work Department Works Division Daltonganj**

**Short Notice Inviting e-quotation Notice No-01/2026-27 (4th Call)**

Government of Jharkhand through its Cabinet Secretariat and Vigilance Department is engaged in revision of Schedule of Rates and as part of this endeavor, quotations through e-tender are invited for rate of items/materials annexed as Annexure-1 for Construction Works from Quarry Owners/ Crusher owners/ Reputed Manufacturer/ authorized dealers/ Suppliers and other stakeholders authorized for respective items having valid GSTIN of materials. The rates conforming to specifications for inclusion in the Schedule of Rates for Government of Jharkhand to be used in different Civil construction/ infrastructure works and repair works shall be submitted online in the website Http://Jharkhandtenders.gov.in. Details of material and its Specifications are available on the above e-tender portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate of materials online from 30.06.26 at 10:30 hrs. to 09.07.26 at 16:00 hrs. The quotation will be opened on 11.07.26 at 11.30 Hours.

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Schedule of Rate.

**Terms and Condition** 1.The quotationer Shall Submit basic rate of material which will be inclusive of Royalty and other taxes but exclusive of GST.
2. The make and Specifications of various materials shall be governed by the relevant Indian Standard (IS) Codes and Specifications as issued by Central Public Works Department (CPWD)/ Concerned Department of Government of India.
3. Quotationer may quote rate for all the materials/ Part of the material for which they are concerned.
4. Manufacturers/ Producers or their authorized dealers shall quote their rate for material which is actually manufactured/produced/procured by them and the rate quoted for other materials shall not be acceptable.
5. The quotationer shall quote latest and authentic rate which shall reflect market rate.
6. The quotationer should have necessary Portal enrolment with their own digital signature Certificate. Quotationers without necessary portal enrolment with their digital signature may quote their rate by uploading in the website, however they have to submit hard copy of the same duly signed along with necessary documents in the concerned division.
7. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
8. The quotationer shall furnish GST registration no.
9. The undersigned reserves the right to accept or reject/ cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.
10. For any query or clarification you may Contact Executive Engineer R.W.D. Works Div. Daltonganj.

**Address for Communication :-** Executive Engineer Rural Works Department Works Div. Daltonganj Address –Court Cmound, Daltonganj
Mobile No - 9170538098 e- mail ID - **ee-pal@jharkhandmail.gov.in**

**Executive Engineer**
**R.W.D. Works Div.Daltonganj**

PR 383473 (District)26-27*D

### उपायुक्त ने की मत्स्य, पशुपालन और उद्यान विभाग की योजनाओं की समीक्षा



**एजेंसी। खूंटी**

समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त मो जावेद हुसैन की अध्यक्षता में सोमवार को मत्स्य, पशुपालन, गव्य विकास और उद्यान विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभागवार संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने अधिकारियों को सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी ढंग से पहुंचाने के निर्देश दिया। बैठक में जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला पशुपालन औरगव्य विकास पदाधिकारी एवं जिला उद्यान पदाधिकारी ने अपने-अपने विभागों की योजनाओं, उपलब्धियों और लंबित मामलों की जानकारी प्रस्तुत की। उपायुक्त ने लंबित कार्यों का जल्द निष्पादन सुनिश्चित करने और योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करने पर जोर दिया। मत्स्य विभाग की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के प्रभावी संचालन, मत्स्य उत्पादन बढ़ाने, मत्स्य पालकों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने, तालाबों के बेहतर उपयोग और स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने के निर्देश दिया गया। पशुपालन एवं गव्य विकास विभाग की समीक्षा में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, लाभुकों के पारदर्शी चयन, समय पर पशुओं के वितरण और योजनाओं का पूरा लाभ सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। साथ ही पशुओं के नियमित टीकाकरण, टैगिंग, स्वास्थ्य जांच और रोग नियंत्रण कार्यों में तेजी लाने और पशुपालकों को आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। उद्यान विभाग की समीक्षा के दौरान फल, फूल और सब्जी उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए लाभुक चयन, पौध उपलब्धता और योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर चर्चा हुई। उपायुक्त ने किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से पात्र किसानों को प्राथमिकता के आधार पर उद्यानिकी योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने, नियमित क्षेत्र भ्रमण करने और निर्धारित समय-सीमा के भीतर लक्ष्यों को पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में संबंधित विभागों के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

**कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी,पलामू**
**योध सिंह नामाधारी महिला कॉलेज के सामने, मेदिनीनगर, पलामू - 822101**

पत्रांक :दिनांक :

कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, पलामू
महिला कॉलेज के सामने, मेदिनीनगर, पलामू, – 822101

आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बीज, खाद एवं कीटनाशी की खरीद–बिक्री वैध अनुज्ञप्ति के बिना करना गैर–कानूनी है। खरीफ के मौसम में जिले में धान एवं अन्य फसलों के बीज की मांग तेजी से बढ़ जाती है। साथ ही खाद एवं कीटनाशकों की मांग में इजाफा होता है। इस स्थिति में व्यापारी/सामान्य राशन के दुकानदार बिना वैध अनुज्ञप्ति के बीज/खाद एवं कीटनाशक का व्यापार प्रारम्भ कर देते हैं। जिस कारण अमानक बीज, नकली खाद एवं प्रतिबंधित कीटनाशकों की बिक्री एवं जमाखोरी की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है।

अतः सभी आम नागरिकों, व्यवसायियों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों को सूचित किया जाता है कि बीज, खाद एवं कीटनाशकों का व्यवसाय हेतु वैध अनुज्ञप्ति जिला कृषि कार्यालय से प्राप्त कर लें। जॉच के दौरान बिना अनुज्ञप्ति के व्यापार करते पाये जाने पर सामान की जब्ती/प्रतिष्ठान को सील करते हुए बीज अधिनियम 1966, उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं कीटनाशक अधिनियम 1968 के तहत विधिक कारवाई की जाएगी।

नोट : घरेलु कीटनाशकों के व्यवसाय हेतु भी अनुज्ञप्ति जिला कृषि कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। बिना अनुज्ञप्ति के घरेलु कीटनाशकों का व्यापार करना पूर्णतः प्रतिबंधित एवं दण्डनीय अपराध है।

जिला कृषि पदाधिकारी पलामू

PR 383471 Agriculture(26-27)D

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**

**( अपहृता (1)शमीमा खातुन उम्र–16 वर्ष, (2)रुकसाना खातुन उम्र–18 वर्ष )**



मेराल थाना कांड सं0–119/26 दिनांक–01.06.26 धारा–137(2), 140(3) बी0एन0एस0 में अपहृता 1. शमीमा खातुन उम्र–16 वर्ष, पिता–अली हुसैन अंसारी, 2. रुकसाना खातुन उम्र–18 वर्ष, पिता–अख्तर अंसारी, दोनों सा0–बनखेता, थाना–मेराल, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाली है। थाना से प्राप्त आवेदन में उल्लेख किया गया है कि अपहृता शमीमा खातुन एवं रुकसाना खातुन का दिनांक–25.05.26 को अपहरण कर लिया गया है जो अबतक घर वापस नहीं आयी है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त दोनों अपहृता लड़की कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**अपहृता का विवरण/हुलिया :–**
1.नाम–शमीमा खातुन, लम्बाई–05 फीट 01 इंच, शरीर–समान्य, रंग–गोरा, पहनावा–हरा रंग का सलवार सूट।
2.नाम–रुकसाना खातुन रंग–गोरा, लम्बाई–05 फीट, पहनावा–लल रंग का सलवार सूट।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा

**PR 383591 Police(26-27).D**

**कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा**

**मत्स्य पालकों/मत्स्य कृषकों के लिए निजी जमीन पर बॉयोफ्लॉक तालाब निर्माण हेतु आवेदन आमंत्रण**

एतद् द्वारा गढ़वा जिले के मत्स्य पालकों/मत्स्य मित्रों/मत्स्य कृषकों को सूचित किया जाता है कि चालू वित्तीय वर्ष–2026–27 में विभागीय राज्यादेश संख्या–15 रा0 (वि0) दिनांक– 23.06.2026 के द्वारा "राज्य योजना तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना" के परिशिष्ट– VIII के आलोक में निजी जमीन पर 0.10 हेक्टेयर (एक यूनिट) के बायोफ्लॉक तालाब निर्माण (इनपुट सहित) हेतु भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत स्वीकृत ईकाई दर के अनुरूप मो0–14.00 (चौदह लाख रूपये) मात्र अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, महिला एवं सामान्य कोटि के लिए कुल– 04 यूनिट तालाब निर्माण की भौतिक लक्ष्य प्राप्त है, जिसकी विस्तृत विवरणी निम्न प्रकार है–

| क्र0 | योजना का नाम | कोटि | जलक्षेत्र | यूनिट | ईकाई लागत राशि (लाख में) | सरकार द्वारा देय अनुदान की राशि | लाभुक के अंशदान की राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बायोफ्लॉक तालाब निर्माण (इनपुट सहित) | अनुसूचित जनजाति | 0.10 हे0 | 1 यूनिट | 14.00 लाख प्रति यूनिट | 80% | 20% |
| | | सामान्य | 0.10 हे0 | 1 यूनिट | | 70% | 30% |
| | | अनुसूचित जाति | 0.20 हे0 | 2 यूनिट | | 80% | 20% |

उपरोक्त योजनान्तर्गत इच्छुक मत्स्य कृषक से आवेदन पत्र जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा से निःशुल्क प्राप्त कर पूर्णरूपेण भरकर कार्यालय कार्य अवधि में **दिनांक– 25.07.2026 तक** निम्न अहर्त्ताओं के अधीन जमा कर सकते हैं :–

**आवेदन हेतु अहर्त्ताएं :–**
1. जिन आवेदकों के घर के नजदीक इस योजना हेतु आवेदित जमीन है तथा पूर्व से मछली पालन के कार्य से जुड़े है, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।
2. बायोफ्लॉक तालाब निर्माण हेतु आवेदक द्वारा आवेदित भूमि समुचित एवं अविवादित होनी चाहिए। तत्संबंधी शपथ–पत्र आवेदन के साथ संलग्न करेंगे।
3. आवेदक के द्वारा आवेदित भूमि पहले से बैंक में किसी ऋण के एवज में बंधक नहीं हो, शपथ पत्र संलग्न करेंगे।
4. आवेदक द्वारा आवेदित भुखंड पर उनका वैध दखल–कब्जा वर्त्तमान में बरकरार है, अंचलाधिकारी स्तर से निर्गत भू–स्वामित्व प्रमाण पत्र/जमीनी प्रतिवेदन आवेदन के साथ संलग्न करेंगे।
5. इस योजना में तालाब निर्माण हेतु इकाई लागत 14.00 लाख निर्धारित है जिसमें सरकार का अनुदान अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, महिला कोटि के लिए 80 प्रतिशत् अर्थात 1120000/– रु0 तथा समान्य कोटि को 70% अर्थात् 980000/– रु0। लाभुक अंशदान क्रमश 20% अर्थात मो0– 2.80 लाख रूपये मात्र सामान्य कोटि के आवेदक के लिए 30% अर्थात मो0– 4.20 लाख रूपये मात्र निहीत है, अतएव आवेदक को आर्थिक रूप से सक्षमता संबंधी शपथ पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा कि आवेदक अपना अंशदान व्यय करने में सक्षम है।
6. आवेदक द्वारा आवेदित भुखंड पर किसी प्रकार का पूर्व से तालाब अथवा गड्ढे का निर्माण नहीं होना चाहिए।
7. आवेदन के साथ इस योजना हेतु आवेदित भुखंड का जियोटैग फोटो आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
8. आवेदन पत्र के साथ आधार व पैन कार्ड की स्व0–अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
9. आवेदक का NFDP Portal पर निबंधन संबंधी प्रमाण पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
10. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के आवेदक द्वारा जाति प्रमाण–पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

**PR 383484 Fish(26-27).D**

## संक्षिप्त समाचार



### तेलंगाना में जल्द खिलेगा कमल, 'डबल इंजन सरकार' का लक्ष्य: भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने कांग्रेस पर साधा निशाना

**हैदराबाद, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने तेलंगाना में पार्टी की सरकार बनने का भरोसा जताते हुए कहा कि राज्य में कमल खिलने का दिन अब दूर नहीं है। हैदराबाद के शमशाबाद में रंगारेड्डी ग्रामीण जिला भाजपा कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का आग्रह किया।

नितिन नवीन ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा ने संघर्ष और संगठन के दम पर सफलता हासिल की है और तेलंगाना में भी उसी मॉडल को अपनाते हुए पार्टी सत्ता तक पहुंचेगी। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार और कुशासन के आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता राज्य में डबल इंजन सरकार बनाने के लिए पूरी ताकत से जुटें। भाजपा अध्यक्ष ने दावा किया कि देशभर में भगवा विचारधारा मजबूत हो रही है और तेलंगाना भी जल्द इस बदलाव का हिस्सा बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ तभी मिलेगा, जब राज्य में भी भाजपा की सरकार बनेगी। नितिन नवीन ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि लंबे समय तक सत्ता में रहे लोगों ने शासन को केवल व्यक्तिगत लाभ का माध्यम बनाया। उन्होंने कहा, हम उन्हें स्पष्ट संदेश देना चाहते हैं कि आने वाले दिनों में भाजपा कार्यकर्ता इस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए सड़कों पर संघर्ष करने को तैयार हैं। हमने पश्चिम बंगाल में संघर्ष किया, त्याग किया, कठिन परिश्रम किया और अंततः वहां कमल खिलाया।

### निहंग विवाद में नया मोड़, हिमाचल पुलिस ने उत्तराखंड क्रांति दल के नेता पर दर्ज किया केस



**चमोली , एजेंसी।** उत्तराखंड में चमोली जिले के कर्णप्रयाग में निहंग सिख श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों के बीच हुए हिंसक विवाद मामले में एक नया मोड़ आ गया है। इस विवाद के बीच हिमाचल प्रदेश पुलिस ने उत्तराखंड क्रांति दल के नेता आशीष नेगी के खिलाफ सिख समुदाय पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। पोंटा साहिब निवासी परमजीत सिंह बंगा की शिकायत पर उत्तराखंड क्रांति दल के नेता आशीष नेगी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 299 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि उत्तराखंड क्रांति दल के नेता आशीष नेगी ने कर्णप्रयाग में स्थानीय लोगों और निहंगों के बीच हुए विवाद पर कथित विवादित टिप्पणी की थी। इससे सिख समुदाय के एक वर्ग में नाराजगी है। आरोप है कि आशीष नेगी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए कहा था कि अब उत्तराखंड में खालिस्तान आंदोलन चलाया जा रहा है।

भारतीय न्याय संहिता यानी बीएनएस की धारा-299 किसी भी वर्ग के नागरिकों की धार्मिक भावनाओं को आहत करने के मकसद से किए गए कृत्यों से संबंधित है। यह पिछली आईपीसी की धारा 295ए के समकक्ष है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पोंटा पुलिस ने अभी तक इस मामले में किसी को गिरफ्तार नहीं किया है। पुलिस संबंधित वीडियो की जांच कर रही है।

## अयोध्या राम मंदिर चंदा विवाद

# पिनाराई विजयन ने की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग

**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।** अयोध्या के राम मंदिर में श्रद्धालुओं के चढ़ावे में कथित वित्तीय अनियमितताओं का मामला अब राष्ट्रीय राजनीति का बड़ा मुद्दा बनता जा रहा है। इस विवाद में अब केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता और सीपीआईएम के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री विजयन भी कूद पड़े हैं। उन्होंने राम मंदिर चढ़ावा मामले की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। फेसबुक पर जारी अपने बयान में विजयन ने आरोपों को बेहद गंभीर बताते हुए कहा कि यह मामला



करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था और धार्मिक भावनाओं से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि जनता को यह जानने का पूरा अधिकार है कि मंदिर निर्माण और संचालन के लिए जुटाए गए चंदे का उपयोग किस प्रकार किया गया। विजयन ने आरोप लगाया कि राजनीतिक लाभ के लिए लोगों की आस्था का इस्तेमाल किया गया और इसकी आड़ में वित्तीय अनियमितताएं भी हुईं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी इस मामले पर जवाब देने की मांग की। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है, जिसने अब तक आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले को लेकर विपक्षी दल लगातार निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग कर रहे हैं।

**पिनाराई विजयन ने उठाए गंभीर सवाल :** सीपीआईएम के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री विजयन ने फेसबुक पोस्ट में वित्तीय गड़बड़ी की खबरों को 'बेहद गंभीर' बताया और कहा कि इनसे लोगों की आस्था और धार्मिक भावनाओं के गलत इस्तेमाल को लेकर चिंताजनक सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन लोगों ने राजनीतिक फायदे के लिए लोगों की आस्था का इस्तेमाल किया, उन्होंने इसकी आड़ में सुनियोजित तरीके से वित्तीय धोखाधड़ी भी की।

**चंदे का हिसाब जनता को बताया जाए :** विजयन ने दावा किया कि अयोध्या राम मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टियों के संघ परिवार से जुड़े संगठनों के साथ करीबी संबंध थे और कहा कि उनकी यह जिम्मेदारी है कि वे बताएं कि लाखों भक्तों से इकट्ठा किया गया पैसा कैसे खर्च किया गया।

**प्रधानमंत्री मोदी से भी मांगा जवाब :** उन्होंने कहा कि जनता को यह जानने का हक है कि चंदा कहां गया। विपक्ष के नेता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी इन आरोपों पर जवाब देने को कहा, क्योंकि उन्होंने राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अहम भूमिका निभाई थी। सीएम पिनाराई विजयन ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा आधिकारिक संसदीय अधिसूचना के जरिए बनाए गए ट्रस्ट पर अब शक के बादल मंडरा रहे हैं, जिससे जवाबदेही और पारदर्शिता जरूरी हो गई है।

### सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग तेज

विजयन के मुताबिक, मंदिर के फंड को लेकर चल रहा विवाद संघ परिवार की राजनीति के 'असली चरित्र' को दिखाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि लोगों की आस्था का इस्तेमाल न सिर्फ राजनीतिक मकसद के लिए, बल्कि पैसे कमाने के लिए भी किया गया। निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए विजयन ने केंद्र सरकार से सुप्रीम कोर्ट की सीधी निगरानी में उच्च-स्तरीय जांच का आदेश देने को कहा।

### एसआईटी जांच में अब तक आठ गिरफ्तार

उन्होंने आगे कहा कि सिर्फ स्वतंत्र और न्यायिक निगरानी वाली जांच ही सच का पता लगा सकती है, जवाबदेही तय कर सकती है और मंदिर प्रोजेक्ट में योगदान देने वाले लाखों भक्तों का भरोसा फिर से कायम कर सकती है। उनके आधिकारिक फेसबुक पोस्ट के जरिए की गई इन टिप्पणियों ने अयोध्या राम मंदिर के निर्माण के लिए इकट्ठा किए गए चंदे के प्रबंधन को लेकर चल रहे विवाद में एक नया राजनीतिक पहलू जोड़ दिया है।

### चढ़ावा चोरी में घिरे राम मंदिर ट्रस्ट को मिली बड़ी राहत, आरोपों पर ज्वैलर्स एसोसिएशन का यू-टर्न



**अयोध्या , एजेंसी।** अयोध्या के श्री राम मंदिर में चढ़ावे और दान को लेकर आरोपों में चौतरफा घिरे श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट को ज्वैलर्स एसोसिएशन की तरफ से बड़ी राहत मिल गई है। इंडिया बुलियन ज्वैलर्स एसोसिएशन (इब्जा) ने अपने लगाए आरोपों से यू-टर्न ले लिया है। इब्जा के नॉर्थ इंडिया हेड अनुराग रस्तोगी ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए साफ किया है कि संस्था या उनके द्वारा श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अथवा किसी भी व्यक्ति विशेष पर कोई आरोप नहीं लगाया गया है। मीडिया में चल रही विवाद की खबरों के बीच खुद सामने आते हुए रस्तोगी ने कहा कि वे किसी शिकायत या विवाद को लेकर खुद मीडिया के पास नहीं गए थे, बल्कि मीडियाकर्मी स्वयं जानकारी के लिए उन तक पहुंचे थे।

उन्होंने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के प्रति पूरी निष्ठा और विश्वास व्यक्त किया है। उन्होंने पूर्व में रसीद न मिलने जैसी भ्रामक जानकारियों और दावों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने न सिर्फ मौखिक रूप से इन दावों का खंडन किया, बल्कि सबूत के तौर पर ट्रस्ट द्वारा जारी की गई प्रामाणिक रसीदें भी वीडियो में दिखाईं।

## प्रेमिका के अपहरण के बाद कार में किया धमाका, प्रेमी की मौत

### चलती गाड़ी से कूदकर युवती ने बचाई जान

**तुमकुरु , एजेंसी।** कर्नाटक के तुमकुरु जिले से एक चौंकाने वाली और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक युवक ने अपनी पूर्व प्रेमिका के साथ आत्महत्या करने की साजिश रच डाली। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच लंबे समय से संबंध थे, लेकिन किसी बात को लेकर उनका रिश्ता टूट गया था। इससे नाराज युवक ने कथित तौर पर अपनी पूर्व प्रेमिका का अपहरण कर लिया और उसे कार में बैठाकर सुनसान इलाके में ले गया।

आरोप है कि युवक ने कार में पहले से ही बम लगा रखा था, ताकि दोनों की एक साथ मौत हो जाए। हालांकि, धमाका होने से पहले युवती किसी तरह कार से बाहर निकलने में सफल रही और उसकी जान बच गई। वहीं, कार में हुए जोरदार विस्फोट में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

दरअसल शनिवार को कर्नाटक के



तुमकुरु जिले में कल्लाम्बेला के पास एनएच-48 पर एक युवती के कथित अपहरण के बाद एक प्रेमी ने कार के अंदर देसी बम विस्फोट कर अपनी जान दे दी. महिला और टैक्सी चालक बाल-बाल बच गए, जबकि पुलिस ने घटनास्थल से एक और देसी बम बरामद किया. बता दें कि मृतक की पहचान 30 वर्षीय नागेंद्र के रुप में हुई। जो उतत्र कन्नड़ जिले के अंकोला का निवासी था। प्रारंभिक जांच में पता चाल की मृतक नागेंद्र और राम्या दोनों लगभग छह वर्षों से में थे। तो वहीं रम्या बेंगलुरु के संजय गांधी अस्पताल में ऑपरेशन थिएटर की असिस्टेंट टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत थी।

## तेलंगाना में उर्दू पढ़ाने पर बवाल, कांग्रेस का आरोप- भाजपा नेताओं ने स्कूल में प्रिंसिपल से की मारपीट

**हैदराबाद, एजेंसी।** कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. शमा मोहम्मद ने रविवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी से निजामाबाद जिले में उर्दू पढ़ाने को लेकर एक स्कूल के प्रिंसिपल के साथ कथित मारपीट करने वाले भाजपा नेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। डॉ. शमा मोहम्मद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक वीडियो साझा करते हुए दावा किया कि भाजपा से जुड़े कुछ लोग स्कूल परिसर में घुस गए और उर्दू पढ़ा रहे शिक्षक के साथ पुलिस की मौजूदगी में मारपीट की। उन्होंने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को टैग करते हुए संबंधित पुलिसकर्मियों को निलंबित करने और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि अब भाजपा को उर्दू भाषा से भी समस्या हो गई है। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' के नारे पर भी सवाल उठाया। यह घटना शनिवार को निजामाबाद जिले के आर्मूर स्थित भारथ चंद्र स्कूल में हुई। आरोप है कि कुछ स्थानीय भाजपा नेता स्कूल परिसर में पहुंचे और प्रिंसिपल आमेर खान के साथ मारपीट की। उनका आरोप था कि स्कूल में उर्दू को दूसरी भाषा के रूप में पढ़ाया जा रहा है। भाजपा नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि बच्चों को उर्दू गीत और धार्मिक सामग्री पढ़ाई जा रही है, जिस पर उन्होंने आपत्ति जताई।

### तेलंगाना बन रहा आरएसएस की प्रयोगशाला- अमजद उल्लाह

मामले पर मजलिस बचाओ तहरीक (एमबीटी) के नेता अमजद उल्लाह खान ने भी घटना की निंदा करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के शासन में तेलंगाना धीरे-धीरे आरएसएस की प्रयोगशाला बनता जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि निजामाबाद में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों पर लगातार हमले हो रहे हैं और पुलिस की कार्रवाई पक्षपातपूर्ण दिखाई दे रही है।

उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों को लगातार निशाना बनाए जाने और चुनिंदा पुलिस कार्रवाई से राज्य की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। साथ ही आरोप लगाया कि रेवंत रेड्डी सरकार की 'सॉफ्ट हिंदुत्व' की राजनीति देशभर में कांग्रेस के भविष्य को नुकसान पहुंचा रही है।

### क्या है पूरा मामला ?

प्रिंसिपल आमेर खान का आरोप है कि उनके और एक अन्य शिक्षक को पुलिस थाने ले जाया गया, जहां उन्हें काफी देर तक फर्श पर बैठाकर रखा गया। उनका कहना है कि उनके साथ मारपीट करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। आमेर खान ने बताया कि अभिभावकों की मांग पर स्कूल में उर्दू को दूसरी भाषा के रूप में शुरू किया गया था और इसके लिए एक शिक्षक की नियुक्ति भी की गई थी। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रबंधन उर्दू विभाग के लिए अलग ब्लॉक बनाने की योजना बना रहा था, लेकिन नए शिक्षक को इसकी जानकारी नहीं थी, इसलिए उन्होंने संयुक्त कक्षा ले ली। इस घटना के विरोध में विभिन्न संगठनों ने सोमवार को निजामाबाद बंद का आह्वान किया है।

## जलमग्न हुई मायानगरी मुंबई, अंधेरी सबवे बंद; कई इलाकों में ट्रैफिक प्रभावित



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में मानसून की धमाकेदार एंट्री ने जीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। जोरदार बारिश से शहर के कई इलाके पूरी तरह पानी में डूब चुके हैं। देर रात बारिश के चलते मुंबई की सड़कें तालाब बनती हुई दिखायी दे रही है। जलजमाव का सीधा असर शहर के ट्रैफिक पर भी होता हुआ नजर आया है, जिसके चलते आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**अंधेरी सबवे हुआ बंद:** मुंबई में हुई भारी बारिश के चलते अंधेरी अंडरपास पूरी तरह से पानी में डूब गया है, जिसके कारण सुरक्षा के लिहाज से इसे यातायात के लिए बंद करना पड़ा है। आपको बता दें कि मुंबई का अंधेरी सबवे अंडरपास एक ऐसा मार्ग है, जो शहर के पूर्वी हिस्से को पश्चिमी हिस्से से जोड़ता है। इस रास्ते से रोज हजारों गाड़ियों और लोगों की आवाजाही होती है। वैसे बारिश में अंधेरी सबवे का जलमग्न होना काफी पुरानी समस्या है।

**इन इलाकों पर दिखा सबसे ज्यादा असर:** रातभर हुई बारिश का सबसे ज्यादा असर अंधेरी, बांद्रा, खार, मालाड, गोरेगांव, जुहू और वर्सोवा सहित पश्चिमी उपनगरों में देखने को मिला। कई स्थानों पर सड़कें जलमग्न हो गईं, जिससे वाहन चालकों और पैदल यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर भी जलभराव के कारण वाहनों की गति धीमी रही और कई जगह ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रही।

**बारिश ने खोल दी बीएमसी प्रशासन की पोल:** मानसून शुरू होने से पहले बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के द्वारा जलभराव रोकने के लिए कई दावे किए गए थे। जिसके चलते शहर के कई नालों की सफाई अभियान भी चलाएं गए थे, लेकिन रात भरल हुई इस बारिश ने बीएमसी के सारे दावों की पोल खोल दी है।

## मुहर्रम जुलूस में जहरीला कैप्सूल बांटने का मामला, पुलिस कस्टडी में भेजा गया आरोपी फैयाज

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई की एक अदालत ने पुणे के रहने वाले फैयाज निसार प्रेमजी को सोमवार तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है. फैयाज निसार पर मुंबई में मुहर्रम जुलूस के दौरान शोक मनाने वालों के बीच चूहे मारने की दवा बांटने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था. फैयाज पुणे के विमान नगर इलाके के रहने वाला है. मुंबई पुलिस ने शनिवार को शहर के बायकुला इलाके में मुहर्रम के जुलूस के दौरान पेनकिलर के तौर पर जिंक फॉस्फाइड की गोलियां बांटने के आरोप में उसे गिरफ्तार किया था.



मुंबई के डीसीपी जयंत मीणा ने ईटीवी भारत को बताया कि 39 वर्षीय फैयाज निसार प्रेमजी बहुत पढ़ा-लिखा व्यक्ति है और उसके पास की डिग्री है. मीणा ने कहा कि मुंबई पुलिस ने उसके खिलाफ ब्क्हस की धारा 109, 110 और 123 के तहत हत्या की कोशिश का केस दर्ज किया है. डीसीपी के अनुसार, पुलिस जांच से पता चला है कि फैयाज 2019 और 2025 के बीच कई बार इराक और ईरान गया था.

**कैप्सूल से निकाला जिंक फॉस्फाइड:** पुलिस अधिकारी ने कहा, रिकॉर्ड बताते हैं कि वह पिछले साल सिर्फ 19 दिनों के अंदर तीन बार ईरान गया था. पुलिस अभी फैयाज के ईरान का बार-बार दौरा करने की सही वजह, क्या इसका किसी अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद समूह से संबंध है, और पिछले 15 दिनों में डोंगरी इलाके के एक गेस्ट हाउस में उसके रुकने की जानकारी की जांच कर रही है.

**जिंक फॉस्फाइड के 14,900 कैप्सूल बरामद:** मुंबई पुलिस ने आरोपी फैयाज को रंगे हाथों गिरफ्तार किया था और उसके पास से जिंक फॉस्फाइड के 14,900 कैप्सूल बरामद हुए थे. इन जहरीले कैप्सूल के सेवन से 10 से 12 युवक बीमार पड़ गए और उन्हें दक्षिण मुंबई के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है.

## जम्मू-कश्मीर में बड़ा सड़क हादसा

## सीआईएसएफ जवानों से भरी बस हुई दुर्घटनाग्रस्त, 8 जवान समेत 9 घायल



**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में रविवार को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवानों को ले जा रही एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में सीआईएसएफ के आठ जवानों और बस चालक समेत कुल नौ लोग घायल हो गए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों के अनुसार, यह दुर्घटना रविवार दोपहर रियासी जिले के ताराकोट इलाके के पास हुई। सीआईएसएफ की बस सुरक्षा कर्मियों को लेकर जा रही थी। इसी दौरान चालक का वाहन पर नियंत्रण बिगड़ गया, जिससे बस सड़क से फिसलकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

**अस्पताल में चल रहा इलाज :** हादसे में घायल तीन सीआईएसएफ जवानों को बेहतर इलाज के लिए नारायणा अस्पताल रेफर किया गया है, जबकि अन्य घायल जवानों और बस चालक का स्थानीय अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। इससे एक दिन पहले शनिवार को जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में भी एक भीषण सड़क हादसा हुआ था। भद्रवाह के बस्ती गांव के पास एक वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया था। हादसे में 60 वर्षीय जैतून बीबी और 65 वर्षीय इमाम दीन की मौत हो गई थी, जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए थे।

**दुर्घटना के प्रमुख कारण :** पुलिस के मुताबिक, पहाड़ी क्षेत्रों में खराब सड़कें, ओवरलोडिंग, तेज रफ्तार, खतरनाक तरीके से ओवरटेक करना और लापरवाही से वाहन चलाना सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण हैं। डोडा, किश्तवाड़, राजौरी, पुंछ, रामबन, उधमपुर और रियासी जैसे पहाड़ी जिलों में इस तरह के हादसे अक्सर सामने आते रहते हैं। यातायात विभाग ने इन क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा के लिए विशेष टीमें तैनात की हैं। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमित कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा पेट्रोल पंप संचालकों को बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों को ईंधन नहीं देने के निर्देश दिए गए हैं।

**विभाग चलाता है जागरूकता अभियान :** परिवहन विभाग समय-समय पर यातायात नियमों और उनसे जुड़े दंड को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाता है। नाबालिग के वाहन चलाते पाए जाने पर उसके अभिभावकों के खिलाफ जुर्माना, सजा और वाहन का पंजीकरण रद्द करने जैसी कार्रवाई का प्रावधान है। वहीं, गंभीर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस भी रद्द किया जा सकता है।

### तमिलनाडु के सीएम ने अपनी फिल्म के प्रोड्यूसर को बनाया स्पेशल रिप्रेजेंटेटिव, बढ़ा विवाद

**चेन्नई , एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय के एक फैसले पर राजनीतिक विवाद बढ़ता जा रहा है. उन्होंने अपनी फिल्म जननायकन के प्रोड्यूसर वेंकट के नारायण को दिल्ली में स्पेशल रेप्रेजेंटेटिव नियुक्त किया है. भाजपा, सीपीएम और अन्य दलों ने इस फैसले की आलोचना की है. कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री से दिल्ली में राज्य सरकार के विशेष प्रतिनिधि की नियुक्ति पर फिर से विचार करने का आग्रह किया है. पार्टी के राज्य सचिव एम. वीरपांडियन ने रविवार को इस मामले पर एक बयान जारी किया. उन्होंने कहा, ऐसी खबरें आई हैं कि बेंगलुरु के एक व्यवसायी वेंकट के नारायण, जिनका कर्नाटक में राजनीतिक प्रभाव है, उन्हें दिल्ली में तमिलनाडु सरकार का विशेष प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है. इस नियुक्ति ने तमिलनाडु में बहस छेड़ दी है और इसकी कड़ी आलोचना हो रही है. सीपीएम नेता ने कहा, जनता ऐसे व्यक्ति को दिल्ली में राज्य के विशेष प्रतिनिधि के रूप में स्वीकार नहीं करेगी जिसे तमिलनाडु के राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक परिदृश्य के साथ-साथ इसकी कला, साहित्य और संस्कृति की समझ न हो. इसलिए, सीपीआई की तमिलनाडु राज्य कार्यकारी समिति मुख्यमंत्री से अनुरोध करती है कि वे इस नियुक्ति पर पुनर्विचार करें ।



# विचार-मंथन

## संपादकीय

### वेनेज़ुएला भूकंप की त्रासदी ने दिया बड़ा संदेश, क्या भारत अगली आपदा के लिए तैयार है?

गुजरात के भुज से लेकर चमोली और उत्तरकाशी तक देश भूकंप की भीषण त्रासदी झेल चुका है। हमें इन घटनाओं से सबक लेकर व्यापक स्तर पर बचाव के उपाय अपनाने होंगे, ताकि भविष्य में इस तरह की प्राकृतिक आपदा से होने वाले नुकसान को कम किया जा सके ।दक्षिणी अमेरिकी देश वेनेजुएला में आए सात से भी अधिक तीव्रता के दो भूकंप के झटकों से हुई भारी क्षति ने पूरी दुनिया को झकझोर दिया है। इस त्रासदी का दायरा इतना बड़ा है कि हजारों नागरिक अब भी लापता हैं। फिलहाल पाँच सौ से अधिक लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि हजारों लोग घायल हुए हैं। जाहिर है कि जान-माल की इस भारी क्षति से देश की अर्थव्यवस्था को जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई आसान नहीं होगी ।गौरतलब है कि वेनेजुएला के नजदीक 'कैरिबियन प्लेट' और 'साउथ अमेरिकन प्लेट' आपस में मिलती हैं। बीते बुधवार को इन प्लेटों के पास भारी हलचल के कारण तीव्र भूकंप आया। भूगर्भ विज्ञानियों ने आगामी दिनों में देश में फिर से तेज भूकंप के झटके आने की आशंका जताई है। यह प्राकृतिक आपदा भारत समेत दुनिया के उन तमाम देशों को सचेत करने वाली है, जिन्हें भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील माना जाता है। हालांकि इनमें से कई देशों में भूकंपरोधी तकनीकों के जरिए बचाव के उपाय किए जा रहे हैं, लेकिन भारत में इस दिशा में कोई खास तैयारी धरातल पर नजर नहीं आती ।भारत की बात करें तो नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक यहां के 29 शहर भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील हैं। देश के 59 प्रतिशत भूभाग को भूकंप संभावित क्षेत्र माना गया है। सिस्मिक जोन-4 में आने वाले देश के सभी बड़े शहरों में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाके सबसे अधिक जोखिम में हैं। वहीं कोलकाता, बेंगलुरु, मुंबई और चेन्नई सिस्मिक जोन-3 श्रेणी में आते हैं ।भारतीय शहरों में तबाही का खतरा इसलिए भी अधिक है, क्योंकि यहां ज्यादातर इमारतें कमजोर हैं। हालांकि सरकार की ओर से भवन निर्माण में भूकंपरोधी तकनीक के इस्तेमाल पर लगातार जोर दिया जाता रहा है, लेकिन जमीनी स्तर पर बचाव के इन उपायों को आज भी गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। गुजरात के भुज से लेकर चमोली और उत्तरकाशी तक देश भूकंप की भीषण त्रासदी झेल चुका है। हमें इन घटनाओं से सबक लेकर व्यापक स्तर पर बचाव के उपाय अपनाने होंगे, ताकि भविष्य में इस तरह की प्राकृतिक आपदा से होने वाले नुकसान को कम किया जा सके।

*परिणामस्वरूप धैर्य, सहनशीलता और त्याग जैसी पारिवारिक जीवन की आवश्यक विशेषताएं कमजोर पड़ रही हैं। एक अन्य गंभीर पक्ष सांप्रदायिक अविश्वास और तथाकथित 'लव जिहाद' जैसे विवादों के संदर्भ में भी सामने आता है। जब प्रेम, विवाह या संबंधों का उपयोग छल, पहचान छिपाने, धार्मिक परिवर्तन, आर्थिक शोषण अथवा भावनात्मक उत्पीड़न के लिए किया जाता है,*

# भरोसे के रिश्तों के कत्ल से कांपता समाज

**(ललित गर्ग)**

मोबाइल संस्कृति और डिजिटल संसार ने इस संकट को और जटिल बनाया है। मोबाइल फोन, जो कभी दूरियों को समाप्त करने का माध्यम था, आज अनेक मामलों में षडयंत्र, छ्ल और अपराध का साधन बनता जा रहा है। सोशल मीडिया ने तुलना, उपभोगवाद, त्वरित सुख और आभासी संबंधों को बढ़ावा दिया है। पुणे के लोहगढ़ किले की ऊंची पहाड़ी से मंगेतर केतन अग्रवाल को धक्का देकर हत्या करने के आरोप में सिया गोयल की गिरफ्तारी ने पूरे देश को झकझोर दिया है। इससे पहले मेघालय में इंदौर के राजा रघुवंशी की हनीमून के दौरान कथित तौर पर पत्नी सोनम रघुवंशी द्वारा प्रेमी के साथ मिलकर की गई हत्या की घटना ने भी समाज को स्तब्ध किया था। ये घटनाएं केवल अपराध की श्रेणी में रखकर भुला देने योग्य नहीं हैं। ये उन मूल्यों, विश्वासों और रिश्तों की बुनियाद पर गहरा आघात हैं, जिन पर भारतीय समाज सदियों से खड़ा रहा है। भारतीय संस्कृति में विवाह केवल दो व्यक्तियों का संबंध नहीं, बल्कि दो परिवारों, दो संस्कृतियों और दो जीवन-दृष्टियों का मिलन माना गया है। विवाह को सात जन्मों का बंधन कहा गया है। ऐसे में यदि कोई पति, पत्नी, मंगेतर या प्रेमी एक-दूसरे को जीवन का साथी मानने के बजाय बाधा और कांटा समझने लगे, तो यह केवल व्यक्तिगत त्रासदी नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना के संकट का संकेत है। इतिहासराजा रघुवंशी और केतन अग्रवाल जैसे मामलों में सबसे अधिक विचलित करने वाला पक्ष यह है कि हत्याएं उन लोगों ने कीं, जिन पर सबसे अधिक विश्वास किया गया था। विश्वास का यह टूटना ही समाज को भयभीत करता है। किसी भी सभ्यता की शक्ति उसकी सैन्य या आर्थिक ताकत नहीं, बल्कि उसके रिश्तों में निहित भरोसा होता है। जब यह भरोसा टूटने लगता है, तब समाज भीतर से कमजोर होने लगता है। यह प्रश्न स्वाभाविक है कि यदि कोई युवती या युवक किसी रिश्ते से संतुष्ट नहीं है, तो क्या उसके सामने 'ना' कहने का विकल्प नहीं था? आधुनिक समाज ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता को पर्याप्त स्थान दिया है। सगाई तोड़ना, विवाह से इनकार करना, आपसी सहमति से अलग होना-ये सभी वैधानिक और सामाजिक विकल्प उपलब्ध हैं। फिर हत्या जैसी भयावह मानसिकता क्यों जन्म ले रही है? इस प्रश्न का उत्तर केवल कानून या पुलिस के पास नहीं है। इसके लिए समाजशास्त्रियों, मनोवैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, धर्माचार्यों और परिवार संस्थाओं को मिलकर मंथन करना होगा। आज का युवा एक ऐसे संक्रमणकाल से गुजर रहा है, जहां पारंपरिक मूल्य और आधुनिक जीवनशैली के बीच गहरा द्वंद्व मौजूद है। एक ओर परिवार की अपेक्षाएं हैं, दूसरी ओर व्यक्तिगत इच्छाएं। संवाद के अभाव में यह द्वंद्व कई बार मानसिक तनाव, विद्रोह और हिंसा का रूप ले लेता है। पिछले कुछ वर्षों में देश ने श्रद्धा वालकर हत्याकांड, निक्की यादव हत्याकांड, बेंगलुरु, दिल्ली और अन्य महानगरों में प्रेम-संबंधों से जुड़े अनेक जघन्य अपराध देखे हैं। इन घटनाओं ने स्पष्ट किया है कि प्रेम, विवाह और संबंधों को लेकर समाज में गहरी अस्थिरता एवं अविश्वास बढ़ रहा है। यह अस्थिरता केवल स्त्री या पुरुष तक सीमित नहीं है, दोनों पक्षों में हिंसक प्रवृत्तियां दिखाई दे रही हैं। मोबाइल संस्कृति और डिजिटल संसार ने इस संकट को और जटिल बनाया है। मोबाइल फोन, जो कभी दूरियों को समाप्त करने का माध्यम था, आज अनेक मामलों में षडयंत्र, छल और अपराध का साधन बनता जा रहा है। सोशल मीडिया ने तुलना, उपभोगवाद, त्वरित सुख और आभासी संबंधों को बढ़ावा दिया है। डिजिटल दुनिया में बने रिश्ते कई बार वास्तविक जीवन की जिम्मेदारियों और मर्यादाओं से कटे होते हैं। परिणामस्वरूप धैर्य, सहनशीलता और त्याग जैसी पारिवारिक जीवन की आवश्यक विशेषताएं कमजोर पड़ रही हैं। एक अन्य गंभीर पक्ष सांप्रदायिक अविश्वास और तथाकथित 'लव जिहाद' जैसे विवादों के संदर्भ में भी सामने आता है। जब प्रेम, विवाह या संबंधों का उपयोग छल, पहचान छिपाने, धार्मिक परिवर्तन, आर्थिक शोषण अथवा भावनात्मक उत्पीड़न के लिए किया जाता है, तब केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि समुदायों के बीच विश्वास का भी हनन होता है। यह आवश्यक है कि किसी भी प्रकार के संबंध पारदर्शिता, स्वेच्छा, समानता और ईमानदारी पर आधारित हों। पहचान छिपाकर, धोखे से अथवा किसी वैचारिक एजेंडे के तहत बनाए गए संबंध सामाजिक सौहार्द को चोट पहुंचाते हैं। लेकिन इस विषय पर संतुलित दृष्टिकोण भी आवश्यक है। कुछ घटनाओं के आधार पर किसी सम्पूर्ण समुदाय को दोषी ठहराना न केवल अन्यायपूर्ण है, बल्कि सामाजिक सद्भाव के लिए भी घातक है। भारत की शक्ति उसकी विविधता और सांप्रदायिक सौहार्द में निहित है। सदियों से विभिन्न धर्मों, जातियों और संस्कृतियों के लोग यहां पारस्परिक सम्मान और विश्वास के आधार पर साथ रहते आए हैं। अतः किसी भी अपराध को अपराधी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी के रूप में देखना चाहिए, न कि पूरे समुदाय की पहचान के रूप में। हमें प्रेम के नाम पर छल का विरोध करना चाहिए, लेकिन साथ ही सामाजिक सौहार्द और मानवीय एकता को भी अक्षुण्ण रखना होगा। आज सबसे बड़ी चुनौती परिवार संस्था को पुनः सशक्त बनाने की है। संयुक्त परिवारों के विघटन, महानगरीय जीवन, एकाकीपन और अत्यधिक व्यस्तता ने परिवार के भीतर संवाद को कम कर दिया है। माता-पिता और बच्चों के बीच संवादहीनता बढ़ रही है। बच्चों को भौतिक सुविधाएं तो मिल रही हैं, लेकिन भावनात्मक सुरक्षा और मूल्यपरक संस्कार कम होते जा रहे हैं। विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में केवल रोजगारपरक शिक्षा पर्याप्त नहीं है। वहां जीवन-कौशल, नैतिक शिक्षा, भावनात्मक संतुलन, संबंध प्रबंधन और पारिवारिक मूल्यों पर भी गंभीर कार्य होना चाहिए। युवा पीढ़ी को यह समझाना होगा कि प्रेम का अर्थ अधिकार नहीं-उत्तरदायित्व है, संबंध का अर्थ उपभोग नहीं-समर्पण है और मतभेद का समाधान हिंसा नहीं-संवाद है। धर्म और आध्यात्मिक संस्थाओं की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी धर्म प्रेम, करुणा, सत्य, अहिंसा और सह-अस्तित्व का संदेश देते हैं। यदि धार्मिक संस्थाएं युवा पीढ़ी को मानवीय मूल्यों, आत्मसंयम और संवाद की संस्कृति से जोड़ें, तो अनेक सामाजिक विकृतियों को रोका जा सकता है। आचार्य तुलसी, आचार्य महाप्रज्ञ, महात्मा गांधी और स्वामी विवेकानंद जैसे चिंतकों ने सदैव चरित्र, नैतिकता और आत्मानुशासन को समाज की आधारशिला माना। पुणे और मेघालय की घटनाओं ने हमें चेतावनी दी है कि यदि हम अभी नहीं चेते, तो रिश्तों का संकट और गहरा सकता है। आवश्यकता इस बात की है कि हम परिवार, समाज और राष्ट्र-तीनों स्तरों पर विश्वास की पुनर्स्थापना का अभियान चलाएं। परिवारों में संवाद बढ़े, युवाओं को निर्णय की स्वतंत्रता के साथ जिम्मेदारी का बोध कराया जाए, डिजिटल संस्कृति पर संयम हो और सामाजिक-सांप्रदायिक सौहार्द को मजबूत बनाया जाए। सभ्यता की पहचान ऊंची इमारतों, तकनीकी प्रगति और आर्थिक समृद्धि से नहीं होतीय उसकी पहचान इस बात से होती है कि वहां लोग एक-दूसरे पर कितना भरोसा करते हैं। यदि भरोसा टूट गया, तो समाज की आत्मा घायल हो जाएगी।

## पासपोर्ट फीस बढ़ी और नागरिकता पर सवाल

पासपोर्ट शुल्क में बढ़ोतरी और नागरिकता प्रमाण को लेकर छिड़ा विवाद आम लोगों, छात्रों और श्रमिकों के भविष्य पर गहरा असर डाल सकता है ।विदेश में उच्च शिक्षा ग्रहण करने, रोजगार पाने या फिर भ्रमण का सपना संजोने वाले लोगों को अब पासपोर्ट बनवाने के लिए अपनी जेब और अधिक ढीली करनी पड़ेगी। सरकार ने पासपोर्ट के आवेदन शुल्क में बढ़ोतरी कर दी है, जिसके तहत अब 36 पन्नों के सामान्य पासपोर्ट के लिए 1,500 रुपए की जगह 2,500 रुपए का भुगतान करना होगा, जबकि तत्काल सेवा के लिए 3,500 रुपए के बजाय 5,000 रुपए देने होंगे ।सरकार की ओर से शुल्क बढ़ोतरी का कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया गया है, लेकिन इसका असर निश्चित रूप से उन आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर पड़ेगा, जिनके बच्चों को विदेश में उच्च शिक्षा हासिल करने के अवसर मिलते हैं। साथ ही उन श्रमिकों पर भी अतिरिक्त बोझ पड़ेगा, जो विदेश में रोजगार के जरिए अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारना चाहते हैं। इसी के साथ पासपोर्ट को नागरिकता का प्रमाण न मानने को लेकर भी विवाद पैदा हो गया है। सड़कों से लेकर राजनीतिक गलियारों तक यह सवाल उठने लगा है कि आखिर नागरिकता साबित करने के लिए कौन सा दस्तावेज जरूरी है ।इसमें दो राय नहीं कि भारतीय विद्यार्थियों का विदेश जाकर उच्च शिक्षा ग्रहण करने में खासा रुझान देखा जाता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2025 में 12 लाख से अधिक भारतीय विद्यार्थी विभिन्न देशों में उच्च शिक्षा हासिल कर रहे थे, लेकिन अब इन छात्रों की संख्या में गिरावट देखी जा रही है।

# बड़ा मिशन लेकर सेशेल्स जा रहे हैं मोदी, हिंद महासागर में भारत का मास्टरस्ट्रोक देखेगी दुनिया

**(नीरज कुमार दुबे)**

हम आपको बता दें कि सेशेल्स 115 द्वीपों वाला छोटा द्वीपीय राष्ट्र है, लेकिन इसकी भौगोलिक स्थिति अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह मोजाम्बिक चैनल के निकट उन समुद्री मार्गों पर स्थित है, जहां से विश्व व्यापार का बड़ा हिस्सा गुजरता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 27 से 29 जून तक होने वाली सेशेल्स यात्रा हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की सामरिक सक्रियता और वैश्विक भूमिका को नई दिशा देने वाली महत्वपूर्ण कूटनीतिक पहल मानी जा रही है। सेशेल्स के राष्ट्रीय दिवस की स्वर्ण जयंती में मुख्य अतिथि के रूप में मोदी की भागीदारी यह संकेत देती है कि भारत अब हिंद महासागर में अपने मित्र देशों के साथ सुरक्षा, विकास और समुद्री सहयोग को और मजबूत करने की रणनीति पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। हम आपको बता दें कि सेशेल्स 115 द्वीपों वाला छोटा द्वीपीय राष्ट्र है, लेकिन इसकी भौगोलिक स्थिति अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह मोजाम्बिक चैनल के निकट उन समुद्री मार्गों पर स्थित है, जहां से विश्व व्यापार का बड़ा हिस्सा गुजरता है। इसी कारण अमेरिका, चीन और यूरोपीय शक्तियां भी इस क्षेत्र में प्रभाव बढ़ाने का प्रयास कर रही हैं। ऐसे समय में भारत का सेशेल्स के साथ संबंध मजबूत करना हिंद महासागर में शक्ति संतुलन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस यात्रा का सबसे बड़ा आकर्षण भारत द्वारा सेशेल्स तटरक्षक बल को एक तीव्र गश्ती पोत सौंपना है। इससे पहले भारत दो डोर्नियर विमान, कई गश्ती नौकाएं तथा तटीय निगरानी राडार प्रणाली भी सेशेल्स को प्रदान कर चुका है। भारतीय रक्षा कर्मियों की तैनाती और संयुक्त सैन्य अभ्यासों ने दोनों देशों के रक्षा सहयोग को नई ऊंचाई दी है। समुद्री डकैती, मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध मछली पकड़ने तथा अन्य अंतरराष्ट्रीय अपराधों से निपटने में सेशेल्स भारत पर भरोसा करता है। यही कारण है कि यह यात्रा हिंद महासागर में सामूहिक सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक निर्णायक कदम मानी जा रही है। हम आपको बता दें कि भारत की महासागर दृष्टि के अंतर्गत सेशेल्स को विशेष स्थान प्राप्त है। भारत अब केवल द्विपक्षीय संबंधों तक सीमित नहीं रहना चाहता, बल्कि वह पूरे हिंद महासागर क्षेत्र में एक भरोसेमंद सुरक्षा साझेदार की भूमिका निभा रहा है। सेशेल्स का कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन में पूर्ण सदस्य बनने का संकेत भी इसी व्यापक रणनीति का हिस्सा है। इस समूह में भारत, मालदीव, मॉरीशस और श्रीलंका पहले से शामिल हैं। यदि सेशेल्स भी पूर्ण सदस्य बनता है, तो हिंद महासागर में भारत के नेतृत्व वाली क्षेत्रीय सुरक्षा संरचना और मजबूत होगी। हम आपको बता दें कि मोदी और सेशेल्स के राष्ट्रपति पैट्रिक हरमिनी के बीच होने वाली वार्ता में रक्षा सहयोग के साथ ऊर्जा, स्वास्थ्य, डिजिटल शासन, समुद्री निगरानी और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे विषयों पर भी चर्चा होगी।

## आज का राशिफल

### मेष

आज आपके आर्थिक मामलों को बहुत ही ध्यान से संभालने की जरूरत है। आप किसी ऐसे खर्च को पहचान सकते हैं जो धीरे-धीरे बढ़ रहा था। अपने निवेश, टैक्स और बीमा से जुड़े कागजातों की समीक्षा करने के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। आपका यही व्यावहारिक नजरिया भविष्य में होने वाले तनाव से आपको बचाएगा।

### वृष

आज अपने करीबियों या परिवार के सदस्यों के साथ की गई आर्थिक बातचीत बहुत ही फायदेमंद साबित हो सकती है। भविष्य के लिए मिलकर बनाई गई योजनाएं आपको मजबूती देंगी। दिखावे या केवल आराम की चीजों पर फिजूलखर्च करने से बचें और लंबी अवधि की बचत पर ध्यान दें। आज टीम के साथ मिलकर काम करना आपके लिए बहुत महत्वपूर्ण रहेगा।

### मिथुन

आज आपको धन के मामलों में थोड़ा संभलकर चलने की जरूरत है। परिवार से जुड़े कुछ खर्चे या अचानक आने वाले भुगतान आपके सामने आ सकते हैं। बिना सोचे-समझे किसी को भी धन उधार देने से बचें। आज की गई बचत आपके भविष्य को और सुरक्षित बनाएगी।

### तुला

आज आप पूरी तरह व्यवस्थित योजनाओं पर ध्यान केंद्रित करेंगे, तो आपकी आर्थिक स्थिति में अच्छा सुधार होगा। केवल मन की बातों के आधार पर धन से जुड़ा कोई भी निर्णय न लें। आपकी पेशेवर सफलताएं धीरे-धीरे आपकी आय को और मजबूत बनाने में सहयोग देंगी। आपके करियर के मामलों पर आज विशेष ध्यान देने की आवश्यकता रहेगी।

### वृश्चिक

आज आपका मूड आपके आर्थिक निर्णयों पर असर डाल सकता है। जल्दबाजी या आवेश में आकर धन खर्च करने से पूरी तरह बचें। कोई भी खरीदारी या निवेश करने से पहले पूरी तरह तथ्यों और व्यावहारिक बातों पर ही भरोसा करें। कार्यस्थल पर होने वाले बदलावों को लेकर आज आप सामान्य से अधिक संवेदनशील महसूस कर सकते हैं।

### धनु

आज आपकी आर्थिक योजनाओं को आज एक बार फिर से गहराई से देखने की जरूरत पड़ सकती है। कुछ छिपे हुए खर्चे या अनदेखी बातें सामने आ सकती हैं। अपने बजट, बीमा के मामलों और लंबी अवधि के आर्थिक लक्ष्यों का मूल्यांकन करने के लिए आज का दिन बहुत अनुकूल है। आज आपको बहुत ही शांति से और अपनी रणनीतियों के अनुसार काम करने से लाभ मिल सकता है।

### कर्क

आज आप अपने धन प्रबंधन को और बेहतर बनाने के लिए प्रेरित महसूस कर सकते हैं। बजट बनाकर चलने से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज छोटी-छोटी बचत के लिए उठाए गए कदम आने वाले समय में बड़ा फायदा दे सकते हैं। मन के क्षणिक बहकावे में आकर कोई भी खरीदारी करने से पूरी तरह बचें।

### सिंह

आज आपको धन से जुड़े बहुत ही समझदारी भरे फैसले लेने में मदद करेगी। आपको बचत या निवेश से जुड़ी कोई अच्छी सलाह मिल सकती है। अपनी सूझबूझ पर भरोसा रखें, लेकिन किसी भी काम में जरूरत से ज्यादा धन एक बार में न फंसाएं। आपकी रचनात्मक सोच और दूसरों की भावनाओं को समझने की कला आज आपको कार्यक्षेत्र में आगे रखेगी।

### कन्या

मित्रों, समूहों या अपने पेशेवर नेटवर्क के साथ की गई आर्थिक चर्चाएं आज आपके लिए बहुत फायदेमंद साबित हो सकती हैं। बिजनेस या धन लाभ को लेकर कुछ नए विचार आपके सामने आ सकते हैं। किसी भी नए काम का वादा करने से पहले हर अवसर का बहुत ही बारीकी से अध्ययन अवश्य कर लें।

### मकर

आपके पेशेवर संपर्कों या सामाजिक दायरे के माध्यम से आज आर्थिक लाभ के कुछ अच्छे अवसर सामने आ सकते हैं। अनुभवी लोगों द्वारा दी जा रही सलाह पर जरूर विचार करें। कोई भी निर्णय लेने से पहले अपनी तरफ से भी अच्छे से जांच कर लेना बेहतर रहेगा। आपकी यही निरंतरता आपके आर्थिक विकास की कुंजी बनेगी। आज लोगों से संपर्क बढ़ना आपके लिए बहुत मूल्यवान साबित हो सकता है।

### कुंभ

आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार देखने को मिल सकता है। किसी भी तरह के जोखिम भरे कार्यों से पूरी तरह दूर रहें और केवल आजमाए हुए सुरक्षित तरीकों पर ही भरोसा करें। आपकी अच्छी प्लानिंग आपके भविष्य को और अधिक मजबूत बनाएगी। कार्यक्षेत्र में आज आपकी जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं, लेकिन इसके साथ ही आपको अच्छी पहचान भी मिलेगी। आपके नए विचार उच्च अधिकारियों का ध्यान अपनी ओर खींच सकते हैं।

### मीन

शिक्षा, यात्रा या अपने हुनर को और बेहतर बनाने से जुड़े कुछ खर्चे आज आपके सामने आ सकते हैं। नया ज्ञान सीखने के लिए किया जा रहा यह धन का निवेश आपको लंबे समय में बहुत अच्छे लाभ देगा। किसी भी नए अवसर का मूल्यांकन करते समय पूरी तरह व्यावहारिक बने रहें। आपके काम की प्रगति अभी थोड़ी धीमी लग सकती है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 6137


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 2 | | | | | 7 | 4 |
| | | | | 2 | 3 | | | 5 |
| 4 | | | | | | | | |
| | 6 | | | 3 | 4 | | | 7 |
| 2 | | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 | | 9 |
| 1 | | | 6 | 9 | | | 3 | |
| | | | | | | | | 8 |
| 8 | | | 5 | 6 | | | | |
| 7 | 4 | | | | | 3 | 2 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6136

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 4 | 3 |
| 4 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 | 1 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 3 | 2 | 8 | 5 |
| 2 | 8 | 7 | 3 | 1 | 5 | 4 | 9 | 6 |
| 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 2 | 1 |
| 1 | 4 | 5 | 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 7 |
| 9 | 7 | 2 | 8 | 5 | 6 | 3 | 1 | 4 |
| 5 | 1 | 8 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 | 2 |
| 6 | 3 | 4 | 2 | 7 | 1 | 9 | 5 | 8 |

## वर्ग पहेली 6137




**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 1876 को इस रचेता ने बंगाल के कांतल पाड़ा नामक गांव में वंदेमातरम् गीत की रचना की थी (सिर्फ नाम)(5)
4. यह मध्यप्रशांत महासागर में एक छोटा सा द्वीप है जिसकी राजधानी यारेन है (2)
6. इस्लाम धर्म को यह भी कहते है, दयनीय, निर्धन (2)
7. प्रकार, जेवर, गहना (3)
8. एक बहुलद्वीपीय राज्य इंडोनेशिया की राजधानी (3)
9. जून 1990 में यह देश सोवियत सेना से स्वतंत्र हो गया इसकी राजधानी बुडापेस्ट है (3)
10. दो अंक की सबसे छोटी संख्या (2)
11. राष्ट्र देश, मुल्क (3)
13. खोजबीन, ढूंढ-ढांढ (3)
15. आश्रय, शरण-छत्रछाया (3)
17. माता का वह दुलार जो उसकी संतान पर होता है (3)
18. दीर्घकाल, सुदुर भूतकाल (4)
19. आखेट, मिथुन चक्रवर्ती अभिनीत पहली फिल्म (1976) (3)
21. नूतन, नया, नवीन (3)
22. धन-संपत्ति, स्वर्ण (2)

**(ऊपर से नीचे**

1. विजित दास, अवबोधक स्वस्तिकार (4)
2. अन्न का टूटा हुआ दाना, कणी (3)
3. नेत्र, आंख, नयन (2)
4. नियुक्त करना, पदस्थ करना, भर्ती करना (5)
5. कमरा को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
7. रक्तवाहिनी नलिका, नस (2)
9. एक प्रकार का जलपक्षी (2)
10. गणित में इकाई का कम से कम मान (5)
12. प्रसिद्ध शायर अखलाक मुहम्मद खान का तखल्लुस या उपनाम (निधन 2012)(5)
14. आवासहीन, बेघरबार, आश्रयहीन (4)
16. हिंदी व बांग्ला फिल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री (3)
20. हाथी, लंबाई की एक प्राचीन नाम (2)

### वर्ग पहेली 6136 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | मे | रि | का | | सं | ता | न |
| मा | ल | वा | | न | वा | ज | |
| व | | ज | हां | गी | र | | अ |
| स्था | ह | | | ना | ना | रू | प |
| | की | क | ट | | | प | ना |
| | क | न | क | | म | ही | प |
| जा | त | | | | म | न | न |
| मा | न | | ज | न | ता | | |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# महिला टी-20 वर्ल्ड कप में सिर्फ दूसरी बार हुआ ऐसा



- **जब डिफेंडिंग चैंपियन को ग्रुप स्टेज से ही लौटना पड़ा घर**
- **न्यूजीलैंड महिला टी-20 वर्ल्ड कप 2026 से बाहर**

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 में न्यूजीलैंड का खराब सफर आखिरकार खत्म हो गया, क्योंकि 'द ओवल' में इंग्लैंड से हारने के बाद वे टूर्नामेंट से बाहर हो गए. इस हार के साथ ही यह टूर्नामेंट के इतिहास में सिर्फ दूसरी बार हुआ है जब डिफेंडिंग चैंपियन ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गया हो. टूर्नामेंट में खराब प्रदर्शन के कारण डिफेंडिंग चैंपियन न्यूजीलैंड महिला टी20 वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज से बाहर हो गया. 'द ओवल' में अपने आखिरी ग्रुप स्टेज मैच में इंग्लैंड से नौ विकेट से हारने के बाद वे टूर्नामेंट से बाहर हो गए.

**वर्ल्ड कप के इतिहास में दुर्लभ घटना** – न्यूजीलैंड टूर्नामेंट के इतिहास में ऐसा करने वाली दूसरी टीम बन गई है जब डिफेंडिंग चैंपियन ग्रुप स्टेज से बाहर हुए. 'ब्लैककैप्स' (न्यूजीलैंड टीम) से पहले, 2016 का टूर्नामेंट जीतने के बाद वेस्टइंडीज 2018 के एडिशन में ग्रुप स्टेज से बाहर हो गई थी. गौरतलब है कि 10 एडिशन में से ऐसा सिर्फ दो बार हुआ है।

**डैनी वायट-हॉज ने लगाई फिफ्टी** -इंग्लैंड की डैनी वायट-हॉज ने मैच में बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया और न्यूजीलैंड टीम को टूर्नामेंट से बाहर करने में अहम भूमिका निभाई. उन्होंने 53 गेंदों पर नाबाद 89 रन बनाए, जिसमें 15 चौके और एक छक्का शामिल था. सोफिया डंकली ने भी अहम योगदान दिया और 38 गेंदों पर नाबाद 49 रन बनाए. दूसरे विकेट के लिए दोनों के बीच 128 रनों की साझेदारी की बदौलत इंग्लैंड ने 164 रनों के लक्ष्य को 17.2 ओवर में चेज करके न्यूजीलैंड को नौ विकेट से हरा दिया। इससे पहले मैच में, इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को 163/6 पर रोक दिया, जिसमें मेली केर (42) बल्लेबाजी करने वाली टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी रहीं. डैनी गिब्सन ने दो विकेट लिए, जबकि लॉरेन बेल और फ्रेया केम्प ने एक-एक विकेट लिया।

**महिला टी20 वर्ल्ड कप का सेमीफाइनल** – इंग्लैंड और वेस्टइंडीज ग्रुप 2 से सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं, और बाकी दो सेमीफाइनलिस्ट का फैसला आज होगा. बांग्लादेश बनाम दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया बनाम भारत मैचों के नतीजों के आधार पर जगहें तय होंगी. ग्रुप स्टेज का आखिरी दिन तीन टीमों के लिए बहुत अहम साबित हुआ है, क्योंकि इससे 'लास्ट फोर' (अंतिम चार) में उनकी जगह तय होगी।

# आयरलैंड ने भारत को दूसरे टी20 में एक रन से दी मात

## पहली बार सीरीज जीतकर रचा इतिहास



**बेलफास्ट (एजेंसी)।** आयरलैंड ने भारत को दूसरे टी20 में एक रन से हराकर दो मैचों की टी20 सीरीज अपने नाम कर ली है. बेलफास्ट में खेले गए दूसरे मैच में मेजबान टीम ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 154 रन बनाए. जिसमें हैरी टेक्टर ने सबसे ज्यादा 47 गेंद में 56 रनों की पारी खेली. वहीं भारत की तरफ से अपना पहला टी20 मैच खेल रहे प्रिंस यादव ने सबसे ज्यादा 3 विकेट झटके. उन्होंने 4 ओवर में 22 रन देकर 3 विकेट के साथ अपना स्पेल खत्म किया. इसके अलावा अर्शदीप और दुबे को 2-2 विकेट मिले, जबकि हर्षित राणा एक विकेट लेने में सफल रहे।

154 रनों के जवाब में भारतीय टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 153 रन ही बना सकी. जिसकी वजह से उन्हें एक रनों से हार का सामना करना पड़ा. मैच में भारतीय बल्लेबाजी ने एक बार फिर सबको निराश किया ।

# इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने इंटरनेशनल क्रिकेट को कहा अलविदा

**लंदन (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रहे टेस्ट मैच में इंग्लैंड को एक बड़ा झटका लगा है. इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने इंटरनेशनल क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास की घोषणा कर दी है. इंग्लैंड टीम ने टेस्ट के चौथे दिन के खेल के बीच में यह जानकारी दी. इसके साथ ही स्टोक्स के 15 साल के करियर पर विराम लग जायेगा जिसमें वह 2019 वनडे विश्व कप फाइनल में इंग्लैंड की न्यूजीलैंड पर जीत के नायक रहे. वह टी20 विश्व कप 2022 जीतने वाली इंग्लैंड टीम के भी अहम सदस्य थे और उसी साल टेस्ट कप्तान बने थे। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के बाद नाइट क्लब घटना के बाद अनुशासनात्मक कारणों से 35 साल के इस ऑलराउंडर को दूसरे टेस्ट से बाहर रखा गया था।

**इंग्लैंड क्रिकेट ने क्या कहा** – इंग्लैंड क्रिकेट ने अपने बयान में कहा, 'इंग्लैंड के अब तक के सबसे महान कप्तानों में से एक, बेन स्टोक्स ने इस टेस्ट मैच के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है. बेन, आप इस टीम के लिए सबसे प्रेरणादायक कप्तान, लीडर और लेजेंड रहे हैं, जिसकी टीम कभी उम्मीद कर सकती थी. हम आपसे बहुत प्यार करते हैं और आपके रिटायरमेंट के लिए आपको शुभकामनाएं देते हैं।'



**स्टोक्स ने क्या कहा** – स्टोक्स ने एक भावुक वीडियो में कहा, 'कारणों पर बाद में बात हो सकती है, लेकिन मैंने इस टीम के लिए, आप लोगों के लिए और पहले के लोगों के लिए कई बार अपना सब कुछ झोंका है, और मुझे एक बार और ऐसा करना है. मैं बस यही चाहता हूं. हमें बहुत मेहनत करनी है, और मैं बस यही चाहता हूं कि नतीजे की परवाह किए बिना, मैं उस मैदान से यह जानते हुए बाहर निकलूं कि इस ग्रुप ने पिछले दो दिनों में अपना सब कुछ दिया है. मैं बस यही चाहता हूं कि हर कोई न केवल मेरे लिए, स्वार्थी होकर, बल्कि इस टीम के लिए भी अपना सब कुछ दे ।



## धीमी बल्लेबाजी, कमजोर पेस अटैक, इन 5 वजहों से महिला टीम का टी20 विश्व कप भारत बाहर

# बेटियों का सपना टूटा

**नई दिल्ली ।** पिछले साल वनडे विश्व कप जीतने के कारण महिला टी20 विश्व कप 2026 में भारतीय टीम से काफी उम्मीदें थीं। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम को खिताब का प्रबल दावेदार भी माना जा रहा था। हालांकि, रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली हार के साथ ही टी20 वर्ल्ड कप चैंपियन बनने का सपना एक बार फिर अधूरा रह गया।

- **मध्यक्रम की धीमी बल्लेबाजी:** भारतीय टीम को स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की जोड़ी ने कई मुकाबलों में ताबड़तोड़ शुरुआत दी, लेकिन मध्यक्रम की धीमी बल्लेबाजी टीम को काफी महंगी पड़ी। खासतौर पर जेमिमा रोड्रिग्स जरूरत से ज्यादा धीमी बैटिंग करती नजर आईं, जिसका खामियाजा भारतीय टीम को भुगतना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी जेमिमा ने 34 रन बनाने के लिए 28 गेंदें खेलीं। बीच के ओवरों में अधिक डॉट गेंदें खेलने का भी भारतीय टीम को नुकसान उठाना पड़ा। खुद कप्तान हरमनप्रीत का पूरे टूर्नामेंट में स्ट्राइक रेट 131 का ही रहा।
- **खराब फील्डिंग और कैच छोड़ना पड़ा भारी:** भारतीय टीम की टूर्नामेंट में फील्डिंग बेहद साधारण रही। खिलाड़ियों ने मुकाबले के कई अहम मौके पर कैच छोड़े। इसके साथ ही भारतीय फील्डर्स ने खराब फील्डिंग के कारण कई अतिरिक्त रन भी दिए, जो टीम को अंत में भारी पड़े। खराब फील्डिंग की वजह से भारतीय गेंदबाज विपक्षी टीम की बल्लेबाजों पर दबाव बनाने में नाकाम रहीं।
- **तेज गेंदबाजी दिखी बेअसर:** इंग्लैंड जैसी बेहतरीन परिस्थितियों में भी भारतीय तेज गेंदबाज विकेटों के लिए जूझती हुई नजर आईं। रेणुका सिंह ने



कुल 2 विकेट लिए और उनका इकोनॉमी 8.85 का रहा। वहीं, क्रांति गौड़ और नंदिनी शर्मा जैसी गेंदबाज भी बेअसर दिखाई दीं। श्री चरणी ने जरूर टूर्नामेंट में 14 विकेट चटकाए, लेकिन उन्हें तेज गेंदबाजों का साथ नहीं मिल सका।

- **जरूरत से ज्यादा स्पिनर्स पर निर्भरता:** भारतीय टीम इस विश्व कप में जरूरत से ज्यादा स्पिन गेंदबाजों पर निर्भर नजर आई। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी 19 ओवरों में से 14 ओवर स्पिन गेंदबाजों ने डाले। तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल परिस्थितियों में स्पिनर्स पर निर्भरता हरमनप्रीत एंड कंपनी को भारी पड़ी। टूर्नामेंट में भारतीय टीम द्वारा लिए गए कुल विकेटों में से 87 प्रतिशत विकेट सिर्फ स्पिनर्स ने चटकाए।
- **कप्तानी और बल्लेबाजी दोनों में बेरंग दिखीं हरमनप्रीत:** भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर के लिए यह टूर्नामेंट बल्ले और कप्तानी दोनों में कुछ खास नहीं रहा। ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका जैसी बड़ी टीमों के खिलाफ हरमनप्रीत की कप्तानी बेहद साधारण नजर आई। इसके साथ ही 5 मुकाबलों में वह बल्ले से सिर्फ 141 रन ही बना सकीं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 56 रनों की पारी को हटा दिया जाए, तो वह बाकी 4 पारियों में महज 85 रन ही बना पाईं।

## जेमिमा रिटायर आउट होने वाली भारत की दूसरी क्रिकेटर बनीं



### 1 महीने पहले यह खिलाड़ी लौटी थी पवेलियन

**नई दिल्ली ।** महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 में रविवार (28 जून) को लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ग्रुपए के अहम मुकाबले के दौरान भारत की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स रिटायर्ड आउट हुई। महिला टी20 क्रिकेट में वह रिटायर आउट होने वाली दूसरी भारतीय क्रिकेट बनीं। एक महीने पहले इंग्लैंड के खिलाफ द्विपक्षीय टी20 सीरीज में यास्तिका भाटिया रिटायर आउट हुई थीं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में भारत ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया। जेमिमा 20वें ओवर से पहले 28 गेंदों में 34 रन बनाकर रिटायर्ड आउट हुईं।

**हरमनप्रीत कौर की तूफानी पारी–** जेमिमा रोड्रिग्स की जगह आईं ऋचा घोष को सिर्फ एक गेंद खेलने को मिली। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी सबसे तेज हाफ सेंचुरी बनाते हुए आखिरी ओवर में लगातार तीन छक्के मारे। हरमन ने 27 गेंद पर 56 रन बनाए। भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 171 रनों का लक्ष्य दिया।

# दीप्ति शर्मा ने रचा इतिहास

## महिला क्रिकेट की सबसे सफल गेंदबाज बनीं, मूनी को आउट करके झूलन से निकलीं आगे

**नई दिल्ली ।** महिला टी20 विश्व कप में रविवार (28 जून) को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करो या मरो के मुकाबले में भारत की स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने बेथ मूनी का विकेट लेकर इतिहास रच दिया। वह महिला अंतराष्ट्रीय



क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गईं। उन्होंने दिग्गज खिलाड़ी झूलन गोस्वामी को पीछे छोड़ा। दीप्ति शर्मा के महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 356 विकेट हो गए। झूलन के 355 विकेट हैं। ऑस्ट्रेलिया की एलिस पेरी ने 336, इंग्लैंड की कैथरीन साइवर-ब्रंट ने 335, इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टन ने 333 और साउथ अफ्रीका की शबनिम इस्माइल ने 323 विकेट लिए हैं।

### दीप्ति शर्मा का करियर

दीप्ति शर्मा के टी20 क्रिकेट में 168 विकेट हैं। टेस्ट में 22 और वनडे में 166 विकेट लिए हैं। दीप्ति ने आयरलैंड के खिलाफ ओपनर फेबे मोलकेनबोअर को आउट करके झूलन गोस्वामी के रिकॉर्ड की बराबरी की थी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 170 रन बनाए। हरमनप्रीत कौर ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। भारत यह मैच 6 विकेट से हारकर सेमीफाइनल की रेस से बाहर हो गया।

# लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 के लिए क्रिकेट क्वालिफिकेशन सिस्टम को मिली मंजूरी

**लाजेन (स्विट्जरलैंड) (एजेंसी) ।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक कमिटी (आईओसी) ने लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक खेलों में क्रिकेट प्रतियोगिताओं के लिए क्वालिफिकेशन सिस्टम को मंजूरी दे दी है। आईओसी के एग्जीक्यूटिव बोर्ड (ईबी) की मंजरी के बाद लॉस एंजिल्स 2028




ओलंपिक खेलों में क्रिकेट प्रतियोगिताओं के लिए क्वालिफिकेशन सिस्टम अब जारी कर दिया गया है तथा सर्फ़िगं क्वालिफिकेशन सिस्टम में भी अपडेट किया गया हैं। 128 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी हो रही है, जहां पुरुष और महिला दोनों वर्गों में टी20 प्रारुप में 6-6 टीमें स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। प्रत्येक टीम में 15 खिलाड़ी होंगे। जो प्रशंसक इस रोमांच का हिस्सा बनना चाहते हैं, वे अगस्त में होने वाले अगले लॉस एंजिल्स 2028 टिकट सेल के लिए आधिकारिक रू-28 वेबसाइट पर साइन अप कर सकते हैं जिन लोगों ने अभी तक साइन अप नहीं किया है उनके लिए रजिस्ट्रेशन 22 जुलाई 2026 तक खुला रहेगा।

# कनाडा ने पहली बार फुटबॉल वर्ल्डकप का नॉकआउट मैच जीता

- **साउथ अफ्रीका को 1-0 से हराया, टॉप-16 में पहुंची, इंजरी टाइम में यूस्टाक्वियो का गोल**

**लॉस एंजिल्स (एजेंसी)।** कनाडा फुटबॉल वर्ल्ड कप 2026 के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई है। उसने सोमवार को साउथ अफ्रीका को 1-0 से हराया। कनाडा ने पहली बार इस टूर्नामेंट का कोई नॉकआउट मैच जीता है। अब उसका सामना 4 जुलाई को नीदरलैंड और मोरक्को के विनर से होगा। लॉस एंजिल्स स्टेडियम में सोमवार को खेले गए मैच के 90 मिनट तक कोई गोल नहीं आया। यहां तक दोनों टीमें 0-0 की बराबरी पर थीं। इसके बाद एलिस्टेयर जॉनस्टन ने



इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में डी के बाहर से गोल करके कनाडा को जीत दिला दी। उन्हें सुपीरियर प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। 74 साल और 79 दिन के ह्यूगो ब्रूस फीफा वर्ल्ड कप के नॉकआउट स्टेज में मैच कोचिंग करने वाले सबसे उम्रदराज कोच बन गए। उन्होंने ओस्कर तबारेज का रिकॉर्ड तोड़ा। तबारेज ने 2018 वर्ल्ड कप के क्वार्टर फाइनल में 71 साल की उम्र में उरुग्वे को कोच किया था।

## कनाडा के कोच जेसी ने प्लेयर्स को नेशनल हीरो बताया

मैच के बाद कनाडा के हेड कोच जेसी मार्श इमोशनल हो गए। उन्होंने मैदान पर खिलाड़ियों को नेशनल हीरो बताया। उन्होंने कहा कि वे देश के भविष्य के लिए प्रेरणा बन गए हैं। अब कनाडा में फुटबॉल का भविष्य और उज्ज्वल होगा।

## डेविस की वापसी से बढ़ी टीम की ताकत

स्टार डिफेंडर अल्फोंसो डेविस ने 75वें मिनट में चोट से वापसी की। उन्होंने मैदान पर उतरते ही प्रॉमिस डेविड के लिए शानदार मौका बनाया, हालांकि उसे गोल में नहीं बदला जा सका। आखिरकार यूस्टाक्वियो ने टीम को अतिरिक्त समय में जाने से बचा लिया।

## साउथ अफ्रीका ने किया कड़ा मुकाबला

साउथ अफ्रीका ने पूरे मैच में मजबूत रक्षात्मक खेल दिखाया और गोल होने तक कनाडा को लगातार रोके रखा। गोलकीपर रॉनवेन विलियम्स ने पांच शानदार बचाव किए, लेकिन अंतिम क्षणों में टीम को हार से नहीं बचा सके।

## दक्षिण कोरिया की रयू हेरान ने शानदार वापसी करते हुए जीती विमेंस पीजीए चैंपियनशिप

**मिनेसोटा (अमेरिका) (एजेंसी) ।** दक्षिण कोरिया की रयू हेरान ने 10- स्ट्रोक के भारी अंतर से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए केपीएमजी विमेंस पीजीए चैंपियनशिप अपना पहला मेजर खिताब जीता। हेजलटाइन नेशनल गोल्फ क्लब में रविवार को एलपीजीए की 2023 'रूकी ऑफ द ईयर' रयू ने पहले राउंड के बाद 10 शॉट्स से पिछड़ने के बावजूद जबरदस्त वापसी की। उन्होंने 1964 में कैरोल मान के बनाए टूर के इतिहास में सबसे बड़ी वापसी के रिकॉर्ड की बराबरी की और 13-अंडर 275 के स्कोर के साथ जीत हासिल की। उन्होंने अपनी ही देश की यूं इना को दो स्ट्रोक्स से हराया। इस जीत के साथ वह पिछले कम से कम 60 वर्षों में किसी मेजर में पहले राउंड के बाद 10 से अधिक शॉट्स के नुकसान से उबरकर खिताब जीतने वाली पहली गोल्फर बन गई है। आखिरी तीन राउंड में रयू का स्कोर 14-अंडर रहा, जो मिनेसोटा के हेजलटीन नेशनल गोल्फ़ क्लब में बाकी खिलाड़ियों से कम से कम छह शॉट्स बेहतर था।

# बारुण वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का प्रभारी मंत्री ने किया निरीक्षण

## पेयजल संकट के समाधान के लिए अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**निज संवाददाता | बारुण (औरंगाबाद)**

जिले में लगातार गहराते पेयजल संकट को गंभीरता से लेते हुए बिहार सरकार की प्रभारी मंत्री रमा निषाद ने सोमवार को औरंगाबाद विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह के साथ बारुण स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्लांट की कार्यप्रणाली, जल शोधन प्रक्रिया, जलापूर्ति व्यवस्था, मशीनों की स्थिति तथा चल रहे मरम्मत एवं सुधार कार्यों का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों और अभियंताओं से पेयजल आपूर्ति की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जिले के लोगों को स्वच्छ, सुरक्षित और निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पेयजल आपूर्ति व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता अथवा शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जहां कहीं भी तकनीकी खराबी, पाइपलाइन में रिसाव, मोटर या पंप संबंधी समस्या अथवा अन्य



बाधाएं हैं, उनका तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम लोगों को पेयजल संकट का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जलापूर्ति व्यवस्था की नियमित निगरानी की जाए तथा प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार वैकल्पिक व्यवस्था भी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में पेयजल की मांग बढ़ जाती है, इसलिए जल शोधन संयंत्र की क्षमता के अनुरूप अधिकतम जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी संसाधनों का प्रभावी उपयोग किया जाए। साथ ही जल की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए समय-समय पर उसकी जांच कराई जाए, ताकि लोगों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल मिल सके। निरीक्षण के दौरान औरंगाबाद विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने भी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पेयजल संकट का स्थायी समाधान निकालने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाकर तेजी से काम किया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कहीं भी पेयजल की समस्या नहीं रहनी चाहिए। जनता की सुविधा सर्वोपरि है और सरकार इस दिशा में पूरी गंभीरता एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शिकायत मिलने के बाद त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा जलापूर्ति व्यवस्था को पूरी तरह सुचारु रखा जाए। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों ने प्रभारी मंत्री एवं विधायक को वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट की वर्तमान जल शोधन क्षमता, प्रतिदिन होने वाली जलापूर्ति, पाइपलाइन नेटवर्क तथा चल रहे मरम्मत एवं विस्तार कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जलापूर्ति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक तकनीकी सुधार किए जा रहे हैं, जिससे आने वाले दिनों में लोगों को बेहतर पेयजल सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ने प्लांट परिसर की साफ-सफाई, मशीनों के रखरखाव तथा सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि संयंत्र का नियमित रखरखाव किया जाए और सभी मशीनों को पूरी क्षमता के साथ संचालित रखा जाए, ताकि किसी भी प्रकार की तकनीकी बाधा उत्पन्न न हो। अधिकारियों ने प्रभारी मंत्री को भरोसा दिलाया कि सरकार के निर्देशों के अनुरूप सभी आवश्यक कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरे किए जाएंगे। साथ ही पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग कर जिले के सभी प्रभावित क्षेत्रों में शीघ्र राहत पहुंचाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि सुधार कार्य पूर्ण होने के बाद जिले के लोगों को पहले की अपेक्षा अधिक सुचारु, स्वच्छ और निर्बाध पेयजल आपूर्ति उपलब्ध होगी।

## न्यूज बाइट्स

### करंट की चपेट में आने से भैंस की मौत

**दाउदनगर (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** दाउदनगर के नासरीगंज सोन पुल रोड पर रविवार को करंट की चपेट में आने से एक भैंस की मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में लोगों की भीड़ जुट गई और बिजली व्यवस्था की लापरवाही को लेकर नाराजगी देखने को मिली। घटना में पशुपालक को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। जानकारी के अनुसार, वार्ड संख्या-5 स्थित माली टोला निवासी सुरेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू यादव की भैंस रोज की तरह चरने के लिए सोन पुल रोड होते हुए सोन तटीय इलाके की ओर गई थी। इसी दौरान रास्ते में स्ट्रीट लाइट की अंडरग्राउंड विद्युत लाइन से करंट प्रवाहित होने के कारण वह उसकी चपेट में आ गई। तेज करंट लगने से भैंस ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि स्ट्रीट लाइट की अंडरग्राउंड केबल कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त होकर बाहर निकल आई है, जिससे लगातार दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। उनका कहना है कि कई बार संबंधित विभाग को इसकी जानकारी दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

# राम मंदिर ट्रस्ट में कथित अनियमितताओं की हो निष्पक्ष जांच : आनंद शंकर सिंह

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आनंद शंकर सिंह ने राम मंदिर ट्रस्ट में कथित वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े इस मामले में पूरी पारदर्शिता बरती जानी चाहिए और सभी तथ्यों को सार्वजनिक किया जाना चाहिए। आनंद शंकर सिंह ने कहा कि ट्रस्ट के सदस्यों की नियुक्ति केंद्र सरकार के संरक्षण में हुई है, इसलिए पूरे मामले में जवाबदेही भी तय होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी वर्षों से भगवान राम के नाम पर राजनीति करती रही है। पहले राम मंदिर निर्माण के लिए देशभर से चंदा एकत्र किया गया और अब मंदिर बनने के बाद श्रद्धालुओं द्वारा दिए जा रहे दान को लेकर भी कथित अनियमितताओं के आरोप सामने आ रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि जिस व्यक्ति ने



कथित वित्तीय गड़बड़ी का मामला सार्वजनिक किया, उसे ही उसके पद से हटा दिया गया, जिससे पूरे मामले पर संदेह और गहरा हो गया है। उन्होंने मांग की कि पूरे प्रकरण की स्वतंत्र एजेंसी से निष्पक्ष जांच कराई जाए, ताकि वास्तविक स्थिति देश के सामने आ सके। उनका कहना था कि यदि जांच समिति में ट्रस्ट से जुड़े लोग ही शामिल होंगे तो निष्पक्ष जांच की उम्मीद नहीं की जा सकती।

पूर्व विधायक ने आरोप लगाया कि राम मंदिर निर्माण के दौरान भूमि खरीद में भी पहले अनियमितताओं के आरोप सामने आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों की भी निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए, ताकि जनता के बीच किसी प्रकार का भ्रम न रहे। इस दौरान भरत तिवारी एनकाउंटर मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए आनंद शंकर सिंह ने इसे कथित पुलिसिया हत्या करार दिया। उन्होंने कहा कि यदि किसी घटना में पुलिसकर्मियों की भूमिका संदिग्ध है तो उसकी निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस को हमेशा कानून के दायरे में रहकर कार्य करना चाहिए।

# खनन विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

- **गुप्त सूचना पर ठाकुर बिगहा के पास छापेमारी, चालक व मालिक पर प्राथमिकी दर्ज**

**निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)**

अवैध बालू के उत्खनन और परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत खनन विभाग एवं दाउदनगर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध बालू से लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। यह कार्रवाई थाना क्षेत्र के ठाकुर बिगहा के समीप गुप्त सूचना के आधार पर की गई। जानकारी के अनुसार, औरंगाबाद के खान निरीक्षक कुमार प्रत्यूष और दाउदनगर थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर बालू लदे ट्रैक्टर को रोककर जांच की। जांच में बालू



के परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर ट्रैक्टर को जब्त कर दाउदनगर थाना लाया गया। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर चालक एवं वाहन मालिक के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# नशेड़ियों के निशाने पर बिजली के तार

**दाउदनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.)** दाउदनगर शहर में नशे की लत से जुड़ी आपराधिक गतिविधियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। अब नशेड़ियों ने बिजली के तांबे के तारों को अपना नया निशाना बना लिया है। शहर के विभिन्न इलाकों में मीटर से लेकर बिजली के पोल तक लगे तार काटकर चोरी किए जाने की घटनाओं से लोगों में दहशत और चिंता का माहौल है। जानकारी के अनुसार, पिछले कई दिनों से पुराना शहर के वार्ड संख्या-9 स्थित गड़ही क्षेत्र तथा कबाड़ा दुकान के पीछे बने नए मकानों से बिजली के तांबे के तार चोरी किए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नशे की लत पूरी करने के लिए असामाजिक तत्व इन घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। मौका मिलते ही वे बिजली के तार काटकर फरार हो जाते हैं, जिससे लोगों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है।

# माय प्लेनेट प्ले स्कूल में आधुनिक शिक्षण उपकरणों का शुभारंभ, खेल-खेल में होगा बच्चों का सर्वांगीण विकास

**निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)**

ओबरा प्रखंड मुख्यालय स्थित माय प्लेनेट प्ले स्कूल में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अत्याधुनिक शिक्षण उपकरणों और वातानुकूलित कक्षाओं का शुभारंभ समारोहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद सदस्या रूपांजलि कुमारी, जिला परिषद प्रतिनिधि शिव प्रकाश यादव, पूर्व प्रधानाध्यापक अजीत कुमार, विद्यालय के निदेशक अभिषेक कुमार तथा प्राचार्य हेमराज प्रसाद गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्या रूपांजलि कुमारी ने कहा कि बच्चों का भविष्य उनके सीखने के वातावरण पर निर्भर करता है।

# संत कबीर जयंती पर सेमिनार का आयोजन

**निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)**

दाउदनगर के यूनिटी कार्यालय रेपुरा के सभागार में जनवादी लेखक संघ औरंगाबाद ईकाई और यूनिटी रेपुरा के तत्वावधान में संत शिरोमणि कबीरदास की जयंती के अवसर पर सोमवार को 'कबीरदास के काव्य में जन चेतना' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। अध्यक्षता जलेस जिला उपाध्यक्ष श्रीनिवास मंडल ने की, जबकि संचालन अंबुज कुमार (प्रधानाध्यापक) ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कबीरदास के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।मौके पर मौजूद बतौर मुख्य अतिथि अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक गौरी शंकर यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संत कबीर मध्यकालीन अंधकार युग में प्रकाश पुंज बनकर अपने काव्य के माध्यम से जनता को सचेत कर रहे थे।

उनका संग्रह बीजक के रूप में संकलित है। कहा कि साखी शब्द रमैनी के माध्यम से कबीर ने तत्कालीन सामाजिक समस्याओं पर प्रहार किया। वे पढ़े लिखे नहीं थे, लेकिन उनके दोहे समाज को दिशा दिखा रहे थे।

